ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावन कृष्ण पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 04 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-258 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



'अधूरा' के सेट से वापस कमरे में आने में... पेज 10 पर



**NEWS इन ब्रीफ**

## चोरी हुई बाइक 36 घंटे में पुलिस ने की बरामद

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर मुख्य पथ स्थित भाई बिगहा रेलवे क्रॉसिंग के पास कुर्बान अंसारी के घर के सामने खड़ी शुक्रवार के दोपहर चोरी हुई पैशन प्रो बाइक जेएच 03 वाई 3737 बाइक शनिवार की रात बरामद हो गई है। कुर्बान अंसारी के पुत्र सुहैल अंसारी ने हैदरनगर थाना में लिखित आवेदन देकर बाइक चोरी की घटना की जानकारी दी थी। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हैदरनगर के सीसीटीवी कैमरों को शनिवार को खंघालना शुरू किया। बचे हुए कैमरों को रविवार को खंगालना बाकी था। शनिवार की रात्रि गश्ती के दौरान थाना प्रभारी के गश्ती वाहन को देख बाइक चोर सड़क किनारे बाइक छोड़ कर फरार हो गए। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि चोरी हुई बाइक का वह पता लगाने में जुटे थे। रात्रि गश्ती के दौरान चोरी की पैशन प्रो बाइक जेएच 03 वाई 3737 शोरघटिया नदी के पुल के पास से बरामद की। आस पास बहुत खोज बीन करने पर भी कोई नहीं मिला। उन्होंने बताया कि बाइक चोर का पुलिस पता कर रही है।

## गुरुचर्चा आत्मज्ञान को विश्वकल्याण हेतु विस्तारित करता है : अविनाशदेव

**मेदिनीनगर।** सोमवार गुरुपूर्णिमा के अवसर पर पाटन प्रखण्ड के लोइन्गा तोला मतंगवां ग्राम में शिवचर्चा का आयोजन किया गया। जहाँ इलाके की सैकड़ों गुरु बहनों ने चर्चा में भाग लिया। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर वरिष्ठ गुरुभाई गोकुलानंद तिवारी जी को फूलमाला पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। अपने चर्चा में उन्होंने कहा मुक्ति का मार्ग चर्चा है, चर्चा लोकसभा में हो विधानसभा में हो कि ग्राम सभा में हो या फिर घर में हो। जिस दिन आप चर्चा नहीं करते हैं उस दिन आप अपने लोगों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं।

खबर का हुआ असर

# विधायक प्रतिनिधि की पहल से सीएचसी में उपलब्ध होगी एंटी रैबीज दवा

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** सोमवार को विश्रामपुर नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने विश्रामपुर सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर लिली स्टेलापुर्ती से मुलाकात कर उनसे आग्रह करते हुए,रविवार को भी इमरजेंसी सेवा में एंटी रैबीज कि दवा मरीजों के लिए उपलब्ध कराने कि बात कही। जिस पर प्रभारी ने सकारात्मक विचार के साथ उनकी बातो को अमल में रखते हुए उन्हे आश्वस्त किया कि अब से हर दिन कि भाती रविवार को भी एंटी रैबीज की दवा विश्रामपुर सीएचसी में मरीजों को उपलब्ध करायी जाएगी। गौरतलब है कि रविवार को एक छोटी बच्ची को एक आवारा कुत्ते ने काट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। जिसे परिजन एंटी रैबिज डोज के लिए विश्रामपुर सीएचसी में लेकर आए थे। जहां चिकित्साकर्मियो ने रविवार होने का हवाला देते हुए बच्ची को एंटी डोज देने से मना कर दिया था। जिसकी खबर राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से छापी थी। जिससे आहत होकर आज विधायक प्रतिनिधी इस का कारण जानने सीएचसी पहुंचे । मौके पर डॉक्टर एमएम प्रसाद, डाक्टर धीरज कुमार, बीपीएम पंकज पाण्डेय, विनोद तिवारी, राजेंद्र सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।



# विश्रामपुर में पिछले 48 घंटो से बिजली का ब्रेक डाउन

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद क्षेत्र में पिछले 48 घंटो से बिजली ब्रेक डाउन है। जिससे लोगो की परेशानी बढ़ गई है। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी कि माने तो मामूली फोल्ट के कारण पिछले 48 घंटो से बिजली आपूर्ति पूरे शहर में बाधित है। किंतु फोल्ट कहां और किस पोल पर है इसका पता लगाने हेतु युद्ध स्तर से बिजली विभाग के कर्मचारी लगे हुए है। मौके पर बिजली विभाग के प्रमोद वर्मा, आगम दास, सुनील यादव, सुखड़ी यादव, दिलीप दास, मिथलेश राम सहित कई बिजली कर्मी मौजूद थे।



## अजाप्टा प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अजाप्टा प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड के सिंदुरिया गांव में संस्थापक सदस्य शंकर पासवान के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता जुबैर अंसारी व संचालन सचिव निर्मल कुमार ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे व संयुक्त सचिव विनय कुमार मांझी भी उपस्थित थे। प्रखंड सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि अजाप्टा हुसैनाबाद गुणात्मक शिक्षा का पक्षधर है।आदर्श नीति और नैतिक मूल्यों को लेकर गतिमान रहा है, लेकिन पीड़ा भी है कि सीमित संसाधनों में बेहतर शैक्षणिक परिणाम देने वाले शिक्षक आज भी विभागीय अधिकारियों के असहयोगात्मक रवैये से अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड की तरह अन्य प्रखंडों में भी माह जुलाई की वेतन वृद्धि और सेवा सत्यापन कैंप लगाकर होनी चाहिए। प्रत्येक वर्ष होनेवाले सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्त पावना का भुगतान प्रखंड कार्यालय में हो,यह सुनिश्चित होना चाहिए। सेवानिवृत्त शिक्षकों को अनापत्ति प्रमाण पत्र के नाम पर कनीय अभियंता आशीष कुमार द्वारा भयादोहन किया जा रहा है, शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनके द्वारा किए जा रहे ऐसे अवैधानिक कार्यों की तीव्र भर्त्सना की गयी। संयुक्त सचिव विनय कुमार मांझी ने कहा कि जिला स्तरीय मांगों पर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से पत्र निर्गत करने की त्वरित पहल करेंगे। जिला अध्यक्ष सुधीर दूबे ने कहा कि आपसबों ने मुझे जो दायित्व सौंपा है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।इस संबंध में द्वय शिक्षक प्रतिनिधियों को ज्ञापन भी दिया गया। इसी गांव के निवासी पंचायत प्रमुख राज कुमारी देवी से भी शिष्टाचार मुलाकात की गयी और उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई, इस पर उनका सकारात्मक आश्वासन मिला। धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार गुप्ता सोशल मीडिया प्रभारी ने किया। इस कार्यक्रम में अन्य शिक्षकों में वरीय शिक्षक रंजीत कुमार , गिरिवर राम, सुरेंद्र प्रसाद, इकबाल अहमद, जितेंद्र राम, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, महेंद्र बैठा, अरुण कुमार चौधरी, सचिव हैदरनगर सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# भीमबराज से मुख्य नहर में 600 क्यूसेक पानी छोड़ा

**भीमबराज में पूरी क्षमता 2.27 मीटर के अतिरिक्त पानी का संग्रहण किया गया है**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** खरीफ मौसम में भीमबराज से मुख्य नहर में सोमवार की सुबह फिलहाल 600 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे पहले नारियल फोड़ा गया और मिठाई बांटी गई। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश के अलावा कनीय अभियंता दिलीप कुमार, राजकुमार, राकेश रंजन, विनोद कुमार, हार्डवेयर एंड टूल्स कंपनी के साइट इंचार्ज विकास शर्मा, विभागीय और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी उपस्थित थे। बताया गया कि भीमबराज में पूरी क्षमता 2.27 मीटर के अतिरिक्त पानी का संग्रहण किया गया है। मांग के अनुरूप मुख्य नहर में आगे भी पानी छोड़ा जाता रहेगा। 500 क्यूसेक पानी कोयल नदी में भी प्रवाहित किया जा रहा है। भीमबराज और मुख्य नहर के फाटकों के संचालन का काम हार्डवेयर एंड टूल्स कंपनी की ओर से कंट्रोल रूम में तैयार रिमोट कंट्रोल पैनल से शुरू हो गया है।

## जेएमएम कार्यकर्ताओं ने अंचलाधिकारी की करतूतों की निंदा की

**पाटन।** जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अंचलाधिकारी अपना पुराना रवैया फिर से नहीं अपनायें। आम ग्रामीण जनता ब्लॉक के चक्कर काटते काटते परेशान हो रही है। जो किसी हाल में जेएमएम कार्यकर्ता मंजूर नहीं करेंगे। अंचलाधिकारी ने कर्मचारियों पर कोई लगाम लगाकर नहीं रखी है। कर्मचारी के द्वारा फर्जी काम कर पैसे की उगाही कर रहे हैं। ग्रामीण जनता कर्मचारियों की करतूत से त्रस्त है आपस में लड़ाई झगड़ा होने की संभावना हर समय बनी रहती है। इस पर प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि अगर अंचल की कार्यशैली में सुधार नहीं होता है तो अंचला अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सरकार को पत्र देकर अवगत कराया जाएगा। पुनः अंचल कार्यालय में बिचौलिया हावी हो रहे हैं। राजस्व उपनिरीक्षक अपना-अपना घर को कार्यालय बनाकर चला रहे हैं। जो कि ग्रामीण क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों का काम करना है। राजस्व कर्मचारियों की मनमानी से ग्रामीण जनता अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने पर मजबूर हो जा रही है। जल्दी स्थिति में सुधार अंचलाधिकारी के द्वारा नहीं होती है तो अंचलाधिकारी के खिलाफ झामुमो आंदोलन करने पर मजबूर हो जायेगा।

## कांग्रेस महानगर कमिटी की हुई बैठक

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित परिसदन के सभागार में कांग्रेस के महानगर कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक हुआ। महानगर कमेटी के विस्तार एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कार्यकताओं को पार्टी हित में काम करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को आम जनों तक पहुंचाने की दिशा में सक्रियता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

# पेंशन समस्या व कारगिल विजय दिवस पर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक कार्यालय में पेंशन धारियों की पेंशन संबंधित समस्याओं के निदान एवं आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने की तैयारी को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने की,जबकि संचालन सूबेदार अशरफी पाल ने किया। संगठन के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार क्षेत्र के सभी पेंशन भुक्त भोगियों की समस्या समाधान एवं पूर्व की भांति कारगिल विजय दिवस मनाने पर पूर्व सैनिकों के बीच चर्चा की गई। सभी पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस सैनिकों का महापर्व को जैसे सभी सैनिकों ने लड़ाई लड़करजीती है। जिसमें कितने हमारे वीर सैनिक अपनी जान की कुर्बानी भी दे दी है। इसे सभी ने हर हाल में मनाने की सहमति प्रदान की । वहीं पेंशन समस्या के निदान के लिए झरगड़ा निवासी पूर्व सैनिक सिपाही अवध माली को पेंशन कम मिल रही है। दस्तावेजों को जांच करने पर पता चला कि ओआरओपी एवं सातवां वेतन मान लागू न होने के कारण पेंशन कम मिल रही है। इसको लागू कराने हेतु आर्मी हेडक्वार्टर बेंगलुरु को पेंशन अधिकारी के द्वारा पत्राचार किया गया। वहीं ऐसे कई पेंशन की समस्याओं का समाधान किया गया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी दस्तावेजों को जांच करते हुए स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक से संपर्क बनाकर वीर नारी शिव पति देवी के नाम अकाउंट खोलने का आग्रह किया एवं पूर्व सैनिक सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर को इस कार्य की जिम्मेवारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अनुमंडल क्षेत्र के किसी भी विभागीय पेंशनधारी का पेंशन संबंधित समस्या निदान करने में यह कार्यालय अभी तक सक्षम रहा है। सभी पूर्व सैनिक किसी भी विभाग के पेंशनधारियों की पेंशन समस्या दूर करने के लिए वचनबद्ध हैं ।इस बैठक में पूर्व सैनिक सूबेदार रामटहल मेहता , सूबेदार महाराज सिंह, सूबेदार दिलीप मेहता , सूबेदार उदित सिंह , सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर, हवलदार अशरफी पाल , हवलदार प्रसाद सिंह , अवध माली के अलावे कई लोग मौजूद थे।




छापामारी दल में पुलिस बल के कई जवान थे शामिल

# अवैध शराब निर्माण का पुलिस ने किया भंडाफोड़ ,एक गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पिरोजी गांव में अवैध अंग्रेजी शराब बनाने के कारोबार का पुलिस ने सोमवार को उद्भेदन किया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस ने पिरोजी गांव स्थित एक ईंट करकट के मकान में छापामारी कर 70 कार्टून में अवैध देशी शराब, ब्लू रंग का 9 गैलन में 360 लीटर स्प्रिट, बॉटलिंग पंचिंग मशीन, प्लास्टिक का खाली बोतल, ढक्कन, रॉयल ब्लू वाइन का स्टीकर 50 सीट, शराब पैक करने वाला 300 गता तथा एक लाल काला रंग का टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया है। साथ ही मौके से शहर के वैद्य बिगहा निवासी रमन पासवान का पुत्र मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। मालूम हो कि जिस मकान से उक्त सभी सामग्री जप्त किया गया। वह मकान भगत तेंदुआ गांव निवासी पिंटू सिंह उर्फ अमित सिंह का है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण तथा बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी। छापामारी दल में एएसआई संजय कुमार सिंह, आरक्षी चालक रामचंद्र राम, प्रशांत कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 19 / 2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समयः– 10.07.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 11.07.2023के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.07.2023के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
7 निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत छेंचा में स्तोरन्नत उ0 वि0 छेंचा में 1 ACR निर्माण | 905300/ - | 18500/ - | 1250/ - | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 301221 (Building)23-24*D



**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।**

**मत्स्य जीवी सहयोग समिति/सदस्यों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के स्वीकृति आदेश संख्या 11 रा0(वि0) दिनांक 16.06.2023 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत कार्यरत प्रखण्ड / जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 / उनके सदस्य को अनुदान पर मछली विपणन एवं मछली परिवहन कार्य के लिए चार पहिया भार वाहक वैन के उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 25.07.2023 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क0 सं0 | समग्री का नाम | विभागीय अनुदान | भौतिक लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | 60% (अधिकतम 3.60 लाख रू0 होगा शेष राशि लाभुक को वहन करना होगा) | 01 | |

उपरोक्त योजना के लिए मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 / उनके सदस्यों /महिला समूह /उनके सदस्यों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। मत्स्य लाभुकों / विकेताओं का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा–

1. लाभुक द्वारा कम से कम मो0 6.00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया जायेगा। लाभुक अपने इच्छा अनुसार चार पहिया भार वाहक वैन कय कर सकते हैं।
2. आवेदक / आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो (विपणन कार्य से संबंधित प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
3. आवेदक / आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
4. आवेदक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। जिले के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी /पर्यवेक्षक द्वारा लिखित रूप में प्रतिवेदन किया जाएगा, कि आवेदक मत्स्य बिकी अथवा थोक व्यापार से जुड़ा है।
5. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र हो।
6. वाहन का निबंधन कराने एवं निर्धारित कर / शुल्क जमा करने की जिम्मेवारी लाभुक की होगी। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा किया जायेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।

PR 301234 Fish(23-24)D



**e–Procurement Cell**
**Office of the Superintending Engineer**
**Building Construction Department, Circle.-2,**
**Combined Building, Line Tank Road, Ranchi-834001**
**Tel. : 0651-3512691**

Letter No.-751 Date:- 03.07.2023

**Cancellation Notice**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक सामाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा PR No.:- 299554 Building Dept Circle-2 (23-24).D, Name of Work:- Construction Of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Sanda Under Block Hussainabad and Tender Reference No.-(10)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ, DIV/2023-24 Date:-08-06-2023 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building Construction Department
Circle-2, Ranchi

PR 301266 Building
Dept Circle - 2(23-24).D



**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**मत्स्य पालकों के लिए अनुदान पर फिश फीड हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा लातेहार जिला के मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि, पशपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 07 रा0 / (वि0) दिनांक 13.06.2023 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना अन्तर्गत अतिरिक्त मछली उत्पादन हेतु अनुदान पर झास्कोफिश फिश फीड उपलब्ध कराने की योजना है। लक्ष्य निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | लघुशीर्ष | झास्कोफिश / विभागीय फिश फीड मिल / PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | कुल लक्ष्य (टन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 796 | 6.05 | 5 | 16.05 |
| 2 | 789 | 05 | 00 | |

- विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा 22/– प्रति किलो ग्राम अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत् प्रोटीन गुणवक्ता युक्त 2mm से 4mm तक का फिश फीड को फीड के रूप में ही दिया जाएगा।
- मत्स्य पालकों को 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 18 / रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से हीं अनुदान देय होगा।
- एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 18 / रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के दर पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, बायोफ्लॉक टैंक तथा बायोफ्लॉक तालाब में मछली उत्पादन हेतु एक लाभुक को अधिकतम कुल 1200 किलोग्राम 2mm अथवा इससे बड़े साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 18 / रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में लातेहार जिला के इच्छुक मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से प्रत्येक कार्य दिवस को निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदधिकारी, लातेहार।

PR.NO.301235 Fish(23-24):D



**OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

Letter No. : ..............Date...................

Very short **Expression of Interest of conducting Animal Birth Control and Anti Rabies Vaccination of stray dogs in Medininagar Municipal Corporation**

Expression of Interest on behalf of Medininagar Municipal Corporation, through AWBI recognized NGOs/Animal Welfare Organizations for the Animal Birth Control Programme.

A) Following are the work to be carried out by the selected agency/NGOs / Company :-
1. Scanned copy of Affidavit **Annexure–B**.
2. Scanned copy of proof of recognition with Animal Welfare Board of India.
3. Scanned copy of Audited Balance Sheet for last 3financialyears.
4. Scanned copy of firm's income tax number (PAN).
5. Scanned copy of performing 10,000 of conducting ABC operations in dogs supported by documentary proof such as certificate from the agency to whom services provided, allotted letter.
6. The bidder must have at list two permission for running dog birth control programme in Jharkhand State work order copy to attached.

B.) The Agency/NGO/Company should have enough organisational set up and workforce to carry out the above services.

C.)Interested agency /NGOs should fully understand the importance and depth of the work assigned before applying.

**Timeline for EOI and selection**
1) Notification date calling EOI - 30/06/2023
2) Last Date for clarifying issues/doubts with municipal corporation- 05/07/2023
3) Last date of submission of EOI - 10/07/2023
4) Selection date - 11/07/2023
5) Last date to do agreement with Medininagar Municipal Corporation - 15/07/2022
6) Timings – 11:00 AM - 02:00 PM
7) Work will be awarded after Technical, Financial and final presentation (PPT).

NOTE :- Further details can be seen on website http//:udhd.jharkhand.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation.

**Sd/- Municipal Commissioner -Cum- Administrator**
**Municipal Corporation, Medininagar**

PR301199 (District)23-24*D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावन कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 04 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-258 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'अधूरा' के सेट से वापस कमरे में आने में... पेज 10 पर



## सावन में शिवभक्तों के स्वागत को तैयार 'बाबा नगरी' देवघर

### अरघा सिस्टम से श्रद्धालु कर सकेंगे जलाभिषेक

**देवघर।** झारखंड का देवघर सावन में शिवभक्तों के स्वागत के लिए सजधज कर तैयार है। बाबा बैद्यनाथधाम के नाम से प्रसिद्ध यहां का शिव मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंग में सर्वाधिक श्रेष्ठ माना जाता है। सावन महीने में प्रतिदिन करीब एक लाख शिवभक्त मनोकामना शिवलिंग पर जलार्पण करते हैं। सोमवार को आने वाले शिवभक्तों की संख्या और बढ़ जाती है। देवघर जिला प्रशासन का दावा है कि झारखंड राज्य के प्रवेश द्वार दुम्मा से लेकर बाबाधाम में पड़ने वाले पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। झारखंड-बिहार की सीमा स्थित दुम्मा में राजकीय श्रावणी मेले का उद्घाटन सोमवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया गया।



देवघर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। 4 जुलाई से प्रारंभ होने वाले सावन महीने में अधिक भीड़ जुटने के मद्देनजर बाबा पर जलार्पण के लिए अरघा सिस्टम से श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकेंगे। स्पर्श पूजा बंद रहेगी। इस साल 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमास रहेगा। जिस कारण श्रावणी मेला 4 जुलाई से 31 अगस्त तक रहेगा। इस साल सारी व्यवस्था दो महीने के लिए की गई है। आने वाले कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों को रात में भी चलने में कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए रोशनी की व्यवस्था की गई है। दुम्मा से खिजुरिया तक आठ किलोमीटर के कांवड़िया पथ पर पहली बार गंगा की मिट्टी बिछायी गयी है। कांवड़िया पथ पर 10 हजार क्षमता वाले आध्यात्मिक भवन में शिवभक्तों को सस्ते दर पर भोजन की व्यवस्था कराई गई है। कांवड़ियों की कतार लगाने को लेकर रूट लाइन में वाटर प्रूफ पंडाल लगाये गये हैं। प्रशासन ने मेले में भक्तों की सुविधा बढ़ाने व भीड़ नियंत्रण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हाथियों ने डेढ़ एकड़ में लगी मकई की फसल को रौंदा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के डूबलगंज में रविवार की रात्रि में हाथियों का झुंड ने डेढ़ एकड़ में लगे मकई की फसल को बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से हाथियों को खदेड़ा। बारी गांव के किसान ब्रह्म कुमार मेहता ने बताया कि मां ,पिताजी डूबल गंज में रह कर खेती-बाड़ी करते हैं। जब चारों तरफ पानी के लिए हाहाकार मच रहा था, तब बड़ी मुश्किल से डेढ़ एकड़ में मकई का फसल लगाया था। रविवार की रात लगभग 10 बजे हाथियों के झुंड ने मकई का फसल लगा हुआ खेत में घुस गया । और मकई की फसल को खाया सो खाया पुरे फसल को पैरों से रौंद बर्बाद कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम हेमंत सोरेन ने गुरु पूर्णिमा पर राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को गुरु पूर्णिमा पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने अपने पिता और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चरण स्पर्श किया और कहा कि मेरे गुरु, मार्गदर्शक मेरे बाबा हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने ट्वीट किया, "मेरे गुरु, मेरे मार्गदर्शक आदरणीय बाबा 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन जी। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।"

### पश्चिम सिंहभूम में बुजुर्ग दंपती की धारदार हथियार से हत्या

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम में अज्ञात अपराधियों ने बुजुर्ग दंपत्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना कराईकेला थाना क्षेत्र के जोमरो आदिवासी टोला की है। रविवार देर रात अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। गांव के लोगों ने बताया कि आदिवासी टोला के सकारी दिग्गी और उनकी पत्नी बदेरी दिग्गी रात में घर में आराम कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी। ग्राम प्रमुख गोंदुआ मुंडा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर भेज दिया। पुलिस हत्या की वजह जानने के लिए छानबीन कर रही है।

### तबादले के डेढ़ साल से अधिक बीतने के बाद जारी हुआ मूवमेंट आर्डर

**रांची।** आईपीएस अधिकारी शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल के तबादले के डेढ़ साल से अधिक बीतने के बाद उनका मूवमेंट आर्डर पुलिस मुख्यालय ने निकाला। 2010 के बैच के आईपीएस अधिकारी 20 अक्तूबर 2021 को गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर जैप 9 साहिबगंज का समादेष्टा बनाया था। लेकिन अगले दिन पुलिस मुख्यालय से जारी मूवमेंट आर्डर में शैलेंद्र कुमार वर्णवाल का नाम शामिल नहीं था। ऐसे में वह जैप 9 में योगदान नहीं दे पाए थे। उन्हें पुलिस मुख्यालय में एसटीएफ में भी पदस्थापित रखा था। अब डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी मानवाधिकार अखिलेश झा ने पुलिस मुख्यालय का मूवमेंट आर्डर निकाला है।

### जमीन घोटाला : छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई, ईडी से जवाब तलब

**रांची।** जमीन घोटाले के मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए अदालत में 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

## मुख्यमंत्री ने जरमुंडी में ग्रिड सब-स्टेशन का किया उद्घाटन, कहा

# निर्बाध व क्वालिटी बिजली आपूर्ति का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन जरमुंडी एवं 132 केवी द्विपथ लिलो संचरण लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के एक-एक उपभोक्ता परिवार तक निर्बाध एवं गुणात्मक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में हमारी सरकार कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 132/33 केवी (2750 एमवीए) ग्रिड सब-स्टेशन जरमुण्डी एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाइन का ऊर्जान्वयन किया जा रहा है।



इस ग्रिड सब-स्टेशन का उद्घाटन होने से दुमका एवं देवघर जिले के विभिन्न क्षेत्र जैसे बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुण्डी, सोनारायथाड़ी आदि में बिजली की समस्या से लोगों को निजात मिल सकेगी। आने वाले समय में यह ग्रिड सब-स्टेशन अलग-अलग ग्रिडों से भी जुड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों, कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को निर्बाध एवं गुणात्मक बिजली पहुंचाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री सोरेने ने कहा कि दुमका एवं देवघर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### माओवादियों की बड़ी साजिश नाकाम

## पलामू के छत्तरपुर- पिपरा रोड से लैंडमाइन बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने माओवादियों की बड़ी साजिश को विफल कर दिया है। झारखंड-बिहार सीमा पर जिस रास्ते से सुरक्षा बल माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाते हैं, उस रास्ते से एक शक्तिशाली लैंडमाइन बरामद किया गया है। लैंडमाइन बरामद होने के बाद बम निरोधक दस्ता मौके के लिए रवाना हो गया है। यह लैंडमाइन पलामू के छतरपुर देवगन पिपरा रोड में लगाया गया था। इस संबंध में एएसपी अभियान ऋषभ गर्ग ने बताया कि लैंडमाइन को डिफ्यूज करने के लिए जगुआर के बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया है। फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। एएसपी अभियान ऋषभ गर्ग ने बताया कि एहतियातन ग्रामीणों को रास्ते का इस्तेमाल करने से रोका गया है। एएसपी ने बताया कि छतरपुर रोड पिपरा के इलाके में माओवादियों



के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया है। सर्च अभियान के दौरान जवान इलाके को सेनेटाइज कर रहे थे। इसी क्रम में एक लैंडमाइन बरामद हुआ है। इलाके में सर्च अभियान जारी है। मौके पर छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल कैंप कर रही है। लैंडमाइन रोड और नहर के रास्ते को जुड़ने वाली जगह पर लगाया गया है।जिस इलाके से लैंडमाइन बरामद हुआ है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद

**मेदिनीनगर।** नशीले पदार्थों की तस्करी और खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में तरहसी थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान के द्वारा की गई कार्रवाई में जमुना गांव से एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद हुई है। अफीम खलील मियां नाम के व्यक्ति के घर से मिली है। इस संबंध में खलील मियां के खिलाफ नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि खलील मियां एवं अन्य फरार बताए जाते हैं। थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जमुना गांव में खलील मियां के घर अफीम लाई गई है और उसकी तस्करी की जानी है। सूचना पर एक टीम बनाकर रविवार की रात जमुना गांव में छापामारी की गई। जैसे ही पुलिस खलील मियां के घर पहुंची मौके से आरोपित फरार हो गया। बाद में घर में सर्च करने पर एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### शहर में रिटायर्ड डीएसपी की बेटी की हत्या

## तीन दिन से थी गायब तालाब में मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर बाईपास रोड स्थित सिंचाई विभाग के सामने स्थित तालाब से रविवार को देर शाम पुलिस ने स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर एक युवती का शव बरामद किया। बाद में उसकी पहचान स्व। भिखारी राम की पुत्री कंचन कुमारी के रूप में हुई। बताया जाता है कि कंचन (मृतका) के पिता स्व. भिखारी राम सेवानिवृत डीएसपी थे, जो मूल रूप से बिहार के बक्सर जिला के सोहनी पट्टी के रहने वाले थे। बताया जाता है कि कंचन अपने भाई गुडू के साथ पिछले कुछ सालों से चैंपियन चौक के पास किराए के मकान में रह रही थी। उसकी उम्र करीब 35वर्ष होगी और वह अविवाहित थी। बताया जाता है कि रविवार की शाम सिचाई विभाग के कार्यालय के पास स्थित तालाब में शव होने की खबर तेजी से फैली। इसकी सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सुचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को तालाब से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बेबी देवी ने ली मंत्री पद की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बेबी देवी ने हेमंत सरकार के 11वें मंत्री के रुप में शपथ लिया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजभवन पहुंचने से पहले बेबी देवी ने झामुमो प्रमुख गुरुजी शिबू सोरेन से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन के बाद उनकी पत्नी बेबी देवी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री बनाने का फैसला शनिवार को लिया। जिसके बाद आज राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री और विधायक मौजूद थे। मंत्री बनने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेबी देवी को बधाई दी। वहीं, राजभवन में आयोजित शपथग्रहण समारोह में मंत्री मिथिलेश ठाकुर शामिल नहीं हुए। हालांकि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### शपथ ग्रहण समारोह में इंट्री नहीं मिलने से नाराज मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**रांची।** दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने सोमवार को झारखंड सरकार में 11वें मंत्री के रूप में शपथ ली। बेबी देवी को राजभवन के दरबार हॉल में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो सुप्रीमो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हाई कोर्ट में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को हाजिर होने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट की लिस्ट में राहुल गांधी का मामला मंगलवार को जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में सूचीबद्ध किया गया है। रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में भी मंगलवार को ही सुनवाई है। अब हाई कोर्ट इस मामले में क्या आदेश देता है यह काफी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि अगर राहुल गांधी की याचिका स्वीकार नहीं होती है, तो उन्हें रांची सिविल कोर्ट में हाजिर होना पड़ सकता है। राहुल गांधी ने रांची सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी ने अपनी ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय को वकील नियुक्त किया है। रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया है, जिस पर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी ने कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर की धारा 205 के तहत सशरीर पेशी से छूट मांगी थी, जो खारिज हो चुकी है।

### शुभारंभ

### मंत्री बादल पत्रलेख ने किया श्रावणी मेला का उद्घाटन

# श्रद्धालुओं की सुविधा का रखेंगे ख्याल : पत्रलेख

**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** देवघर और बिहार के बांका जिले की सीमा पर स्थित दुम्मा में विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक राजकीय श्रावणी मेला का मंत्रोच्चारण के साथ सोमवार को शुभारंभ हो गया। सूबे के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख ने मेले का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दो महीने के लिए बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में वीआईपी, वीवीआईपी और आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूरी तरह से रोक लग गयी है। मंगलवार से श्रावण मास शुरू हो रहा है। श्रावण मास में भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए देवघर आते हैं। मेला का विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ कराने के लिए 11 वैदिक पुरोहितों द्वारा बाबा बैद्यनाथ की पूजा की गई। मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड के खुशहाली की कामना की गई। इसके साथ ही मंत्री बादल पत्रलेख ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश मार्ग और निकास, सुरक्षा व्यवस्था, पूजा-अर्चना करने की व्यवस्था सहित अन्य स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने देवघर जिला प्रशासन और सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को हरेक दिन की व्यवस्था पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। मंत्री बादल पत्रलेख ने मेला का उद्घाटन करने के बाद कहा कि श्रावण मास में देवघर एवं बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में हम सभी मिलकर बाबा के भक्तों का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि देवघर अपने भव्य स्वरूप के साथ बाबाधाम आने वाले सभी कांवरियों के अभिनंदन के लिए तैयार है। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को और भव्य बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। इस साल ज्यादा भक्तों के आने की संभावना है। उसी के अनुरूप प्रशासन की तैयारी भी होनी चाहिए।




### कांवरिया पथ पर बिछायी गंगा की बालू : उपायुक्त

उपायुक्त ने बताया कि कांवरिया पथ पर गंगा नदी की बालू बिछाई गई है, ताकि श्रद्धालुओं को चलने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन सुनिश्चित करेगा कि भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यही वजह है कि श्रावणी मेला के दौरान वीआईपी, वीवीआईपी एवं आउट ऑफ टर्न दर्शन को पूर्णरूप से बंद कर दिया गया है। इस वर्ष मलमास को लेकर दो महीने तक सावन होगा। इस दौरान दो बार 15-15 दिनों के लिए मेले का आयोजन किया गया है। हालांकि बीच में पड़ने वाले मलमास के महीने में मेला का आयोजन नहीं होगा। इसकी तैयारी जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। सोमवार को गुरु पूर्णिमा होने के कारण मंदिर प्रांगण में भी कांवरियों की खूब भीड़ दिखी। पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से पटा हुआ था। कांवरिया पथ पर भी कांवरियों का पहुंचना शुरू हो चुका है। भारी बारिश के बाद भी लगी लंबी कतार देखने को मिल रही है। कुल मिलाकर अब बाबा नगरी बोलबम के नारों से गुंजायमान हो रही है। इस बार बाबा मंदिर में स्पर्श पूजा को बंद करवाकर जलार्पण के लिए अरघा की व्यवस्था की गई है। सोमवार को स्पर्श पूजा का अंतिम दिन है।

**श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधा : नारायण दास :** विधायक नारायण दास ने कहा कि राजकीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अमित अग्रवाल व दिलीप घोष की जमानत याचिका पर सुनवाई 7 को

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन से जुड़े घोटाला मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अब सात जुलाई की तिथि निर्धारित की है। दोनों आरोपितों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 26 जून को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत सात जून को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। दोनों की गिरफ्तारी कोलकाता से हुई थी। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

# श्रद्धालुओं के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र है राजा पहाड़ी शिव मंदिर

**राशिद अनवर। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल मुख्यालय स्थित मुख्य पथ से उतर दिशा में लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है राजा पहाड़ी शिव मंदिर। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र है। प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सीमावर्ती उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार व झारखंड के विभिन्न भागों से आकर बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते है व-जल चढ़ाते हैं। श्रद्धालुओ का मानना है कि यहां पूजा अर्चना करने से उनकी मन्नतें पूरी हो जाती हैं। पूरे श्रावण माह भर श्रद्धालुओं के आने जाने का तांता लगा रहता है।






**प्राकृतिक छटाओं से आच्छादित है राजा पहाड़ी शिव मंदिर :** पहाड़ की ऊंचाइयों पर बना भगवान शिव का मंदिर एक मनोरम स्थल है। चारों तरफ पेड़ पौधों की हरियाली, मंदिर तक जाने के लिए बना पीसीसी पथ व उसके किनारे हरे भरे पेड़ पौधे श्रद्धालुओं को सहसा अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां पहुंचकर लोग शांति महसूस करते हैं। मंदिर निर्माण समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रावण महोत्सव का आयोजन किया जाता है। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। मंदिर परिसर से लगातार भक्ति गीतों के प्रसारण होने से अनुमंडल मुख्यालय भक्तिमय हो जाता है। मंदिर निर्माण समिति द्वारा भगवान शिव का महारुद्राभिषेक किया जाता है जो देखने लायक होता है। महारुद्राभिषेक के दिन पूरे रात दिन मंदिर आने जाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

**वर्ष 1988 में हुआ था मंदिर का शिलान्यास :** वर्ष 1988 से पूर्व राजा पहाड़ी पर एक छोटा सा मंदिर था। वहां भगवान रुद्र की पूजा होती थी। उस समय मंदिर तक जाने का कोई रास्ता नहीं था। 1988 में नगर उंटारी के लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए बैठक कर मंदिर निर्माण समिति बनाया मंदिर निर्माण समिति के चिंतन, लगन व परिश्रम का फल है कि राजा पहाड़ी शिव मंदिर वर्तमान स्थिति में खड़ा है। मंदिर निर्माण समिति द्वारा 1988 में वनांचल के जगतगुरु शंकराचार्य द्वारा मंदिर का शिलान्यास कराया गया था। शिलान्यास के बाद से मंदिर निर्माण समिति के लोग मंदिर निर्माण में लग गये। लोगों का सहयोग मिलता रहा और कारवां बढ़ता चला गया। आज मंदिर अपने भव्य व आकर्षक रूप में तैयार है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिये ठहरने व पेयजल की पूरी व्यवस्था है।

**श्रावणी मेला :** राजा पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में एक माह तक चलनेवाला श्रावणी मेला देखने लायक होता है। इस वर्ष भी मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला भी लगाया जा रहा है। अब इस मंदिर की ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पूरे वर्ष श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला जारी रहता है। पहाड़ी के ऊपर मंदिर के निकट प्रसाद की कई स्थायी दुकानें भी हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हुआ है। श्रावण माह में पूरे एक माह तक कई अस्थायी दुकानें भी लगती है, जिससे यहां के लोगों को रोजगार उपलब्ध होता है। समाजसेवी हीरा प्रसाद ने कहा कि राजा पहाड़ी मंदिर में हम लोग आस्था के साथ आते हैं। अभी तक जो भी लोग मन्नत भगवान मांगते हैं भगवान उनकी मन्नत को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जाती है। मंदिर के पुजारी गोविंद पाठक ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष भगवान शिव का महारुद्राभिषेक किया जाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं को कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## वेदव्यास जयंती पर हुआ शिक्षक सह विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन

# 'गुरु-शिष्य की परंपरा संस्कृति की हिस्सा'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

महर्षि वेदव्यास जयंती/गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में शिक्षक सह विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महापुरुषों के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इसके बाद सम्मानित अतिथि के रूप में निषाद समाज से भूतपूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों यथा- जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उप मुखिया को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात गढ़वा जिला के काफी अनुभवी एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। फिर गढ़वा-पलामू से आये लगभग 300 से ऊपर छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद सह विकासशील इंसान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रोफेसर राजकुमार ने भगवान



वेदव्यास के बारे विस्तृत जानकारी दी। वेदव्यास जी चारों वेद, अठारह पुराण और महाभारत की रचयिता थे। इनके मार्गों पर चलकर ही समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार सम्भव है। उन्होंने अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थियों का संगम को खूब सराहा। विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट यू आर रामेश्वरम ने कहा कि मेहनत के बल पर किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल हो सकती है। पुलिस की नौकरी करना हमारी प्राथमिकता है। हमारे लिए राष्ट्रसेवा सर्वोपरि है, लेकिन जब बच्चों को सम्मानित करने और उन्हें मार्गदर्शन करने का कोई कार्यक्रम होता है तो शामिल होने का जरूर प्रयास करता हूं। क्योंकि बच्चे भी हमारे देश के भविष्य हैं। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता अलख पांडेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमलोगों ने मिलकर गढ़वा जिला को काफी आगे लाने का प्रयास किया है। इसका उदाहरण है कि आज मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक एवं अन्य परीक्षाओं में हर वर्ष सफलता मिल रही है और जिला का नाम रौशन हो रहा है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र से बच्चों की प्रतिभा को जिला मुख्यालय में लाकर सम्मान देना बहुत बड़ी बात है। इससे ग्रामीण बच्चों को भी आगे बढ़ने की जिज्ञासा बढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी सह महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि समाजसेवा हमारी प्राथमिकता है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दिखाने के लिए प्रयासरत रहता हूं। इसके पूर्व प्रमंडल स्तरीय निषाद सांस्कृतिक सम्मेलन, दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशाखोरी जैसे सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध सामाजिक परिवर्तन अभियान, गरीबों, असहायों तथा ग्रामीणों के बीच अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में जाकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाना, जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए रक्तदान एवं जागरूकता शिविर लगाना, विभिन्न त्योहारों में शामिल होकर भारतीय संस्कृति को कायम रखने का प्रयास और जिला के अंदर खेलकूद, गीत-संगीत, प्रतिभा सम्मान आदि में सहभागिता निभाकर सबकी उन्नति के लिए चिंतन करना व्यक्तिगत रुचि है। सामाजिक कार्यों से ही समाज की दिशा व दशा बदलेगी। स्थानीय विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने समस्त शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी को एक जगह लाकर सम्मानित करना सामाजिक बदलाव का संकेत है। इस तरह के कार्यक्रम से शिक्षक और छात्र-छात्राओं को नई ऊर्जा मिलेगी। बल्कि इससे भी ज्यादा मेहनत करके समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए काम करेंगे। मौके पर गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी, जरही मुखिया महेन्द्र चौधरी, डंडा मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौधरी, चेचरिया मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, हासनदाग मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र चौधरी, फरठिया बीडीसी संजय चौधरी, प्रदेश के पदाधिकारी प्रेम कुमार, ललन चौधरी, बिनोद चौधरी, प्रेमलाल चौधरी, दामोदर चौधरी, पलामू जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, नारी शक्ति परिषद के गढ़वा जिला अध्यक्ष शारदा चौधरी, युवा परिषद के जिला अध्यक्ष पूर्व मुखिया शिव कुमार चौधरी, झामुमो नेता ललन चौधरी, पूर्व मुखिया कामेश्वर चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि वंशी चौधरी, वीआईपी प्रदेश महासचिव बचनदेव चौधरी सहित काफी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# उप प्रमुख प्रतिनिधि व एक शिक्षक की सरेआम गुंडागर्दी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड क्षेत्र के डंडई गांव में प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि व एक शिक्षक की उस समय सरेआम गुंडागर्दी देखी गई जब निजी खेत में कार्य कर रहे जेसीबी को अपना रॉब दिखा वहां से उसे भगा दिया। घटना सोमवार प्रातः 8:00 से 10:00 के बीच की है। बताया जाता है कि डंडई निवासी रामगुलाम साह के खेत की मोटी आर को तोड़कर उक्त जेसीबी खेत की भराई कार्य कर रहा था। इसी बीच उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद व शिक्षक दीनानाथ प्रसाद संयुक्त रूप से उक्त स्थल पहुंच गए। वहीं खेत की भराई कार्य कर रहा जेसीबी के चालक मिथुन को जबरन जेसीबी से खींच कर नीचे उतार दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर वहां से अभिलंब उसे भाग जाने की धमकी दी जाने लगी। इसी बीच उक्त लोगों के द्वारा चालक की मोबाइल भी छीन ली गई। उक्त लोगों के भय से चालक अपना जेसीबी को लेकर वहां से भाग निकला। उसके बाद टेलिफोनिक जानकारी मिलते ही स्थल पर पहुंचे भूस्वामी के द्वारा पुनः उक्त जेसीबी को बुलाकर अपना कार्य शुरू करा दिया गया। चालक मिथुन ने बताया कि दोनों जैसे ही स्थल पर पहुंचे मुझे गाली देना देना शुरू कर दिया। साथ ही बार-बार जेसीबी बंद करने की बात बोलते हुए जान से मारने की भी धमकी देने लगे। उसके बाद जेसीबी को बंद कर जैसे ही मैं नीचे उत्तरा कि उक्त लोगों के द्वारा मेरे हाथ का मोबाइल छीन लिया गया। उनके भय बस मुझे जेसीबी लेकर वहां से अन्यत्र भागना पड़ा। थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने कहा कि मेरे रहते थाना क्षेत्र में किसी की न दबंगई चलेगी और ना ही गुंडागर्दी। मामले की जांच करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ पदाधिकारियों को है ना कि जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि या किसी आम आवाम को।

# अज्ञात अपराधियों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव निवासी अनिल यादव जो अडवांटा कंपनी मे धान बेचने का काम किया करते हैं प्रत्येक दिन की चिनियां पप्पू खाद बीज दुकान से काम कर के अपने हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से घर रनपुरा जा रहे थे। इसी दौरान बेता घाटी के पास स्कॉर्पियो गाड़ी से घात लगाकर बैठे अज्ञात तीन अपराधी जो मुंह पर मास्क लगाए हुए थे। अनिल यादव के पहुंचते रोककर पिटने लगे और गाड़ी से भी कुचलने का प्रयास किया। इसमें एक व्यक्ति पिस्तौल निकालकर अनिल यादव को मारने का प्रयास किया। इससे अनिल यादव किसी तरह जान बचाकर टैंच से कुदकर जंगल कि तरफ भागे। वहीं स्कॉर्पियो गाड़ी में तीन लोग सवार थे जो बेता होकर चिनिया रोड से भागने में सफल रहे। इस मारपीट में अनिल यादव के शरीर के कई हिस्सों मे चोट आई है। उनका इलाज रनपुरा के निजी क्लीनिक में किया गया है।

# गढ़वा बसपा जिला कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

बहुजन समाज पार्टी जिला कार्यालय गढ़वा में सोमवार को बहुजन समाज पार्टी प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार की उपस्थिति में बहुजन समाज पार्टी जिला कमेटी का गठन कर घोषणा की गई। इसमं मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, जिला प्रभारी नंदा पासवान, जिला प्रभारी अधिवक्ता जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी उपाध्यक्ष सरवन कुमार कुशवाहा, महासचिव शिव शंकर मेहता, महासचिव सुदेश्वर राम, सचिव गरीबुल्लाह अंसारी, कोषाध्यक्ष चंद्रिका सिंह के नाम की घोषणा की गई। बहुजन समाज पार्टी आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव लेकर के प्रदेश में लगातार कमेटी को लेकर बैठक चल रही है। आगामी चुनाव में मजबूती के साथ बहुजन समाज पार्टी अपना प्रदर्शन करने के लिए लगातार क्षेत्र में कमिटी बनाने को लेकर प्रदेश स्तर पर सारे




विधानसभा में अपना संगठन मजबूत को लेकर सेक्टर कमेटी बनाने की तैयारी चल रही है। डंडा जिला परिषद अजय मेटल जो पिछले कुछ दिन पहले बहुजन समाज पार्टी का दामन थामें थे आज प्रदेश अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर गढ़वा विधानसभा प्रभारी का पद देने की घोषणा की गई। मीडिया में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजद मेहता ने कहा कि मजबूती के साथ झारखंड में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव बसपा लड़ेगी। इसके बहुजन समाज पार्टी पूरे झारखंड में कमेटी बनाने को लेकर अग्रसर है। प्रदेश महासचिव मनीष कुमार ने कहा कि गढ़वा विधानसभा की प्रभारी का जिम्मेवारी अजय मेटल को दिया गया है। अजय मेटल ने कहा कि जो भी जिम्मेवारी मिलेगी उसे ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। जिला अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद सुनील कुमार गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को आगे पूरी ईमानदारी से कार्य करने की सलाह देते हुए सभा का समापन किया गया।

**धर्म-कर्म**

## जीयर स्वामी के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

श्रीराधा बंशीधर जी की पुण्यभूमि श्री बंशीधर नगर स्थित पाल्हे जतपुरा में भारतवर्ष के महान मनीषी ब्रम्हलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्यपाद श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की ओर से संकल्पित चातुर्मास्यव्रत के अवसर पर सोमवार को गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव का भव्य और दिव्य आयोजन किया गया।

महामहोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हजारों लोग इस विशेष उत्सव के भागी बने। गुरु पूर्णिमा उत्सव में शामिल होने रविवार रात से ही रेल और सड़क मार्ग से लोगों के पहुंचने



का सिलसिला शुरू हो गया था। यह सिलसिला सोमवार देर शाम तक चलते रहा। गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति की ओर से महाप्रसाद की किया गया था। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे और स्थानीय हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। 15 तरह का व्यंजन परोसा जा रहा था। पुलाव, तड़का, मिक्स सब्जी, नमकीन कचौड़ी, लिट्टी, बुंदिया, दही बड़ा, मालपुआ, दाल पूड़ी, बेसन हलवा, दधिओदन, फुलेहरा, खिचड़ी, इमली का चटनी आदि लोगों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर यज्ञ स्थल पर उमड़ी भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए यज्ञ समिति के सदस्यों ने काफी मेहनत की। समिति के सदस्य भीड़ को व्यवस्थित करने में मुस्तैद थे। वाहन पार्किंग, सुरक्षा, प्रसाद वितरण, पूज्य स्वामी के दर्शन के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गयी थी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को तनिक भी परेशानी और कठिनाई ना हो इसका विशेष ख्याल सदस्य रख रहे थे। रविवार रात बड़ी संख्या से लोग ट्रेन से श्री बंशीधर नगर पहुंचे थे। समिति के सदस्य श्रद्धालुओं के ठहरने, जलपान समेत अन्य सुविधाओं का ख्याल रख रहे थे।

# चोरी की घटनाओं को पुलिस ने किया उद्भेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में घटी लगातार चोरी की घटनाओं से पर्दा उठाने में रमना पुलिस सफल रही। सोमवार को थाना परिसर में प्रेसवार्ता का कर पुलिस ने चोरी की घटनाओं मे शामिल पांच लोगों की गिरफ्तारी व जब्त सामानों की जानकारी दी। प्रेसवार्ता में शामिल पुलिस निरीक्षक स्वर्णलता कुजूर बतायें कि रविवार की रात्रि रमना में फल दुकान में चोरी का प्रयास करते दो युवकों को रात्रि गश्ती दल द्वारा पकड़ा गया था, जिनकी पहचान रमना के सोनू कुमार रवि तथा विश्रामपुर थाना क्षेत्र के लालगढ़ बिहार निवासी शनि कुमार के रूप में की गई। पूछताछ में दोनों ने मार्च माह में रमना के स्वर्ण वाटिका जेवर दुकान में भी अपने सहयोगियों के साथ चोरी की घटना को स्वीकार किया। सोनू और शनि की निशानदेही पर छापेमारी दल में शामिल थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, पुअनि विवेक कुमार पंडित, सअनि विरेंद्र कुमार के साथ पुलिस जवानों ने घटना में शामिल रामाकांत कुमार ठाकुर, रमना के टंडवा, अजुबा राज तथा कुंजु कुमार रमना के परसवान निवासी को गिरफ्तार करते हुए इनकी निशानदेही पर चांदी का दो जोड़ा कनबाली, पायल एक जोड़ा, बिछिया एक जोड़ा, चांदी का तीन का समुह में एक जोड़ा बिछिया तथा चार मोबाइल फोन बरामद जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत श्री बंशीधर नगर भेज दिया गया।

## संक्षिप्त

### चंद्रचुड़ बने मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी

**गढ़वा।** ग्रामीण कार्य विभाग गढ़वा में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत चंद्रचुड़ प्रसाद सिंह को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) बनाया गया है। उनकी सेवा वापस लेते हुए मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति की गई है। इसका आदेश पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड से निर्गत कर दिया गया है।

### शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर भवनाथपुर नगरी में सोमवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने गुरु शिष्य परंपरा एवं गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संकृत के आचार्य अभिषेक, प्रांतीय विभाग निरीक्षक नीरज लाल, सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, विद्यालय के उपाध्यक्ष सीताराम पाठक, समिति सदस्या माया दास, प्रधानाध्यापक ब्रजेश सिंह मौजूद रहे।

### पुलिस ने भारी मात्रा में जब्त की खैर की लकड़ी

**हरिहरपुर।** स्थानीय पुलिस ने मदहा जंगल से तस्करी के लिए तैयार किया गया भारी मात्रा में खैर का बोटा जब्त किया है। घटना रविवार देर रात की है। हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से वन व रैयती भूमि से खैर की लकड़ी काट कर मदहा जंगल में तस्करी के लिए इकट्ठा किया गया था। दूसरे दिन ही उसे दूसरे तस्कर को सप्लाई किया जाना था। उधर रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि 271 पीस खैर का बोटा जब्त कर भवनाथपुर रेंज कार्यालय लाया गया है। आगे की करवाई की जा रही है।

### शिक्षक सूर्यदेव राम का आकस्मिक निधन

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सोहगाड़ा गांव निवासी शिक्षक सूर्यदेव राम 52 वर्ष का अचानक निधन हो गया। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है। कांडी थाना क्षेत्र के राणाडीह पंचायत अंतर्गत सोहगाड़ा गांव निवासी सूर्यदेव राम का सोमवार की सुबह अचानक निधन हो गया। वे बरगढ़ प्रखंड के मदगड़ी च मध्य विद्यालय में बतौर शिक्षक पदस्थापित थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार सूर्यदेव राम का अंतिम संस्कार बड़े पुत्र को महाराष्ट्र से वापस आ जाने के बाद मंगलवार को किया जाएगा।

### कैंप लगाकर किया गया मच्छरदानी वितरण

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के परती कुशवानी गांव के पंचायत सचिवालय में सोमवार को कैंप लगाकर कुशवानी और अमवाडीह गांव के ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1800 मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण किया गया। मच्छरदानी वितरण पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी, बीटीटी अनुज कुमार और एमपीडब्ल्यू मनोज पाठक ने किया। वार्ड सदस्य रंजय यादव, नागेन्द्र प्रजापति, संतोष कुमार, धीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी में सोमवार को अपराहन हो रहे वज्रपात से मकरी निवासी 45 वर्षीय शिव शंकर प्रसाद व उसका एक पशुधन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। शिव शंकर प्रसाद मकरी के डीहवार बाबा के पास खेत मे बैल चरा रहा था कि अचानक हवा के साथ वज्रपात होने लगा। इसी बीच शिव शंकर प्रसाद व उसका बैल वज्रपात के चपेट में आ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढवा भेज दिया गया है।

### गुरु पूर्णिमा पर किया कार्यक्रमों का आयोजन

**गढ़वा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जिले के सभी शक्तिपीठ एवं प्रज्ञा केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी जगह रविवार से ही अखंड जप के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसका समापन सोमवार को हवन यज्ञ एवं संकल्प के साथ किया गया। गायत्री शक्तिपीठ स्थल पर जिला समन्वयक विनोद पाठक, व्यवस्था प्रमुख सरयू चंद्रवंशी, वृंदा ठाकुर, मिथिलेश कुशवाहा, गौतम विश्वकर्मा, संत कुमार, शोभा पाठक, पुष्पा सिन्हा, शांति देवी, सुनीता देवी, प्रियंका देवी, शकुंतला देवी, रानी कुमारी, सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे। इसी तरह प्रज्ञा केंद्र निमिया स्थान में संतन मिश्रा, रंजीत केसरी, महेंद्र राम, जयप्रकाश ठाकुर, अनीता देवी, लक्ष्मी पाठक, ममता तिवारी, ममता चौबे, कांति दुबे, दुलारी देवी आदि उपस्थित थे।

### 'जांच टीम को प्रभावित किया जा रहा'

**श्री बंशीधर नगर।** जिले के सगमा एवं नगर उंटारी बीडीओ द्वारा विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार एवं लूट की शिकायत उपायुक्त से बार-बार किया गया है जिला से गठित जांच टीम को प्रभावित किया जा रहा है कुछ अधिकारी भ्रष्ट बीडीओ को बचाना चाहते हैं। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने सोमवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता में कही। इस मौके पर सलीम अंसारी,सोबराती खां, दिनेश शर्मा, सोनू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट, 7 लोग घायल

**गढ़वा।** बसहा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के सीताराम पासवान का पुत्र लवकेश, महावीर पासवान का पुत्र सीताराम, सुरेंद्र पासवान एवं दूसरे पक्ष के राम लखन पासवान, रामचंद्र पासवान का पुत्र सुशील राम, अनिल पासवान, रीता देवी शामिल हैं।

### राजद का 27 वां स्थापना दिवस 5 को

**गढ़वा।** राजद जिला कार्यालय अशोक विहार गढ़वा में आज जिला अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता कामेश्वर बैठा, राजद प्रदेश महासचिव राज्य संसदीय बोर्ड के सदस्य जमीरुदीन अंसारी, प्रदेश सचिव डॉक्टर मकबूल आदि मौजूद रहे।

# संगठन विरोधी कार्य में संलिप्त दो भाजपा नेता निलंबित





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार शुक्ला एवं जिला कार्यसमिति सदस्य धनंजय दुबे उर्फ कुलबुल दुबे को पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त पाये जाने पर संगठनात्मक कार्यवाही की गई है। दोनों को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। इस सिलसिले में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने पत्र जारी किया है। डॉ प्रदीप ने कहा है कि बीजेपी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष और जिला कार्यसमिति सदस्य पिछले 1 महीने से सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी गतिविधियां चला रहे थे जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही थी। पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया और अनुशासनहीनता मानते हुए दोनों को पार्टी से निलंबित कर दिया। डॉ प्रदीप ने कहा है कि पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल होने के कारण 5 जून को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इस स्पष्टीकरण का दोनों की ओर से पार्टी को कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दोनों को पार्टी से निलंबित किया गया है।

## पेड़ से गिरकर युवक घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डाली निवासी वीरेंद्र राम का पुत्र विशाल कुमार उम्र 12 वर्ष पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह विशाल कुमार अपने घर के पास एक पेड़ पर चढ़ा था। इसी बीच वह पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल विशाल कुमार को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद विशाल खतरे से बाहर है।

# सूदना शाखा में हर्षोल्लास पूर्वक मना गुरु पूर्णिमा उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह की सूदना शाखा में हर्षोल्लास पूर्वक गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कई तरह का कार्यक्रम हुये। सुबह में भक्त जनों ने सामूहिक रूप से आश्रम परिसर में सफाई अभियान चलाया। परिसर की सफाई कार्य पूरा करने के बाद पूजा अर्चना शुरू हुआ। भक्त जनों ने अवधूत भगवान राम और गुरु पद संभव राम जी का विधिवत पूजा अर्चना किया। इसके बाद सफल योनी का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं एवं भक्त जनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया है।दोपहर में भंडारा शुरू हुआ,जिसमे काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में डॉ नरसिंह कुमार सिंह,अनुज कुमार सिंह,अन्ना डीएम ,ललित नारायण सिंह,राहुल सिंह, प्रियंका सिंह, चित्रलेखा देवी, रामजी राम सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।



**NEWS इन ब्रीफ**

## गुरु पूर्णिमा पर किया रक्तदान



**मेदिनीनगर।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में रक्तदान किया गया। शहर के एमएमसी एच स्थित ब्लड बैंक में जाकर पतंजलि के योगियों ने रक्त दान किया। रक्त दान करने वाले योग साधको में पवन पुरुषार्थी,राजीव शरण,धीरज कुमार, अशोक कुमार, बबलू चावला,अंकित तुलास्यान ,रतन सराफ, प्रदीप सराफ, ओमकार नाथ, रंजीत गुप्ता, एवं रंजीत कुमार आदि शामिल हैं।

## सम्मान-समारोह आयोजित कर टॉप 10 छात्रों को पुरस्कृत किया गया



**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में सोमवार को समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक लाने वाले 10 छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वालों में अक्षय कुमार ,शुभम कुमार, पुष्पांजलि कुमारी, पम्मी कुमारी, दीक्षा, हंसप्रिया, रानी, सत्यम राज, मुस्कान कुमारी, रौनक तरन्नुम, अनुप्रिया तथा अंशु शामिल है। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। शिक्षकों के मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए निष्ठा पूर्वक नियमित रूप से पढ़ाई करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरजमल राम, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, एस?एमसी सदस्य, लिपिक सहित बड़ी संख्या में छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

# वार्ड सदस्य के साथ मारपीट थाना में मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के परसिया गांव में जमीन विवाद में वार्ड सदस्य पुष्पा देवी समेत उनके परिजनों के साथ गांव के कुछ लोगों ने मारपीट किया। साथ ही महिला क ा गहना भी छीन लिया। घटना के बाद वार्ड सदस्य पुष्पा देवी पति अजय चौहान ने पांकी थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वार्ड सदस्य पुष्पा देवी का पति अजय चौहान ने बताया कि शाम करीब चार बजे गांव के ही रविंद्र साव , कविंद्र साव, रमेश कुमार साव पिता बिरजू साव उनके जमीन को कब्जा करने के नियत से जोताई कर रहे थे।बताया कि जब मना करने पंहुचे तो रविंद्र साव , कविंद्र साव, रमेश कुमार साव , विकास कुमार , अनिता देवी , फूल देवी मारपीट करने लगे। साथ ही सोना का मंगल सूत्र, कान का झुमका समेत कई गहने छीन लिया। मारपीट की घटना में वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, उनके पति अजय चौहान समेत उनके परिवार के कई सदस्यों को मामूली चोट लगी है। बताते चलें कि पुष्पा देवी सगालीम पंचायत के परसिया गांव में वार्ड दस का वार्ड सदस्य हैं। सोमवार को पांकी पुलिस गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पांकी थाना पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया है। जांच पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

# बिजली तार की चपेट में आने से 14 वर्षीय युवती की मौत

### खेत के बाड़े में अवैध तरीके से प्रवाहित विद्युत के करंट के कारण हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनिया गांव में सोमवार की अहले सुबह अवैध तरीके से खींचे हुए विद्युत नंगे तार की चपेट में आने से गांव के ही अरविंद पासवान की पुत्री ममता कुमारी उम्र 14 वर्ष की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन घर के पास खेत में अचेत अवस्था में पड़े ममता को देखा। इसके बाद आनन फानन में उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतिका की मां गुंजन देवी और दादी आशा कुंवर ने बताया की ममता अहले सुबह घर से बाहर खेत की ओर निकली थी। खेत के बाड़े में अवैध तरीके से प्रवाहित विद्युत के करंट के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। उक्त खेत गांव के ही प्रमोद मेहता का बताया जाता है। जिसके चारो ओर नंगी तार में करंट प्रवाहित था। घटना की सूचना मिलने पर मोहम्मद गंज थाना के एसआई आशीष कुमार व एएसआई विपिन ठाकुर अपने बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही पुलिस ने मौके से अवैध तरीके से विद्युत प्रवाहित नंगे तार को जब्त कर लिया है और मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया है। एसआई आशीष कुमार ने बताया की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतिका के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवा के धक्के से महिला घायल, स्थिति गंभीर



**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेवरीबार निवासी सुर्जदेव विश्वकर्मा की पत्नी रीता देवी उम्र 40वर्ष हाईवा के धक्के से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रीता देवी सोमवार की सुबह अपने घर से सुल्तानी जा रही थी तभी रास्ते में सुल्तानी घाट के पास एक हाईवा ने उसे धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही हरिहरगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद पुलिस हाईवा वाहन को जब्त कर थाना ले गई है।

## जैप जवान ने मानसिक तनाव में किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज जैप 8 के जवान काशीनाथ महतो रविवार की शाम 4:00 बजे मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद वहां पर मौजूद जवानों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वही इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गए हैं। पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी काशीनाथ महतो के परिजनों को दे दी गई थी घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर मामले के बारे में पूछताछ कर रहे है।

# पार्क के काम में रूकावट पर प्रथम महापौर ने जताया दुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा है कि लोग अपनी राजनीति पावर दिखाने के लिए स्थानीय लोगों की सुविधा और वह भी बच्चों को मिल रहा निगम द्वारा उपहार दादा दादी पार्क से मुहल्ले को वंचित करना चाहते हैं जो दुखद है । प्रथम महापौर ने बिना किसी का नाम लिए कहां पूरे शहर में निगम द्वारा पांच स्थानों पर मेरे कार्यकाल में पारित दादा दादी पार्क बनाया जा रहा है। जिसमें रांची रोड में बने निगम जोनल कार्यालय के कैंपस में बच्चों को खेलने के लिए मल्टी प्लेस्टेशन वर्ल्ड क्लास पीयू फ्लोरिंग उद्यान गांधी के तर्ज पर लग रहा था ताकि हमारी रेडमा रांची रोड की माताएं बहने अपने बच्चों को लेकर पार्क में कुछ समय बिता सकें और बच्चों को खेलने का एक अच्छा संसाधन मिल सके। पर कुछ राजनीतिक भाइयों को रेडमा का विकास रास नहीं आ रहा और संवेदक को काम करने से रुकवा दिया। संवेदक ने इसकी सूचना नगर आयुक्त को दे दी है तथा स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया है । प्रथम महापौर ने कहा मुझे आश्चर्य है लोग जब आपने मोहल्ले का विकास नहीं होने देना चाहते तो शहर का विकास का उनसे क्या उम्मीद की जा सकती । प्रथम महापौर ने कहा माननीय विकास को बाधित ना करें । रेडमा भी हमारे शहर का हिस्सा है वहां के बच्चों, माताओं, बहनों, बुजुर्गों के अधिकार को ना छीने वरना इतिहास माफ नहीं करेगा।

# विधायक व उनके पति पर धोखा देने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन छतरपुर विधानसभा कुशवाहा समाज बहुल क्षेत्र है। जो कुशवाहा के समर्थन पर हमेशा विधायक बनते हैं उसी कड़ी में विधायक श्रीमती पुष्पा देवी एवं उनके पति मनोज कुमार के द्वारा चुनाव के समय घोषणा किया गया था कि कुशवाहा समाज से जिला प्रतिनिधियों कुशवाह मूल प्रखंड को प्रतिनिधि बनाया जाएगा ।उसके अलावा विधायक फंड का 25 प्रतिशत खर्च किया जाएगा। लेकिन वादा झूठा निकला। इस कारण से कुशवाहा समाज विधायक के रवैया से काफी नाराज हुए । इसके पहले भी उनके पति मनोज कुमार द्वारा सांसद के चुनाव में स्वर्गीय सदन मेहता को सांसद प्रतिनिधि बनाने के लिए लिखित रूप से समाज को देने का काम किया था उसमें भी समाज को धोखा देने का काम किया गया। वर्तमान में विधायक के द्वारा समाज को धोखा देने का काम किया जा रहा है अभी तक कुशवाहा समाज को कोई लाभ नहीं दिया गया है इसे कुशवाहा समाज बहुत ही अपमानित किया गया महसूस कर रहे हैं। कुशवाहा समाज निर्णय लेता है कि इस तरह से रवैया रहा तो अगले विधानसभा के चुनाव में जोरदार तरीके से विरोध करेगी। कुशवाहा समाज बहमुल क्षेत्र में विरोध का सामना करना पड़ता है उसी में कुशवाहा समाज स्वतंत्र निर्णय लेने पर मजबूर होगी। कुशवाहा समाज कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार मेहता जी ने बोले कि इस पर निर्णय नहीं लिया जाएगा तो हमारा आंदोलन जारी रहेगा। जिला से लेकर आज तक आंदोलन जारी रहेगा।

## ओवरटेक करने के क्रम में साइड से टेपों में मारी टक्कर महिला घायल




**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला दंगवार मुख्य रोड में झरहा मोड़ के समीप ओवरटेक करने में साइड से टेपों में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें टेपों पर किनारे बैठी हैदरनगर निवासी नंदकिशोर की पत्नी पूजा देवी नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार महिला को पैर में गंभीर चोट लगी है। यह घटना रविवार की देर रात की बताई जाती हैं। जबकि टेपों पर सवार अन्य लोगों को कुछ भी नहीं हुआ है। बताया जाता हैं कि टेंपो पर सवार अन्य परिवार के लोग किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे।

# पीटीआर वन क्षेत्र की सड़कों पर नहीं थम रही वाहनों की रफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पीटीआर क्षेत्र के वन अधिकारी की कई बार चेतावनी देने का बावजूद सुक्षित वन सड़को पर वाहनों का तेज रफ्तार थमने का नाम नही ले रहा है। ऐसे में जंगली जानवरों के उन वाहनों की चपेट में आ जाने से प्रबल आशंका जताई जा रही है।बतादे इसके पूर्व अज्ञात वाहनों की चपेट में आकर कई हिरणों और बन्दरो की मौत हो चुकी है। शनिवार को बक्समोड के नजदीक सड़क पार कर रहे हिरन वाहनों की चपेट में आने से बाल बाल बचे है। इसके बावजूद भी उक्त सड़को पर वाहनों की तीब्र गति से चलाने की बेखोफ जारी है। जबकि जरूरत के जगहों में सड़कों पर लगे विभागीय बोर्ड में चालको को 20 किलो मीटर प्रति धंटा गति सिमा से वाहनों को चलाने का सख्त निर्देश है।वही रेंजर शंकर पासवान ने वन्य जीवों के हितों को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों को सुरक्षित वन सदजको पर तय गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है।

## मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के जनरल खलीफा का चुनाव संपन्न

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा के चुनाव में शहरेयार अली की भरी मतों से जीत हासिल करने के बाद शहर से चारों ओर या अली और या हुसैन की सदाएं गूंज रही हैं। सोमवार को नवनिर्वाचित जेनरल खलीफा शहरेयार अली ने अपने समर्थकों के साथ आवासीय कार्यालय में बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि गंगा जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखते हुए आपसी एकता के साथ मुहर्रम मनाया जाएगा। शांतिपूर्ण माहौल में सौहाद्र के साथ मुहर्रम मानने की रणनीति तैयार की गई। इसके बाद जेनरल खलीफा शहरेयार अली ने संवादाताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि इंतजामिया कमेटी का विस्तार जल्द ही किया जाएगा। इसके लिए समाज के अभिभावकों से राय मशवरा किया जाएगा। शहरयार अली ने मतदान में भाग लेने वाले तमाम लोगों का शुक्रिया भी अदा किया है। कहा कि मतदान सबसे बेहतर न्यायिक प्रक्रिया है। इसी प्रक्रिया के तहत समाज के प्रबुद्ध लोगों ने जेनरल खलीफा का ओहदा सौंपा है। अब पूरी ईमानदारी के साथ सौंपी गई जिम्मेदारी को निभाएंगे। मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सन्नू खान, जेएमएम नेता कमाल खान, कांग्रेस नेता नसीम खान, मिट्ठू खान, इस्तेयाक शाह, जेएमएम नेता शाहबाज खान उर्फ विक्की खान, असफर रब्बानी, वसीम अहमद, अन्नू हवारी, विक्की राईन,, अलाव राईन, कमाल खान, डब्लू खान, नसीम खान, राजा अशरफी, मुन्ना शाह, अहमद जमा खान, मुन्ना राईन, मो मिंटू, मो फैयाज, सैफी अली, मुजाहिद अली, समेत बड़ी संख्या में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा जनप्रतिनिधियों ने विकास में बाधा डालीः सन्नी

मेदिनीनगर। झामुमो युवा मोर्चा, पलामू ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला किया। प्रेस कांफ्रेंस को मुख्य रूप से संबोधित कर रहे झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा कि जिस भाजपा पार्टी के जन प्रतिनिधियों ने पलामू को देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों की रेस में अव्वल बनाये रखा है, वो किस मुँह से पलामू के विकास को अपनी उपलब्धि बताते घूम रहे हैं। पलामू से अलग हुए गढ़वा और लातेहार विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं पलामू में भाजपा के जनप्रतिनिधियों की नाकामी और नक्कारपन की वजह से यहां विकास का पहिया उल्टा घूमने लगा। इन्हें बताना चाहिए कि मंडल डैम का पुनरुद्घघाटन जो मोदी जी द्वारा किया गया था, क्या वो सिर्फ एक छलावा नहीं था। केंद्र में भाजपा की सरकार है परंतु कोई बड़ी केंद्र की योजना पलामू की धरती पर ये लोग नहीं उतार पाए हैं। ऐसे में पलामू का भविष्य इनके हाथों में कितना उज्ज्वल है ये पलामू की जनता बखूबी समझती है। पलामू को कभी राजनीतिक राजधानी कहा जाता था। लेकिन भाजपाई विधायक-सांसदों के कुंभनिंद्रा का परिणाम पूरे पलामू को भुगतना पड़ रहा है। सांसद को गोद लिए गए अपने गांव में जा कर वहां की हालात को देखना चाहिए। अब वक्त आ गया है जब जनप्रतिनिधियों की बदली के साथ ही भाजपा को उसकी अकर्मण्यता की सजा पलामू की जनता देने वाली है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, युवा नेता मुकेश चौधरी मौजूद थे।

**कार्यक्रम**

## इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला में संताल हूल पर चर्चा

# अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई सबसे पहले झारखंड में शुरू हुईः केडी सिंह

### हमारे समाज को आपस में जोड़ने वाले कारकों में एक कारक है आंदोलन : प्रेम प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 11वीं कड़ी संताल हूल विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। 2 जुलाई 2023 को आयोजित इस चर्चा की शुरूआत वरिष्ठ रंगकर्मी व अधिवक्ता नंदलाल सिंह एवं जन संग्राम मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विजय चौरसिया की संयुक्त अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। विषय प्रवेश कराते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि हमारे समाज को आपस में जोड़ने वाले कारकों में एक कारक है आंदोलन। प्रगतिशील लेखक संघ के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने इस मौके पर अपना विचार व्यक्त किया। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने कहा कि अंग्रेजों के विरुद्ध संगठित लड़ाई सबसे पहले झारखंड में शुरू हुई। इसका श्रेय झारखंड के आदिवासियों को जाता है। राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी ने कहा कि संताल हूल के नायकों की लड़ाई जारी रखने की जरूरत है। अध्यक्षीय वक्तव्य को प्रस्तुत करते हुए नंदलाल सिंह ने कहा कि आदिवासी समुदाय की खासियत यह है कि प्रतिरोध की चेतना इनके केंद्र में निहित है। अंग्रेजों के विरुद्ध संगठित विद्रोह अगर किसी ने किया है तो वह आदिवासी ही है। आज जरूरत है संथाल हूल के चिंगारी को अपने दिल में जिंदा रखने की और लोगों को संगठित कर अपने हक और अधिकार के लिए तथा मानव के अधिकारों की सुरक्षा के लिए आंदोलन करने की। मौके पर कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रवि शंकर ने कार्यक्रम का समापन किया। मौके पर माले नेता रविंद्र भूईयां, गौतम कुमार, उमेश प्रसाद गुप्ता, उमाशंकर सिंह, समरेश सिंह, भोला, संजू कुमार संजू, संजीत दुबे, अभय मिश्रा, मनीष कुमार, भूपेश कुमार शर्मा, दिवाकर सिंह, घनश्याम कुमार, प्रेम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को गुरुभक्ति आधारित रामायण व महाभारत का प्रसंग दिखाया गया

# विद्या भारती विद्यालयों में मनाई गई महर्षि वेदव्यास जयंती

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के विद्या भारती के तीनों विद्यालयों क्रमशः सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर व मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू कॉलेज में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। मौके पर स्कूली बच्चों के द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति किया गया। विद्यालय के बालक बालिकाओं के द्वारा गणेश बंदना, एकल गायन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। वहीं शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा गुरु ज्ञान एवं भक्ति के सागर होते हैं। शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद ने कहा कि-गुरु पूर्णिमा हमारी संस्कृति की अभिन्न अंग है। मौके पर सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, समिति सदस्य शशि गुप्ता, सदस्या शोभा देवी, पत्रकार राहुल कौशल, गणेश प्रसाद साहू, नंद किशोर



साहू, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, स्नेहा शर्मा, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, आरती भगत, अमरकांत शुक्ला, मंजू देवी, चेतना प्रिया समेत विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं कर्मचारी एवं भैया बहन उपस्थित थे। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विषय प्रवेश प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे द्वारा किया गया। त्रिलोचन आचार्य ने रामचरितमानस पर आधारित गुरु वंदना प्रस्तुत किए। मोहन पलक कुमारी द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। इशिका कुमारी द्वारा वेदव्यास जी के जीवन गाथा रोचकता पूर्वक किया गया। आचार्य लक्ष्मी देवी द्वारा गुरु भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि भारत की संस्कृति को विद्या भारती ने अपनी शिक्षा का आधार बनाया है। आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने कहा कि भारत में गुरु शिष्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन और उज्जवल रही है। मौके पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को मनमोहन लाल अग्रवाल मेधा पुरस्कार, बृजमोहन लाल अग्रवाल मेधा पुरस्कार एवं मनोहर लाल अग्रवाल मेधा पुरस्कार के अंतर्गत आयुषी सिंह, हर्षित राज, अमित कुमार ठाकुर एवं सुधांशु प्रजापति





को प्रमाण पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में प्रधानाचार्य एवं जाने-माने शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने आदर्श जीवन पद्धति की अमूल्य निधि हमें दी है। संचालन रेणु कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन कविता कुमारी ने किया।

**शत प्रतिशत परिणाम के लिए सम्मानित हुए शिक्षक :** समारोह में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर परंपरागत उपहार सम्मान के अतिरिक्त महाविद्यालय के वैसे सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने इंटर परीक्षा 2023 में अपने-अपने विषयों में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है। इनमें प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, कविता, चेतना प्रिया एवं आरती भगत आदि शामिल रहे।

**कॉलेज टॉपर भी हुए सम्मानित :** कार्यक्रम में इंटर परीक्षा 2023 में महाविद्यालय में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया' इन्हें भी प्रशस्ति पत्र और उपहार दिया गया। अपने-अपने संकाय में कॉलेज टॉपर कला में सुमित उरांव और विज्ञान में हर्ष कुमार हिंद सम्मानित किए गए।

**मनोहर अभिव्यक्ति का हुआ विमोचन :** महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन पदाधिकारियों, प्राचार्य और सदस्यों के साथ पत्रिका की संपादक चेतना प्रिया और सह संपादक आरती भगत ने किया। पत्रिका में महाविद्यालय की शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों की चित्रकला व कविता आदि को भी स्थान दिया गया है।

# सुविधाओं से लेस होगी पुस्तकालय : एसडीओ

## एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने किया किस्को प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**

अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने सोमवार को किस्को मुख्य चौक पर एससीए मद से संचालित प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लाइब्रेरी की साफ सफाई, विद्यार्थियों के सहूलियत एवं उपयोग में आने वाली शत-प्रतिशत पुस्तकों की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त किया।



मौके पर एसडीओ ने कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की बाधाएं उत्पन्न न हो इसे लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के बेहतर प्रयास से पूरे जिले के सभी प्रखंडो में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है। जिससे क्षेत्र के गरीब बच्चे आगे की पढ़ाई पूरी करने में दिलचस्पी दिखा सकें। शिक्षा को अपने जीवन में आत्मसात कर अपना भविष्य बेहतर बना सकें। कहा कि लाइब्रेरी में वाईफाई समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं बहाल किया जा रहा है ताकि बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने लाइब्रेरी में सभी विषयों का पुस्तक की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई, वाशरूम, अध्ययन कक्ष और विद्यार्थियों व आगंतुकों के सहूलियत हेतु लाइब्रेरी इंट्री रूम में सीलिंग पंखा लगाने एंव पुस्तकालय का शत-प्रतिशत कंप्यूटरीकरण किये जाने की बात कही। इधर एसडीओ ने अपनी उपस्थिति में पुस्तकालय भवन का शौचालय और वाशरूम सहित पूरे लाइब्रेरी भवन की सफाई प्रतिनियुक्त सफाई कर्मियों से कराया और प्रति दिन पुस्तकालय की साफ-सफाई करने व नियमित रूप से खोलने का निर्देश दिया। लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले बच्चों और सभी कर्मियों को पेयजल एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाओं का व्यापक रूप से व्यवस्था बहाल कराने की बात कही। इधर प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का नियमित संचालन हेतु एमलेन मिंज को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मौके पर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बुड़ायं सारू, सहायक अभियंता भुवनेश्वर सिंह, कनीय अभियंता रंजित कुमार, समीम अंसारी, नेयाज अंसारी मौजूद थे।

## रेलवे ब्रिज के नीचे से युवक का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के शंख नदी रेलवे ब्रिज के नीचे से एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर पहुंच कर सदर थाना पुलिस मामले की पड़ताल में जूट गई है। वहीं मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के कैमो केंद टोली निवासी पंचम लोहरा के पुत्र सूरज लोहरा के रूप में हुई है। मृतक सूरज लोहरा रविवार देर शाम नशे की हालत में घर से निकला था वहीं सोमवार सुबह उसका शव रेलवे ब्रिज के नीचे से बरामद किया गया है। रेलवे ब्रिज के नीचे शव होने की सूचना पर सदर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। इस बीच मृतक के शव मिलने की सूचना मिलने के बाद से ही परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक तो घायल दोस्त को छोड़कर फरार हुए युवक

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा जंगल के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर पुलिस द्वारा लगाया गया डिवाइडर को बाइक से टक्कर मारते हुए मोटरसाइकिल सवार तीन लड़का पथ के किनारे जा गिरे। जिससे मोटरसाइकिल जे एच 08 जे 7843 पर सवार तीनो लड़का घायल हो गये। घटना के उपरांत गम्भीर अवस्था मे अपने दोस्त को छोड़ दो लड़का फरार हो गये। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही स0आ0नि0 बिरेन्द्र बाखला दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घायल एक लड़का को सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के उपरांत घायल की पहचान पूसो थाना क्षेत्र के लरंगो निवासी बुधेश्वर उरांव का पुत्र



समीर उरांव के रूप में किया गया। जबकि दूसरा लड़का स्वर्गीय सीताराम उराँव के पुत्र लालजीत उराँव के रूप में किया गया। वहीं तीसरा लड़का का पता नही चला है। वही दुर्घटना में दो लड़कों को हल्की चोट आने के कारण घटना स्थल पर ही घायल दोस्त को छोड़ फरार हो गये। बताया जाता है कि तीनों लड़का एक ही मोटरसाइकिल पर सवार हो सेन्हा की ओर से शराब के नशे में लापरवाही एवं तेज रफ्तार से लरंगो अपना घर जा रहे थे। उसी दौरान कंडरा जंगल के समीप लगा पुलिस डिवाइडर को टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे जा गिरे। जिससे समीर उरांव को गम्भीर चोटे लगी है। जिसको इलाज के पश्चात परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी धरा

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**

किस्को थाना पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है। किस्को थाना कांड संख्या 03/23 धारा 376,420,504 आईपीसी के नामजद अभियुक्त किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह निवासी स्वर्गीय हरि साहु का 35 वर्षीय आरोपी पुत्र अवधेश कुमार साहु को किस्को पुलिस के द्वारा उसके घर नवाडीह से गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। मामले को ले थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो ने बताया कि दुष्कर्म व अन्य धाराओं के नामजद अभियुक्त नवाडीह निवासी अवधेश साहु विगत 6 माह से फरार चल रहा था जिसे उसके



पैतृक निवास नवाडीह से सुबह करीब 11 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध किस्को थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गई। छापामारी दल में पुअनि सुखराम उरांव सअनि अविनाश कुमार सिंह आरक्षी जिब्राइल बिलुंग आरक्षी सुकरा उरांव आदि जवान शामिल थे।

## जमीन विवाद में मारपीट, चार घायल

**भंडरा /लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस विवाद में हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल नारायण महतो को इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है।

दोनों पक्ष के बीच लाठी डंडे एवं कुदाल से मारपीट में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में किया गया। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं ।घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस विवाद में दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज होगी।

# कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए दिया आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहाड़ी मंदिर रांची तक जाने वाले पैदल कावड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां एक और कावड़ यात्रियों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के प्रबुद्ध जनों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जत्था में शामिल होने को लेकर आमंत्रण किया जा रहा है। महाकाल क्लब के द्वारा 9 जुलाई को सुबह 7 बजे चंद्रशेखर आजाद चौक से निकलने वाली 80 किमी की पैदल कावड़ यात्रा की अगुवाई करने को लेकर सोमवार को क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद लाल से मिला।



जहां आयोजन को लेकर जानकारी युक्त आवेदन सौंपी गई। वहीं जत्था में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रण पत्र भी सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ कुणाल, कार्यकारी अध्यक्ष रितेंद्र कुमार मेहता, सचिव निश्चय वर्मा, उपाध्यक्ष दिवेश साहू, संगठन मंत्री आशीष गुप्ता और मीडिया प्रभारी अमित वर्मा शामिल रहे। शहर के गणमान्य लोगों को भी पत्र देते हुए कांवड़ यात्रियों के जत्थे में शामिल होकर उनके उत्साह को बढ़ाने की अपील की गई।जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों को भी जत्था बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की गई। समिति के अध्यक्ष ने कांवर यात्रा शामिल होने वाले भक्तों से अपना रजिस्ट्रेशन जल्द पूर्ण करा लेने की अपील की है।

## उद्योगों के लाभुकों के साथ आईआईएम रांची के प्रोफेसर ने की चर्चा

**लोहरदगा।** नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्राप्त अवार्ड मनी अर्न्तगत जिला के विभिन्न स्थापित / स्थापना प्रक्रियाधीन लघु उद्योग-धंधों से संबंध समिति, समूह, स्वयं सहायता समूह, प्लास मार्ट एवं अन्य महिला मंडल द्वारा उत्पादित वस्तुओं/ सामग्रियों के बाजार तक सुलभ पहुँच एवं बेहतर आमदनी सुनिश्चित करने के लिए व्यवसायिक समझ एवं विपणन दक्षता के विशेष ज्ञान की आवश्यकता होती है। इसी उदेश्य से देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थान भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम से एमओयू किया गया है। इसके तहत उद्योगों के समूहों के कुल 30 लाभुकों का विपणन प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण आईआईएम के माध्यम से करायी जानी है।

## संकट | सैकड़ों वाहन चालकों के समक्ष आयी परेशानी

# कैरो में 3 दिन से नहीं मिल रहा पेट्रोल

**शकील अहमद। कैरो**

कैरो प्रखंड में एकमात्र पेट्रोल पंप नायरा कंपनी है जिसमे तीन दिनों से पेट्रोल खत्म हो गया है। जिसके कारण ग्रामीणों में हाहाकार मच गया है। भंडरा के चट्टी और कुडू प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क पर एकमात्र पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलने से इस रूट पर प्रतिदिन चलने वाली सैकड़ो वाहनों के समक्ष परेशानी उत्पन्न हो गई।

बता दें कि प्रखंड में लगभग डेढ़ हजार से अधिक बाइक, सैकड़ो कार, पिकअप वाहन, ट्रक समेत अन्य प्रकार के वाहन है। पिछले तीन दिन से कैरो पेट्रोल पंप में पेट्रोल की किल्लत बनी हुई है। पंप मालिक दिलीप कुमार का कहना है कि तकनीकि कारणों से पेट्रोल की कमी हो गई है जिसका निदान जल्द ही करा दिया जाएगा। एक दो दिनों के भीतर पेट्रोप पंप पर सुचारू रूप




से पेट्रोल मिलना शुरू हो जाएगा। इधर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की किल्लत होने पर ब्लैक में पेट्रोल बेचने वालों की चांदी हो गई है। ब्लैक में पेट्रोल बेचने वाले लोग पंप के बाहर ही अपना पेट्रोल वाली बोतल लगाकर ब्लैक में खुलेआम बेचते दिखाई दे रहे हैं। निर्धारित मूल्य से लगभग 15 से 30 रुपये प्रति लीटर अधिक मूल्य लेकर पेट्रोल बेच रहे हैं। जिसको अधिक मूल्य पर खरीदने के लिए ग्रामीण मजबूर है। वाहन चालकों ने बताया कि पेट्रोल पंप पर हमेशा पेट्रोल उपलब्ध होने की स्थिति में वे प्रतिदिन कार्य के अनुसार ही पेट्रोल भरवाते थे। कोई नहीं जानता था कि पेट्रोल पंप पर ही पेट्रोल खत्म हो जाएगा वो भी दो तीन दिनों तक। इस स्थिति में हमलोग मजबूरी में पेट्रोल ऊंचे दामों पर ब्लैक में खरीदने को मजबूर हो गए हैं। इधर पेट्रोल पंप के बाहर ब्लैक में पेट्रोल बेचने वालों की बात करे तो जबतक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल फिर से सुचारू रूप से नही मिल जाता है तबतक ही उनकी चांदी रहेगी। इसलिए वेलोग भी प्रति लीटर अधिक दाम पर पेट्रोल बेच रहे हैं ताकि दो तीन दिन ही सही कुछ ज्यादा कमाई हो जाये। पेट्रोल पंप का नजरा देखकर आप भी अंदाजा लगा सकते हैं कि पेट्रोल के लिए लोग किस तरह परेशान हैं। हालांकि लोगों की परेशानी कम करने के लिए पेट्रोल पंप के बाहर तेल की व्यवस्था की गया है। अधिक पैसे देकर पेट्रोल ले सकते है।

## केवि बरही में पेयजल आपूर्ति समस्या जल्द होगी दूर : डीडीसी

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय, बरही में पेयजलापूर्ति की समस्या को दूर करने हेतु बैठक आयोजित हुई। विद्यालय परिसर में जलस्रोत की पहचान दो दिनों के अंदर करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी और अंचल अधिकारी सेन्हा को दिया गया। इसमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ समन्वय स्थापित किये जाने का निर्देश दिया गया। विद्यालय के समीप जिस रैयत की भूमि पर जलस्रोत है उस रैयत के समन्वय स्थापित कर भूमि हस्तांरित कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। विद्यालय के समीप पेयजलापूर्ति हेतु गुजरने वाली पाइपलाइन योजना की मरम्मति कराये जाने का निर्देश दिया गया। पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, केंद्रीय विद्यालय के सहायक आयुक्त बलेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सलगी-बड़कीचापी सड़क का हाल बेहाल ग्रामीणों को हो रही आवागमन में परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू प्रखंड के बड़े पंचायत में शुमार पूर्वी क्षेत्र के सलगी और बढकी चापी को मिलाने वाली मुख्य सड़क का हाल देखकर वो दावा पूरी तरह खोखला नजर आता है कि सड़के चकाचक हो गयी हैं। उपरोक्त सड़क का पिछले कई वर्षों से हाल-बेहाल है। सबसे दुखद पहलू यह है कि आए दिन इधर से होकर गुजरने वाले जनप्रतिनिधि और अधिकारीयो का बदहाल सड़क की तरफ ध्यान नहीं है। बताते चलें कि पिछले चार दिन में काफी बारिश होने के कारण गड्ढे और चौड़े व गहरे हो गए हैं। गर्मी में धूल और गर्दा उड़ाने वाले इन गड्ढों में बारिश का पानी भरा हुआ है। पानी भरने से इनकी गहराई भी पता नहीं चलती है। जिससे यहां से गुजरने वाले लोग आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। हाल इतना खराब है कि छोटे वाहन तो दूर, पैदल चलने वाले भी परेशान हैं। कुल मिलाकर कदम कदम पर बने इन गड्ढों से बचकर निकलना ग्रामवासियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क का दुरुस्त होना अति आवश्यक है। तब कही जाकर लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।

NEWS इन ब्रीफ

## निर्यात में आई गिरावट वित्त मंत्रालय ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात में पिछले चार महीनों में आ रही गिरावट के बाद वित्त मंत्रालय ने स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को निर्यातकों की बैठक बुलाई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उम्मीद है कि बैठक में निर्यातक सरकार से वैश्विक प्रदर्शनियों और मेलों में भाग लेने के लिए अधिक समर्थन देने के साथ ही ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल और जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषद) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने के लिए बातचीत में तेजी लाने के लिए कहेंगे। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, निर्यात लगातार चौथे महीने सालाना आधार पर 10.3 फीसदी घटकर मई में 34.98 अरब डॉलर रह गया, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर पांच महीने के उच्चतम स्तर 22.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## रियलमी का नार्जो 60 सीरीज 5जी होगा मार्केट में लॉन्च

**नई दिल्ली।** हम अपनी यादों और जरुरी फाइलों को इकट्ठा करने के लिए फोटो एलबम, डॉक्यूमेंट फाइल, रील कैमरा, सीडी और कैसेट जैसे फिजिकल स्टोरेज मीडियम पर निर्भर थे। ये फिजिकल ऑब्जेक्ट्स हमारे बीते यादों को सहेजकर रखते थे। लेकिन अब स्मार्टफोन के आने से डेटा को स्टोर करने और एक्सेस करना बहुत आसान हो गया है, जिससे हमारे हैंडहेल्ड डिवाइस अंतिम स्टोरेज सोल्यूशन में बदल गए हैं। आज के डिजिटल युग में, जहां हर पल को कैप्चर और शेयर किया जाता है।

# अच्छे स्टार्टअप के लिए कोष की कमी नहीं : अमिताभ कांत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि नवोन्मेष और स्टार्टअप परिवेश आज दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए मजबूत स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे स्टार्टअप के लिए कोष की कोई कमी नहीं है। कांत ने स्टार्टअप20 शिखर कार्यक्रम में एक मजबूत स्टार्टअप परिवेश के लिए ह्यफंड ऑफ फंड' (ऐसा कोष जो दूसरे कोष में निवेश करता है), कर्ज सुलभ होने से जुड़ी योजनाएं और बेहतर संचालन व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्टअप ने कम लागत पर स्तरीय समाधान सफलतापूर्वक सुलभ कराया है। कांत ने कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र में कोष की कोई कमी नहीं है और अच्छे स्टार्टअप के लिए पूंजी हमेशा उपलब्ध है। दुनिया में कोष पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और उनकी नजर हमेशा अच्छी परियोजनाओं पर होती है। कांत ने भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे ... बायोमेट्रिक आईडी, डिजिटल भुगतान और इस संदर्भ में स्टार्टअप परिवेश की मजबूत सफलता के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि देश ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, भारत में 1,00,000 से अधिक स्टार्टअप और 108 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) हैं। कांत ने स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए स्व-नियमन और बेहतर संचालन व्यवस्था की जरूरत भी बताई। उन्होंने कहा,...आज का स्टार्टअप कल फॉर्च्यून 500 कंपनी होगी। इसलिए वित्तीय स्तर पर सूझ-बूझ के साथ कदम और संचालन व्यवस्था का मुद्दा महत्वपूर्ण है।

## सोने की कीमतों में आई गिरावट 58 हजार रुपए भरी पहुंचा



**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि चांदी के भाव बढ़ गए हैं। सोना गिरावट के साथ 58 हजार रुपए के करीब आ गया है। सोने के घरेलू वायदा भाव गिरावट के साथ ट्रेड करते दिखे हैं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर विगत शुक्रवार सुबह 4 अगस्त 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.22 फीसदी या 130 रुपए की गिरावट के साथ 58,081 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, 5 अक्टूबर 2023 की डिलीवरी वाला सोना 0.16 फीसदी या 93 रुपए की गिरावट के साथ 58,383 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वैश्विक स्तर पर भी सोने की कीमतों में शुक्रवार सुबह गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर 5 सितंबर 2023 की डिलीवरी वाली चांदी का भाव 30 रुपए की बढ़त के साथ 70060 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला है। वहीं 5 दिसंबर 2023 को डिलिवरी वाली चांदी का भाव भी बढ़त के साथ 71467 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला है। हालांकि इसके बाद चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है। सोने की वैश्विक कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.16 फीसदी या 3.00 डॉलर की गिरावट के साथ 1926.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

## किआ इंडिया अपनी बहुप्रतीक्षित नई सेल्टोस का आज करेगी अनावरण




**रांची।** भारत की प्रीमियम और तेजी से आगे बढ़ने वाली कार निर्माता कंपनी, किआ इंडिया ने 4 जुलाई को नई सेल्टोस का अनावरण करने की घोषणा की है। अपने नए अवतार में सेल्टोस एक नए डिजाइन और सेगमेंट के उन्नत सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स से सुसज्जित होगी। ब्रांड सेल्टोस ने अपने सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स और डिजाइन लीडरशीप के साथ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नई क्रांति की शुरुआत की है। नई सेल्टोस एक बार फिर इस सेगमेंट को एक नया रूप देने के लिए तैयार है। किआ नई सेल्टोस का टीजर भी 30 जून 2023 को जारी करेगी। किआ ने अगस्त 2019 में सेल्टोस को लॉन्च करने के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश किया था और भारत के नए युग के उपभोक्ताओं का दिल जीता लिया। 46 महीने की छोटी से उल्लेखनीय अवधि में, सेल्टोस 5 लाख बिक्री का आंकड़ा तेजी से पार करने वाली एसयूवी बन गई। वर्तमान में, 3.78 लाख सेल्टोस भारतीय सड़कों पर चल रही हैं, जो किआ इंडिया की कुल घरेलू संख्या का 53 प्रतिशत है। कंपनी ने दुनियाभर के करीब 90 से ज्यादा बाजारों में 1.39 लाख सेल्टोस का निर्यात भी किया है। ब्रांड सेल्टोस द्वारा हासिल की गई कई उपलब्धियों की वजह से किआ को पिछले चार सालों में भारत के शीर्ष 5 वाहन निर्माताओं के बीच अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद मिली है। 2021 में, सेल्टोस अपने सेगमेंट में भारत में छह एयरबैग पेश करने वाली पहली कार बनी थी।

## एलन मस्क व बर्नार्ड अर्नाल्ट की दौलत 200 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा सूची में पहले स्थान पर एलन मस्क हैं। इनके पास 234 अरब डॉलर की कुल संपत्ति है और इन्होंने इस साल अब तक 96.6 अरब डॉलर का इजाफा अपनी संपत्ति में किया है। बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं, जिनके पास 200 अरब डॉल का कुल नेटवर्थ है। इस साल अब तक इन्होंने कुल 38.2 अरब डॉलर कमाए। तीसरे स्थान पर जेफ बेजोस के पास 154 अरब डॉलर की संपत्ति है। इस साल उनकी संपत्ति में 47.4 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। बिल गेट्स चौथे स्थान पर हैं। इस साल इनकी संपत्ति 24.4 अरब डॉलर बढ़ी है। इनका नेटवर्थ 134 अरब डॉलर हो गया है। पांचवें पर काबिज लैरी एलिशन ने इस साल 40.8 अरब डॉलर कमाए और उनकी कुल संपत्ति अब 133 अरब डॉलर हो गई है।

## महंगी होंगी टाटा की कारें, कंपनी ने किया कीमतों में बढ़ोत्तरी का ऐलान

**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज कमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी प्रीमियम से लेकर सामान्य कार की कीमतों में इजाफा करने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने ऐलान किया है कि 17 जुलाई से टाटा मोटर्स की सभी मॉडल की कीमतों में इजाफा कर दिया जाएगा। कंपनी ने अपने सभी मॉडल्स पर 0.6% की औसत बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि इलेक्ट्रिक वाहन समेत सभी मॉडल और संस्करणों पर लागू होगी। बयान के अनुसार कीमत में वृद्धि कच्चे माल की लागत में वृद्धि के प्रभाव से निपटने के लिए की जा रही है। कंपनी ने कहा कि 16 जुलाई, 2023 तक होने वाले वाहनों की बुकिंग और 31 जुलाई, 2023 तक होने वाली डिलिवरी पर कीमत वृद्धि का प्रभाव नहीं होगा। टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों में पंच, नेक्सन और हैरियर शामिल हैं। टाटा मोटर्स की गाड़ियों की सेल में भी इजाफा देखने को मिला है। बता दें कि एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते जून महीने में टाटा मोटर्स की गाड़ियों की जमकर बिक्री हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जून में टाटा मोटर्स की कुल घरेलू बिक्री सालाना आधार पर एक फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 80,383 इकाई हो गई है।

# सरकार कर रही बिना बैटरी के ईवी बेचने की तैयारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग ऐसी नीति पर बात कर रहे हैं, जिसमें वाहन बिना बैटरी के बिकेंगे और ग्राहक बाद में उनमें बैटरी लगा सकेंगे। यानी वे खाली बैटरी देकर चार्ज की हुई बैटरी भी ले सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि बैटरी की अदला-बदली के लिए पूरे देश में ढांचा तैयार करने पर भी बात चल रही है। 2024 में फेम 2 सब्सिडी खत्म हो जाएगी। ऐसे में इस कदम से लोगों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते हो सकते हैं।



उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे ईवी के इस्तेमाल को भी बढ़ावा मिलेगा। कुछ लोगों का कहना है कि 2025 तक भारत में बैटरी रहित ईवी की बिक्री शुरू होने और बैटरी की अदला-बदली (स्वैपिंग) के लिए ढांचे पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार हो जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहन की कीमत का 40-50 प्रतिशत हिस्सा बैटरी का ही होता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि पिछले एक साल से इस विषय पर बैठक हो रही हैं। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल ईवी में इस्तेमाल होने वाली बैटरी के लिए मानक तैयार करने पर काम चल रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर अधिकारी ने बताया, इससंबंधित पक्षों की एक बैठक जनवरी और मार्च के दरम्यान हुई थी। नीति आयोग ने बैटरी स्वैपिंग नीति का मसौदा पिछले साल ही सौंप दिया था। अब बैटरी के लिए मानक तैयार करने का काम चल रहा है।

## श्रीरंगनाथ कुलकर्णी इन्फोविजन के नए एमडी हुए नियुक्त

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित डिजिटल सेवा कंपनी इन्फोविजन ने सोमवार को कहा कि उसने श्रीरंगनाथ कुलकर्णी (एसके) को अपना नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कुलकर्णी ने पहले बिड़लासॉफ्ट में मुख्य परिचालन अधिकारी, एक्सेंचर में वित्तीय सेवाओं के लिए प्रौद्योगिकी वितरण प्रमुख, कॉग्निजेंट में पुणे केंद्र प्रमुख और वित्तीय सेवाओं के प्रमुख और इंफोसिस में पुणे केंद्र प्रमुख और हेल्थकेयर लीड के रूप में कार्य किया था। कंपनी ने एक बयान में कहा, अपनी नई भूमिका में, वह बिक्री, वितरण और ग्राहक प्रबंधन में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए त्वरित विकास की दिशा में इन्फोविजन की यात्रा का नेतृत्व करेंगे। इन्फोविजन के अध्यक्ष और सह-संस्थापक सीन यालामांची ने कहा, ग्राहकों की संतुष्टि के लिए उनका दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा देने का जुनून हमारे ग्राहकों के लिए डिजिटल में तेजी लाने के हमारे मिशन के साथ सहजता से मेल खाता है।

# मनोरंजन क्लब में आग लगने से आठ की मौत

**एजेंसी। नोम पेन्ह**

कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में एक निर्माणाधीन मनोरंजन क्लब में आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। नगर निगम के एक पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। नोम पेन्ह नगर पुलिस के प्रवक्ता सैन सोक सेहा ने विगत रविवार को रिपोर्ट में बताया कि सुबह जली हुई नाइट क्लब इमारत में दो और शव पाए गए, जिससे मृतकों की कुल संख्या आठ (छह पुरुष और दो महिलाएं) हो गई। ये सभी श्रमिक थे। उन्होंने कहा, डॉक्टरों की फॉरेंसिक जांच के अनुसार, आठ लोगों की मौत दम घुटने से हुई। सेहा ने बताया कि राजधानी के तुओल कॉर्क जिले में नाइट क्लब की पांचवीं मंजिल पर शनिवार शाम को आग लग गई, जब पीड़ित इमारत के आंतरिक हिस्सों का नवीनीकरण कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस ने दुखद दुर्घटना पर पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि एक व्यक्ति भाग गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनसीडीएम) के अनुसार, कंबोडिया में 2022 में देश भर में 454 आग दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 42 लोग मारे गए और 55 अन्य घायल हो गए। एनसीडीएम के अनुसार, पिछले साल 28 दिसंबर को थाईलैंड की सीमा से लगे शहर पोइपेट में ग्रैंड डायमंड सिटी होटल और कैसीनो में भीषण आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई थी।

## भारत में 11 लाख से ज्यादा ट्विटर अकाउंट पर प्रतिबंध

**एजेंसी। वाशिंगटन**

ट्विटर की कमान जबसे एलन मस्क के हाथ आई, तब वह इस प्लेटफॉर्म को यूजर्स के लिए बेहतर बनाने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि यूजर्स आए दिन एलन मस्क के नए-नए ऐलान से हैरान जरूर हो रहे हैं। ट्विटर ने प्लेटफॉर्म पर हो रही कुछ गलत चीजों को रोकने के लिए 26 अप्रैल से 25 मई के बीच भारत में चल रहे 11 लाख से ज्यादा अकाउंट्स को ब्लॉक किया है। ट्विटर ने बाल यौन शोषण और नॉन कंसेंसुअल न्यूडिटीजैसी चीजों को बढ़ावा देने वाले 11 लाख 32 हजार 228 ट्विटर अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाया है। इतना ही नहीं, ट्विटर ने 1 हजार 843 ऐसे ट्विटर अकाउंट्स पर भी ताला लगा दिया है जो आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम कर रहे थे। ट्विटर ने नए आईटी नियम 2021 के कंप्लायंस से जुड़ी अपनी मंथली रिपोर्ट को जारी करते हुए बताया कि कंपनी को ग्रिविएंस रिड्रेसल मैकेनिज्म के जरिए भारत में यूजर्स से 518 शिकायतें मिली थी। इस रिपोर्ट में ट्विटर ने बताया है कि शिकायतों की बारीकी से जांच के बाद 25 अकाउंट्स के सस्पेंशन को रोक दिया लेकिन अन्य अकाउंट्स पर प्रतिबंध को कायम रखा है।


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।

(जिला योजना)

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

(Very Short term Tender Notice)

नीति आयोग, भारत सरकार से प्राप्त Award Money अन्तर्गत लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड के जीमा पंचायत में दुग्ध आधारित खाद्य उत्पादन केन्द्र की स्थापना हेतु मशीन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन, FPO को उपकरण संचालन का प्रशिक्षण और 01 वर्श रख–रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों / अर्द्ध सरकारी संगठनों / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **11.07.2023** के **11:30** बजे पूर्वाहृन तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों / प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **11.07.2023** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिला कय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय एवं मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 8521227661/8603984499 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 301242 Lohardaga(23-24)D


# घरेलू हिंसा को लेकर महिलाओं के लिए नरक बनता जा रहा चीन

**एजेंसी। बीजिंग**

चीन में महिला अधिकारों, समानता और न्याय के दावे की पोल खुल गई है। लगातार घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे है। आए दिन कोई न कोई खौफनाक केस लोगों के सामने आ ही जाता है। इस सबको देखते हुए चीन के युवा सोशल मीडिया पर शादी करने के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं। लड़कियों को सलाह दी जा रही है कि शादी और प्रसव से दूर रहकर खुद को सुरक्षित रखें। इतना ही नही, एक शख्स का कहना है कि चीन में अब हर कोई शादी करने से डरता है। गौरतलब है, हाल ही में चीन में रौंगटे खड़े कर देने वाले कई घरेलू हिंसा के मामले सामने आए हैं। इसमें दिनदहाड़े की गई हत्या भी शामिल है, जिसका वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। 26 जून को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसे जिसने भी देखा उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दरअसल, वीडियो में देखा जा सकता है कि व्यक्ति बार-बार एक महिला के ऊपर कार चढ़ा रहा है। इतना ही नहीं शख्स ने हद तो पार तब कर दी, जब वह कार से उतरा। उसने महिला पर कई बार कार चढ़ाने के बाद यह जानने के लिए कार से उतरा कि कहीं वह जिंदा तो नहीं रह गई। देखने बाद शख्स ने फिर कई बार महिला पर कार से हमला किया। शेडोंग के पूर्वी प्रांत में हुए इस खौफनाक मंजर को एक गवाह ने अपने फोन में कैद कर लिया। बाद में वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। बुधवार सुबह तक ये मामला चीन के अधिकतर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ था। जब पुलिस को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बारे में जानकारी मिली, तो जांच की। पुलिस को पता लगा कि कार से कुचलने वाला 37 साल का शख्स कोई अनजान व्यक्ति नहीं बल्कि 38 वर्षीय महिला का पति था। अधिकतर लोग घरेलू हिंसा का एक और डरावना मामला देखकर स्तब्ध रह गए। अभी कुछ दिन पहले ही और भी ऐसी ही घटनाएं सामने आई थीं। पिछले महीने दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसकी भाभी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उसके परिवार ने बताया था कि पत्नी वर्षों से घरेलू हिंसा से पीड़ित थी और तलाक लेने की योजना बना रही थी। एक और मामला सामने आया, जिसमें दक्षिण-पश्चिमी महानगर चेंगदू की एक महिला को घरेलू हिंसा का शिकार एक बार नहीं बल्कि कई बार बनाया गया था। महिला ने खुद सोशल मीडिया पर बताया था कि शादी के दो साल के दौरान उसके पति ने उस पर 16 बार हमला किया था।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 06 / 2022–23

ITDA अंतर्गत स्वीकृत योजना

(297912 का तृतीय आमंत्रण)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 06.07.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.07.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 15.07.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.07.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं० :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राषि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेशरार | ग्राम दुन्दरू में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य | Loh/ITDA/10 | 7,57,603.00 | 15,200.00 | 1,250.00 | 03 months |
| 2 | पेशरार | ग्राम चपाल में सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य | Loh/ITDA/11 | 7,57,603.00 | 15,200.00 | 1,250.00 | 03 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.inपर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा। निविदा की प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है। तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 301251 Lohardaga(23-24)D



कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश सं0 10 रा0 (वि0) दिनांक–14.06.2023 द्वारा" **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना**" की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। योजना का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राषि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% अनुदान पर | 75% अनुदान पर | कुल | 90% अनुदान | 75% अनुदान |
| 1 | बकरा विकास योजना (4+1) | 24,800/- | 650 | 400 | 1050 | 22,320/- | 18,600/- |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57,800/- | 80 | 118 | 198 | 52,020/- | 43,350/- |
| 3 | 400 बैक्यार्ड कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) | 1,18,200/- | 40 | 66 | 106 | 1,06,380/- | 88,650/- |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) | 67,500/- | 70 | 115 | 185 | 60,750/- | 50,625/- |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण योजना (15 चूजा) | 1,700/- | 760 | 1161 | 1921 | 1,530/- | 1,275/- |

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:–**

- लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन / अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–
  (i.) ग्राम प्रधान
  (ii.) मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर)
  (iii.) JMF का प्रतिनिधि
  (iv.) दुग्ध मित्र।
- लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति, दोनों से कोई एक द्वारा किया जायेगा।
- लाभुकों के चयन के साथ योजना अनुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा / पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रूप से किया जायेगा।
- योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति / दिव्यांगता / विधवा / 50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र / घोषणा–पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया / पंचायत समिति सदस्य / जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी० / आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
- योजनान्तर्गत पशु पक्षी का क्रय का प्रावधान निम्नवत है :–
  (i.) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला / शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
  (ii.) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)
  (iii.) GeM Portal से।, (iv.) NDDBसे।
- विगत पाँच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरान्त दिया जाएगा।
- यह कार्यक्रम ए0 पी0 एल0 / बी0 पी0 एल0 वर्ग के सभी महिला–पुरूष लाभुकों / स्वयं सहायता समूह / सहकारी समिति समिति के सदस्यों के लिए है।
- योजना का लाभ जिले के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, बी0 पी0 एल0 कोटि, दिव्यांग कोटि एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता के साथ दी जाएगी। अन्य कोटि के लाभुकों को भी योजना का लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- इस योजना के तहत अनुसूचित जाति / जनजाति / असहाय विधवा औरतों / दिव्यांग / निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम–से–कम 50 वर्ष हो, के लिए अनुदान वास्तविक लागत का 90% तथा अन्य सभी लाभुकों को 75% अनुदान पर देय होगा।
- गाँव का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा। बकरा एवं सूकर विकास योजनान्तर्गत 10–20 ईकाईयों के कलस्टर एवं अण्डा उत्पादन / ब्रायलर उत्पादन के लाभुकों का चयन 5–5 ईकायों में किया जायेगा।
- योजनान्तर्गत पशु / पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
- योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा / पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तद्पश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति / ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन / पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा / पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**नोट :– अधिक जानकारी जिला पशुपालन कार्यालय / प्रखंड पशुपालन कार्यालय / प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय से प्राप्त किया जा सकता है।**

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

PR 301247Animal Husbandry(23-24)#D

# बरसात में सावधानी जरुरी

***बरसात*** का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में कई तरह की प्राकृतिक बीमारियां अवसर की तलाश में रहती हैं। झारखंड के पहाड़ी और पठारी इलाके में ऐसे जानलेवा खतरे प्रकृति प्रदत होते हैं। अभी हाल में वज्रपात से दो दर्जन से अधिक लोग विभिन्न क्षेत्रों में अपनी जान गंवा बैठे हैं। यह खतरा सर्वाधिक खतरनाक हैं। ऐसे में सर्तकता ही इसका रास्ता है। कारण यह खतरनाक रूप लेता जा रहा है। छोटानागपुर के इलाकों में इसका खासा असर दिखने को मिलता है। राज्य और केन्द्र सरकार लोगों को जागरूक करने में लगी है। लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। बरसात के मौसम में सर्दी,खांसी,बुखार का लगना जारी हो जाता है। दूसरी तरफ ग्रामीण इलाकों में सर्प दंश से भी सैकड़ो लोगों की जानें जाती हैं। मौसम के प्राकृतिक खतरों के अलावे उमस भरी गर्मी से भी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। दूसरी तरफ जंगली क्षेत्रों में हाथी का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में इनकी गतिविधियों पर नजर रख कर खतरों का टाला जा सकता है। कारण इन घटनाओं में सैकड़ो लोगों की जानें असमय चली जाती हैं। नदी और नालों का जलस्तर बढ़ जाने के कारण भी कई मौतें होती हैं। सरकार और समाज चाह जाये तो इन खतरों से बचना मुश्किल नहीं है। लेकिन ऐसा होता नहीं दिखता है। जिस कारण बरसात के मौसम में हजारो लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं। ऐसे में इस मौसम में ऐसे तमाम प्राकृतिक खतरों से बचने के लिए जागरूकता के साथ-साथ सतर्कता पर ध्यान देने की जरूरत है। प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए आने वाले सतर्कता संदेश को गंभीरता से लेने की जरूरत है। बहरहाल प्रकृति के इस मौसम में आनंद की भी कोई कमी नहीं है। नंगे पहाड़ों पर हरियाली और प्रकृति के रोम-रोम में पानी बरसने से उल्लास का नजारा देखने को मिलता है। ऐसे में बरसात के पानी का आनंद लेना चाहिए,लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि पहली बारिश में भींगने से फंगल इंफेक्शन ,दाद,घमौरियां और एलर्जी की समस्या हो सकती है। अगर बारिश में कोई व्यक्ति भींग जाता है तो पानी और धूल मिट्टी के वजह से स्किन गंदी हो जाती है। भींगने के बाद लंबे समय तक गीले कपड़े पहने रहने से स्किन की समस्या होती है। ऐसे में बारिश में अगर कोई भींग गया है तो साफ पानी से नहाना जरूरी है। ऐसा नहीं होने से बुखार की समस्या से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। कारण बरसात में ह्यमिडिटी बढ़ जाती है। जिस कारण शरीर का पसीना सूख नहीं पाता है। जिस वजह से कई प्रकार की परेशानियां आ जाती हैं। ऐसे मौसम का आना और जाना लगा रहता है। जाड़ा,गर्मी और बरसात की भी अपनी-अपनी खूबियां और कमियां रहती हैं। बस जरूरत है मौसम के अनुरूप अपने आप को ढाल लेना। यह तभी संभव है जब हम-सब प्रकृति के साथ ताल मेल बैठा लेगें। यह बहुत जरूरी है। कारण प्रकृति जहां हंसाती है,वहीं रूलाने में भी पीछे नहीं रहती है। ऐसे में प्रकृति के बताये रास्ते पर चल कर बहुत सारे आपदाओं से बचने की जरुरत है। प्रकृति अपने स्वभाव के अनुसार सृष्टि को संतुलित भी करती है। यह अपने साथ छेड़-छाड़ करने वालों को सजा भी देती है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को उसके बताये रास्ते पर चलने की जरुरत है। ऐसा नहीं होने पर उसके गुस्से का सामना करने से कोई नहीं रोक सकता है। मौसम हमारे जीवन में अहम रोल अदा करते हैं। बस जरुरत है उनके संगीत को अच्छी तरह से सुनना। ऐसे में अच्छे श्रोता की तरह उसकी आवाज को हम सब सुनें।

**राज्य और केन्द्र सरकार लोगों को जागरूक करने में लगी है। लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। बरसात के मौसम में सर्दी,खांसी,बुखार का लगना जारी हो जाता है।**

# जिन्होंने डीयू को बनाया शिक्षा का महान मंदिर





आर.के.सिन्हा

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी का दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) के शताब्दी समारोह के अंत में मौजूद रहना इस बात की गवाही है कि यह कितना खास शिक्षण संस्थान है। महात्मा गांधी 12 अप्रैल, 1915 को पहली बार दिल्ली आये थे। उनके साथ कस्तूरबा गांधी जी भी थीं। उनका सेंट स्टीफंस कालेज के प्रिंसिपल सुशील कुमार रुद्रा ने स्वागत किया। वे रुद्रा साहब के कॉलेज परिसर में बने आवास में ही ठहरे। वह कश्मीरी गेट स्थित कॉलेज इमारत अब भी है। अब भी सेंट स्टीफंस कॉलेज प्रिंसिपल के कक्ष में एक बड़ी सी ग्रुप फोटो लगी है, जो गांधी जी की उस यात्रा की याद दिलाती है। गांधी जी उसके बाद भी यहां आते रहे। वे जब भी यहां आए तो उनका सेंट स्टीफंस और हिंदू कॉलेज के छात्रों और अध्यापकों ने स्वागत किया। हालांकि वे जब पहली बार दिल्ली आये थे, तब दिल्ली यूनिवर्सिटी की स्थापना तक नहीं हुई थी। तब तक यहां के कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी का ही हिस्सा थे। डीयू तो औपचरिक रूप से 1922 में स्थापित हुई। बेशक राष्ट्र निर्माण में डीयू का योगदान शानदार रहा है। इसमें देशभर के नौजवान उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। सेंट स्टीफंस के अलावा हिंदू कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मिरांडा हाउस, इंद्रप्रस्थ कॉलेज, हंसराज कॉलेज वगैरह ने देश को ही नहीं दुनिया भर को कई राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा हजारों-लाखों नौकरशाह, राजनीतिक नेता, आंत्रप्योनर, खिलाड़ी, एक्टर वगैरह दिये हैं। अगर बात हिंदू कॉलेज की करें तो इसकी स्थापना में दिल्ली के मशहूर समाजसेवियों जैसे लाला कृष्ण दास गुड़वाले, राय बहादुर सुल्तान सिंह और डॉ. एके सेन ने दिन-रात मेहनत करके की थी। इसकी 1899 में ही स्थापना हो गई थी। ये सब चाहते थे कि दिल्ली में स्कूल-कॉलेज खुलें। इन सबने ही दिल्ली के चांदनी चौक में इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस स्कूल ने दिल्ली की बेटियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने में शानदार भूमिका निभाई है। बेशक, हिंदू कॉलेज तथा इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय विद्लाय ने राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उधर, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) को कॉमर्स कोर्सेज के लिए भारत का सबसे उत्तम कॉलेज माना जाता है। यहां से ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवगंत अरुण जेटली, टीवी पर्सनाल्टी रजत शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जितेन प्रसाद भी पढ़े। अफ्रीकी देश मलावी के 2004-2012 तक राष्ट्रपति रहे बिंगु वा मुथारिका ने 1961 से 1964 तक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से ही ग्रेजुएशन की थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस का भी अपना विशेष स्थान है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में कॉलेजों की 2021 श्रेणी में देश के टॉप 100 कॉलेजों में मिरांडा हाउस अव्वल रहा था। सन 1948 में मिरांडा हाउस की स्थापना हुई। मिरांडा हाउस से पढ़कर निकली छात्राओं ने आर्ट, फिल्म, लेखन, सियासत वगैरह की दुनिया में भरपूर नाम कमाया। लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार, चित्रकार अंजली इला मेनन, फिल्मी हस्तियां जैसे मीरा नायर और नंदिता दास, सशक्त लेखिका रक्षंनादा जलील, उर्वशी भुटालिया और अनीता देसाई, डांसर और ब्यूरोक्रेट शोभना नारायण मिरांडा हाउस में ही पढ़ीं। इसी मिरांडा हाउस की छात्रा दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और माकपा नेता वृंदा कारत भी रही हैं। दिल्ली में श्रीराम कला केन्द्र की प्राण और आत्मा शोभा दीपक सिंह भी यहां ही पढ़ी हैं। मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी दिल्ली यूनिवर्सिटी की सर्वेश्रेष्ठ मानी जाती रही है। इधर लंबे समय तक प्रिंसिपल रही जानकी अम्मा ने मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी से बेहतरीन टीचर्स को जोड़ा। प्रभा दीक्षित तथा ललिता ईश्वरन ( राजनीतिक शास्त्र), मन्नू भंडारी ( हिन्दी), कृष्णा इस्लोवे, मासूमा अली, वसंता मेनन (अंग्रेजी) जैसी अध्यापिकाएं मिरांडा हाउस में पढ़ाती रहीं हैं। प्रभा दीक्षित देश के तमाम अखबारों में सामयिक विषयों पर लिखती भी थीं। डीयू की चर्चा करते हुए दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की अनदेखी करना असंभव है। इसकी स्थापना इसलिए हुई थी ताकि इकोनॉमिक्स, कॉमर्स और भूगोल जैसे विषयों पर गहन शोध हो सके। इससे देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री जुड़ते रहे हैं अध्यापक के रूप में। यहां से निकले छात्रों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ठोस काम भी किया। यहां प्रो.सुखमय चक्रवर्ती, डॉ. मृणाल दत्ता चौधरी, डॉ. एएल नागर, डॉ.राम सिंह जैसे आदरणीय अध्यापक पढ़ाते रहे। यहां के कैफेटरिया में अध्यापकों और उनके छात्रों के बीच सारगर्भित चचाएं अखंड ज्योति की तरह जारी रहती हैं। इधर होने वाली बहसों में मतभेद भी होते हैं पर संवाद मर्यादित रहते हैं। इससे न जाने कितने ज्ञानी, सुसंस्कृत और अध्यापक जुड़े रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए अपने संबोधन में कहा कि कोई भी देश हो उसकी यूनिवर्सिटीज उसकी उपलब्धि का सच्चा प्रतीक होते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी सिर्फ एक यूनिवर्सिटी नहीं बल्कि एक मूवमेंट रही है। इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट को जिया है, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट में जान भर दी है। डीयू की जब स्थापना हुई थी तब इसमें केवल तीन कॉलेज हुआ करते थे और अब 90 से अधिक कॉलेज डीयू का हिस्सा हैं। आज डीयू में लड़कों से ज्यादा लड़कियां पढ़ती हैं। ये कहना पड़ेगा कि आज डीयू जिस मुकाम पर है, उसमें यहां के बहुत से अध्यापकों के योगदान को याद रखना होगा। उनमें किरोड़ीमल कॉलेज के फ्रेंक ठाकुर दास का जिक्र सबसे पहले करना होगा। वे अंग्रेजी और ड्रामा के अध्यापक थे। उनकी प्रेरणा से ही अमिताभ बच्चन, सतीश कौशिक, कुल भूषण जैसे छात्र एक्टिंग की दुनिया की तरफ गये। इस बीच, दिल्ली यूनिवर्सिटी मेन कैंपस में सड़क के आर-पार हैं सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज। इस सड़क का नाम है सुधीर बोस मार्ग। सुधीर बोस को डीयू बिरादरी एक श्रेष्ठ शिक्षक तथा क्रिकेट प्रेमी के रूप में याद करती है। सुधीर बोस सेंट स्टीफंस कॉलेज में 1937-63 तक फिलॉस्फी पढ़ाते रहे।

**2004-2012 तक राष्ट्रपति रहे बिंगु वा मुथारिका ने 1961 से 1964 तक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से ही ग्रेजुएशन की थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस का भी अपना विशेष स्थान है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

***राजा बोले*** - हे साधो! पुत्र आदि की प्राप्ति की कामना से अपने बन्धु-बान्धवों के साथ मैं अतुल तेज सम्पन्न भगवान विष्णु का व्रत एवं पूजन कर रहा हूं। राजा की बात सुनकर साधु ने आदरपूर्वक कहा - राजन ! इस विषय में आप मुझे सब कुछ विस्तार से बतलाइये, आपके कथनानुसार मैं व्रत एवं पूजन करूंगा। मुझे भी संतान नहीं है। 'इससे अवश्य ही संतान प्राप्त होगी।' ऐसा विचार कर वह व्यापार से निवृत्त हो आनन्दपूर्वक अपने घर आया। उसने अपनी भार्या से संतति प्रदान करने वाले इस सत्यव्रत को विस्तार पूर्वक बताया तथा - 'जब मुझे संतान प्राप्त होगी तब मैं इस व्रत को करूंगा' - इस प्रकार उस साधु ने अपनी भार्या लीलावती से कहा। एक दिन उसकी लीलावती नाम की सती-साध्वी भार्या पति के साथ आनन्द चित्त से ऋतुकालीन धर्माचरण में प्रवृत्त हुई और भगवान श्रीसत्यनारायण की कृपा से उसकी वह भार्या गर्भिणी हुई। दसवें महीने में उससे कन्यारत्न की उत्पत्ति हुई और वह शुक्लपक्ष के चन्द्रमा की भांति दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी। उस कन्या का 'कलावती' नाम रखा गया। इसके बाद एक दिन लीलावती ने अपने स्वामी से मधुर वाणी में कहा - आप पूर्व में संकल्पित श्री सत्यनारायण के व्रत को क्यों नहीं कर रहे हैं? साधु बोला - प्रिये! इसके विवाह के समय व्रत करूंगा। इस प्रकार अपनी पत्नी को भली भांति आश्वस्त कर वह व्यापार करने के लिए नगर की ओर चला गया। इधर कन्या कलावती पिता के घर में बढ़ने लगी। तदनन्तर धर्मज्ञ साधु ने नगर में सखियों के साथ क्रीड़ा करती हुई अपनी कन्या को विवाह योग्य देखकर आपस में मन्त्रणा करके कन्या विवाह के लिए श्रेष्ठ वर का अन्वेषण करो - ऐसा दूत से कहकर शीघ्र ही उसे भेज दिया। उसकी आज्ञा प्राप्त करके दूत कांचन नामक नगर में गया और वहां से एक वणिक का पुत्र लेकर आया।

(क्रमशः)

# उत्तर प्रदेश में योगीराज, सुशासन की बहार



मृत्युंजय दीक्षित

***उत्तर*** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मफिया के खिलाफ बड़ा अभियान चल रहा है। सरकारी तथा गैर सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा रहा है। इस मुक्त भूमि पर आवास बनाकर गरीबों को दिये जा रहे हैं। अपना घर मिलने पर इन गरीबों की आंखों में खुशी के आंसू हैं। होठों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए प्रशंसा और प्रार्थना है। प्रयागराज के लूकरगंज में 1731 वर्गमीटर की नजूल की जमीन माफिया अतीक के कब्जे में थी। उसकी कीमत लगभग दस करोड़ रुपये थी। इस जमीन को 13 सितंबर 2020 को मुक्त कराया गया था। वर्ष 2021 में 26 सितंबर को मुख्यमंत्री ने यहां गरीबों के लिए आवासीय फ्लैट्स की आधारशिला रखी और मात्र 18 माह में यह आवासीय योजना पूरी हो गई। इस पर 5.68 करोड़ रुपये खर्च हुए। आवासीय योजना 1731 वर्गमीटर में विकसित की गई और इसमें दो ब्लॉक बने। गरीबों को यह फ्लैट दिये गये हैं। सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। इनको बनाने में वास्तु का भी ध्यान रखा गया है। इन लोगों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि अपना घर बना पायेंगे। लाभार्थियों को आवास की चाभी सौंपते वक्त मुख्यमंत्री ने फिर माफिया को सुधरने की चेतावनी दी है। वह कहते हैं पूर्ववर्ती माफिया के साथ खड़े रहते थे जबकि हम गरीबों के साथ खड़े हैं। 2017 से पहले गुंडे किसी की भी जमीन हथिया लेते थे। अब ऐसा नहीं होने दिया जायेगा। यह भाजपा का सुशासन है। मुख्यमंत्री में जनसभा में प्रदेश के अधिकारियों से कहा वह डरे नहीं। विकास प्राधिकरण मुक्त कराई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किसी को भी आवास नहीं मिल पाया था। अब 54 लाख से ज्यादा गरीबों को आवास मिल गया है। मुख्यमंत्री के सुशासन में अब तक माफिया के पंजों से कब्जाई गई 66,575.75 हेक्टेयर से अधिक भूमि छुड़ाई जा चुकी है। लखनऊ के पिपरसंड इलाके में भी भूमि का बड़ा टुकड़ा माफिया से मुक्त कराया गया है। इस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक अगस्त 2021 को यूपी स्टेट इंस्टीटयूट आफ फॉरेंसिक साइंसेज की नींव रखी थी। दो हजार करोड़ रुपये की लागत से यह इंस्टीटयूट बनकर खड़ा हो चुका है। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार का कहना है कि अब तक माफिया से 3516 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त, ध्वस्त व कब्जा मुक्त कराई जा चुकी है। यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। माफिया अतीक के मारे जाने पर प्रदेश के तमाम विरोधी दल घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं कि प्रदेश में मुसलमानों पर अत्याचार किया जा रहा है। इसकी वास्तविकता प्रयागराज में दिखाई दी जहां पर बिना किसी भेदभाव के पात्रता के आधार पर मुस्लिम महिलाओं को भी आवास मिला है। इस सुशासन की वजह से सपा, बसपा, कांग्रेस सहित तमाम दलों के पैरों तले जमीन खिसक रही है। मायावती कह रही हैं कि पसमांदा मुसलमान तो उनका वोटर है किंतु वह यह नहीं बता पा रही हैं कि उन्होंने इनके लिए क्या किया है । यही हाल सपा का है। सपा ने मुसलमानों के नाम पर गुंडई राज कायम किया। गुंडों को सत्ता की कुर्सी सौंपी। सुशासन का दूसरा सबसे बड़ा परिवर्तन यह देखने को मिला है कि इस बार प्रदेश में बकरीद पर कहीं पर भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी गई और कुबार्नी की परंपरा भी निर्धारित स्थानों पर निभाई गई।

**प्रयागराज के लूकरगंज में 1731 वर्गमीटर की नजूल की जमीन माफिया अतीक के कब्जे में थी। उसकी कीमत लगभग दस करोड़ रुपये थी। इस जमीन को 13 सितंबर 2020 को मुक्त कराया गया था।**

**अभियान**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**जीवन कितना अनमोल है, यह जानने के लिए कभी-कभी इसे जोखिम में डालना पड़ता है।**

# महाराष्ट्र में जनादेश का सम्मान



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***महाराष्ट्र*** में पिछले विधानसभा चुनाव का जनादेश भाजपा-शिवसेना के लिए था। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर उस जनादेश को अपमानित किया था। इसमें सुधार एकनाथ शिंदे ने किया। उन्होंने बाला साहब ठाकरे की विरासत के अनुरूप भाजपा के साथ सरकार बनाई। अब अजित पवार ने उस जनादेश को मजबूत बनाने का कार्य किया है। कुछ दिन पहले पटना में विपक्षी नेता गठबंधन बनाने के लिए मिले थे। सबकी अपनी अपनी महत्वाकांक्षा जगजाहिर है। कोई भी किसी दूसरे को प्रधानमंत्री बनते नहीं देखना चाहता। इसलिए पटना में बात नहीं बनीं। एक और बैठक होगी। उसके पहले ही महाराष्ट्र का महाआघाड़ी दूसरी बार बिखर गया। पहली बार एकनाथ शिंदे ने कथित सेक्युलर राजनीति से परेशान होकर महा आघाड़ी को छोड़ा। अब एनसीपी को छोड़कर अजित पवार शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गये। अजित पवार के साथ करीब तीस विधायकों के समर्थन का दावा किया जा रहा है। परिवारवाद से पृथक विरासत का सम्मान दिखाई दे रहा है। पहले उद्धव ठाकरे को छोड़ कर एकनाथ शिंदे भाजपा के साथ आ गये थे। अब अजित पवार ने परिवारवादी पार्टी का परित्याग कर दिया है। परिवार आधारित पार्टियों के इतिहास में नये अध्याय जुड़ रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने कुर्सी के लिए वैचारिक विरासत का परित्याग कर दिया था, जबकि भाजपा ने परिवारवाद से पृथक विचारधारा को सम्मान दिया। एकनाथ शिंदे की ताजपोशी इसका प्रमाण था। परिवार के उत्तराधिकारी देखते रहे, सत्ता का हस्तांतरण परिवार के बाहर हुआ। इसके साथ ही विरासत पर दावेदारी भी बदल गई थी। उद्धव परिवार के लोगों पर विचारों की अवहेलना करने का आरोप लगा। इसके जवाब में उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। जिन्हें बाहरी कहा गया, वह विचारधारा पर अमल का संदेश दे रहे है। महाराष्ट्र में बाल ठाकरे के अनुयायी एकनाथ शिंदे भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री बने थे। इस प्रकार भाजपा ने साबित किया कि था कि उसके लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं बल्कि विचारधारा का महत्व है। एकनाथ शिंदे ने बाल ठाकरे की विरासत पर अमल का मंसूबा दिखाया, जबकि उद्धव ठाकरे ने इसे पीछे छोड़ दिया था। उन्होंने कहा था कि हिंदुत्व की भूमिका और राज्य के विकास पर हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की भूमिका के आधार पर राज्य के विकास के लिए वे काम करेंगे। इसी प्रकार अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस का दामन छोड़ दिया। कुछ दिन पहले शरद पवार ने अपनी पुत्री को उत्तराधिकारी घोषित किया था। देवेंद्र फडणवीस के साथ अजित भी उप मुख्यमंत्री बन गये। यह सरकार देवेन्द्र फडणवीस के मुख्यमंत्री काल में शुरू किये गये जनहित कार्यों को आगे बढ़ा रही है। बाल ठाकरे की शिवसेना और भाजपा के बीच स्वाभाविक गठबंधन था। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दों पर परस्पर सहमति थी। लेकिन उनके उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे ने विचारों की जगह मुख्यमंत्री की कुर्सी को महत्व दिया। इसलिए वह एनसीपी और कांग्रेस की शरण में चले गये थे। उद्धव जानते थे कि कांग्रेस और एनसीपी का संख्याबल अधिक है। ऐसे में वह नाममात्र के ही मुख्यमन्त्री रहेंगे। गठबंधन की कमान शरद पवार के नियन्त्रण में थी। वही अघोषित रूप में सुपर सीएम थे। महाराष्ट्र में ढाई वर्ष बाद बाल ठाकरे की राजनीतिक विरासत को सम्मान मिला।

**देवेंद्र फडणवीस के साथ अजित भी उप मुख्यमंत्री बन गये। यह सरकार देवेन्द्र फडणवीस के मुख्यमंत्री काल में शुरू किये गये जनहित कार्यों को आगे बढ़ा रही है।**

**राजनीति**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एनटीपीसी साइलो निर्माण को लेकर त्रिपक्षीय बैठक

**बालूमाथ।** थाना अंतर्गत पी ओ ऑफिस में सोमवार को एनटीपीसी अधिकारी सीसीएल और अंचलाधिकारी बालूमाथ की उपस्थिति में आरा ग्रामीणों के साथ त्रिपक्षीय बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से एनटीपीसी द्वारा साइलो निर्माण में गई रैयतों की भूमि का सीमांकन कर मुआवजा देने एवं सीसीएल द्वारा नौकरी और क्षेत्र में मूलभूत विकास पानी, सड़क आदि की समस्या को अविलंब पूरा करने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

## गुरु पूर्णिमा पर हुए संस्कृतिक कार्यक्रम

**चतरा/हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कोचिंग सेंटर में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। बतातें चले कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमा) को सत्संग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु वंदना के साथ की गई और उसके बाद बनारस से आए गायक अनुराग पाठक ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, निर्गुण, गजल गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिए। भक्तिमय कार्यक्रम सुबह दस बजे से तीन बजे तक चला फिर आरती कर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। लोगों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक विवेक तिवारी, नाल वादक श्रवण पांडेय, संजय तिवारी, सूर्यदेव तिवारी, शेखर राज, अवधकिशोर तिवारी, गौरीशंकर प्रसाद, विगुल प्रसाद, राम प्रवेश गुप्ता, विजय प्रसाद, दीपक तिवारी एवं विणा देवी आदि उपस्थित थे।

## शिशु विद्या मंदिर में मनाई गुरु पूर्णिमा

**चतरा।** हफुआ में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा सह वेद व्यास जयंती धूमधाम से मनाया गया। सचिव दीनानाथ सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा, पूर्व आचार्य राजेंद्र भुइयां, प्रधानाचार्य अभय नारायण सिंह के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भैया-बहनों द्वारा गीत अभिभाषण प्रस्तुत किया गया। सचिव ने पूर्व आचार्य व प्रधानाचार्यों एवं सभी महिला आचार्य सेविका को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी भैया बहन अपने अच्छे संस्कार से विद्या मंदिर का नाम रौशन कर रहे हैं।

# मुखिया को मोहरा बना बिचौलिये कर रहे गबन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका के बरवैया कला पंचायत की मुखिया पिंकी देवी को धोखे में रखकर बिचौलिया मंटू प्रसाद और उसके सहयोगी दीपक प्रसाद के द्वारा विकास कार्यों के पैसे का गबन का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि आदिवासी महिला मुखिया को इस बात की कोई जानकारी भी नहीं दी जाती कि पंचायत के विकास मद में आ रहे फंड का उपयोग किस प्रकार से किया जा रहा है। बिचौलिया मंटू प्रसाद के द्वारा बिना योजना में काम किए ही पैसे की निकासी कर ली जाती है। वित्तीय लेनदेन भी ऑनलाइन भुगतान (डोंगल) से कर ली जाती है। कमीशनखोरी और उगाही लगातार की जा रही है। इससे पंचायत के विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है। बताया जाता है कि मुखिया मात्र एक मोहरा बन कर रह गई है, जिसे कि पंचायत के अन्दर हो रहे कार्यों की कोई जानकारी भी उन्हें नहीं दी जाती है। इसी का फायदा उठाकर मंटू प्रसाद पंचायत में फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड और मस्टर रॉल बनाकर पैसे की निकासी करता है। हर वर्ष गलत तरीके से एक ही योजना के नाम पर पैसे की निकासी की जाती है। और उसके बदले में मंटू प्रसाद सबसे अधिक कमीशन की उगाही करता है। बताया जाता है कि मंटू प्रसाद के द्वारा मुखिया पिंकी देवी को यह भी पता चलने नहीं देता है कि किस योजना में कितना पैसा आया और उस राशि को कहां भेजना है। सारे पैसे की उगाही मंटू प्रसाद एवं उनके एक सहयोगी दीपक प्रसाद के द्वारा कर लिया जाता है। इससे पंचायात के विकास ठप है एवं सरकारी पैसे की लूट जारी है।

## पुलिस ने 48 घंटे में ही किया गणेश गंझु हत्याकांड का खुलासा

# प्रेमी संग पत्नी ने की थी हत्या



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के ढोंटी निवासी गणेश गंझू हत्याकांड का खुलासा चंदवा पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही कर दिया है। हत्या में शामिल मृतक की पत्नी और उसके आशिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त खून से सने टांगी को भी पुलिस के द्वारा बरामद कर लिया गया है। सोमवार को कार्यालय वेस में आयोजित प्रेस वार्ता में हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार ने बताया कि बीती 1 जुलाई को चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के काली-ढोंटी सड़क के किनारे पुलिया के पास से एक शव बरामद किया गया था। बरामद शव की पहचान ढोंटी निवासी गणेश गंझू पिता स्व हिरामन गंझू के रूप में की गई। मृतक के भाई के फर्द बयान पर चंदवा थाना में कांड सं 139/23 दर्ज किया गया है। कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल को इन्वेस्टिगेशन के दौरान पता चला कि मृतक का किसी दूसरे औरत के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक की पत्नी सविता देवी का प्रेम प्रसंग गांव के ही रिश्ते में चचेरे देवर आनंद गंझू के साथ चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ में दोनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। दोनों आरोपियों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि गणेश गंझू का चंदवा के ही सासंग पंचायत की एक अन्य महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और गणेश रांची में जहां काम करता था वहां वह महिला भी साथ रहती थी। दोनों के प्रेम प्रसंग की वजह से गणेश अपनी पत्नी के साथ हमेशा लड़ाई झगड़ा करता था। इससे परेशान होकर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर टांगी से उसकी हत्या कर दी और उसके शव को घर से थोड़ी दूर सड़क किनारे पुलिया के समीप फेंक दिया और पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी गढ़ी। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर घटना प्रयुक्त टांगी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनो अभियुक्तों सविता देवी (35 वर्ष पति स्व गणेश गंझू, आनंद गंझू (23) पिता स्व बल्कु गंझू दोनो ढोंटी थाना चंदवा को धारा 302/201 के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार, पुअनि नारायण यादव,पुअनि दिव्यप्रकाश,पुअनि कुंदन कुमार, पुअनि धर्मेन्द्र कुमार महतो, सअनि अरविंद कुमार सिंह, सअनि रामप्रसाद राम समेत सैट 202 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बड़े भाई की भी दो वर्ष पूर्व हुई थी हत्या

बताते चलें कि 16 जनवरी 2021 को मृतक गणेश गंझू के बड़े भाई सरजु गंझू की भी अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या दी थी, जिसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। सरजू गंझू की भी दो पत्नियां थीं। एक ही घर से दो-दो भाइयों की हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक गणेश गंझू पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था। गणेश के चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटी और एक बेटा है।

# ट्रक ऑनर, डीओ होल्डर, लिफ्टर का माइंस में अवैध वसूली से इनकार



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड अंतर्गत सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ के कांटा नंबर 2 के समीप तेतरियाखाड़ मजदूर विस्थापित रैयत अध्यक्ष गिरधारी यादव की अध्यक्षता में आपातकालीन बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से तेतरियाखाड़ विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर, डीओ होल्डर, ट्रक ड्राइवर, लोडर मालिक सहित बालूमाथ, चंदवा के सैकड़ों ट्रक मालिक उपस्थित हुए।

बैठक में बीते दिनों हिंदी अखबार में प्रकाशित कोलियरी में अवैध वसूली की खबर की समीक्षा की गई। समीक्षा करने वालों में से भू-रैयत विस्थापित समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव तथा तेतरियाखाड़ ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णा साहू, डीओ होल्डर के अध्यक्ष सहित कई माइंस के कर्ता-धर्ता एवं ट्रक मालिकों ने बैठक में उपस्थित एक-एक व्यक्ति से बिना कोई दबाव दिए माइंस से ट्रकों के परिचालन के लिए अवैध रूप से पैसे का लेन-देन की बात पूछी गई। इसमें सभी ट्रक मालिक, डीओ होल्डर्स, लोडर मालिक ने अवैध वसूली से इनकार किया और सभी ने एक स्वर में बोला कि यहां कोई अवैध वसूली नहीं होती है। मौके पर भू-रैयत विस्थापित नेता गिरधारी यादव ने कहा कि अगर अवैध वसूली करने का किन्ही के पास साक्ष्य हो और लेनदेन को प्रमाणित करता हो तो लेने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि तेतरियाखाड़ कोई लूट का अड्डा नहीं है। माइंस में कोई गलत न हो इसके लिए हम विस्थापित परिवार नियमित रूप से माइंस की समीक्षा करते रहते हैं। तेतरियाखाड़ को कोई बदनाम करे यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस माइंस से हजारों परिवार पलते हैं। लोगों ने कहा कि बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन द्वारा माइंड से सटे विस्थापित बेरोजगार युवकों को बाहरी गाड़ियों की देख भाल के लिए 100 रुपये प्रति ट्रक दिए जाते हैं।

बैठक में गिरधारी यादव कृष्णा प्रसाद, मनोज यादव, प्रदीप यादव, काली यादव, गणेश गझु, अविनाश राम, राजेश राम, सोमनाथ उराव, अजय चौधरी, अयूब आलम, मो मुस्तफा, देवनारायण यादव, राजू पासवान, रौशन यादव, मंटू साव, काली यादव, विकास यादव, राजेश राम, कुलदीप यादव, महेंद्र यादव, बुटन यादव, महेंद्र भुइयां, तेकलाल तुरी, रमेश तुरी, दिलीप यादव, चूरामन साव, शिवनारायण साव, सुरेंद्र साव, जगदीश यादव सहित विस्थापित-बालूमाथ-चंदवा के सैकड़ों ट्रक मालिक, लिफ्टर, ड्राइवर, डीओ होल्डर आदि उपस्थित रहे। पी ओ कन्हैया लाल यादव ने कहा कि तेतरियाखाड़ माइंस में किसी प्रकार की कोई अवैध वसूली मेरे संज्ञान में नहीं है। अवैध वसूली का पता चले तो मैं निश्चित तौर पर कार्रवाई करूंगा।

## तीन हाथियों ने घरों व आंगनबाड़ी भवन में मचाया उत्पात

**बालूमाथ।** वन क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर के चमातू तिलैयाटांड़ टोला में बीते रात्रि जंगली हाथियों ने गरीब किसान नरेश उरांव, शिबू उरांव, पिंटू उरांव, शिबदेव उरांव का जंगली हांथीयों ने ध्वस्त कर दिया। जंगली हाथियों ने गणेशपुर पंचायत स्थित आंगनबाड़ी भवन का दरवाजा भी ध्वस्त कर केंद्र में रखें राशन को खाकर नष्ट कर दिया। गरीब किसान का बरसात के दिनों में घर टूट जाने से उनके सामने रहने खाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसको लेकर किसान बहुत ही चिंतित हैं। किसानों ने अविलंब विभाग से जंगली हाथी द्वारा हुए क्षति के मुआवजा की मांग की है। वहीं उपायुक्त से अविलंब सहयोग की मांग की है। वहीं बालूमाथ वन विभाग के वनरक्षी भारत भूषण सहाब और विनय टोप्पो ने घटनास्थल का जायजा लिया एवं किसानों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने की बात कही।

## संक्षिप्त

### एसबीएम में मनाई गई वेदव्यास की जयंती

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार के बंदना सभागार में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ओमकार नाथ सहाय जयंती प्रमुख फुलचंद् सिंह व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर रेनू गुप्ता, लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर नीलम अंबास्टा, अभिनय कुंभकार, रेनू गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्म प्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### साधना व सत्संग के साथ गुरु पूर्णिमा मनाई

**चतरा।** द आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्यों व श्रद्धालु भक्तजनों ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय गंदौरी मंदिर प्रांगण में स्थित अक्षरा एन्क्लेव में आयोजित सामूहिक साधना, गुरुपूजा, सत्संग, ध्यान आदि गुरु पूर्णिमा स्पेशल विभिन्न कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल हुए। कार्यक्रम में मुकेश सिंह, चंद्रशेखर गुप्ता, माधवी गुप्ता, मालती मिश्रा, विपिन जायसवाल, करुणा जायसवाल, अमित कुमार, कविता फूलवंती, सीमा कुमारी, सरोज कुमारी, बबीता कुमारी, चन्द्रदेव प्रसाद, सौरभ मिश्रा आदि ने योगदान दिया।

### एसटी-एससी एक्ट के फरार आरोपी गिरफ्तार

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड थाना कांड संख्या 21/22 एसटी एससी एक्ट के फरार अभियुक्त दो सहोदर भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। अखिलेश दांगी एवं पिंटू दांगी दोनों पिता स्व. तपेश्वर दांगी ग्राम बाराडिह सहोदर भाइयों के खिलाफ गांव की हीं एक दलित महिला के जमीन बाजबरन हड़पने एवं महिला के साथ जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करने का मामला दर्ज कराया गया था।

### सावन मेले को लेकर किया बैठक का आयोजन

**मनिका।** प्रखंड क्षेत्र के नामुदाग पंचायत स्थित मानिकडीह के मणिकेश्वर शिव मंदिर परिसर में दिन सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष दो सावन माह में मंदिर में पूजा अर्चना करने बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को विधि व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं सभी के सर्वसम्मति से मंदिर कमेटी का विस्तार भी किया गया।

### पंचायत सचिवों को किया कार्यक्षेत्र आवंटित

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में नवनियुक्त 7 पंचायत सचिवों को बीडीओ रंथु महतो ने कार्यक्षेत्रों का आवंटन कर दिया है। वहीं संबंधित पंचायत सचिवों ने अपने-अपने पंचायत का प्रभार सोमवार को ग्रहण कर लिया। पत्र में धनगडा एवं पदमपुर श्याम प्रीत, कोयद एवं सराढू मिथिलेश मिंज, गाडीलौंग एवं टंडवा उषा कुमारी, कबरा एवं नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंकज रविदास, किचटो एवं बहेरा जयपाल टोपनो, डहू एवं बड़गांव संजीव टोप्पो तथा नम्रता टोप्पो को बेंती एवं कल्याणपुर पंचायत आवंटित किए गए हैं।

### गुरु पूर्णिमा पर यज्ञ व योग का आयोजन

**लातेहार।** सोमवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर महिला पतंजलि योग समिति की ओर से हवन व योग शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने गुरू पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मुख्य रूप से दीप्ति कुमारी, कनकलता देवी, कांति सिंहा, अर्चना शुक्ला, पूनम देवी, सरस्वती देवी, मनिता देवी, मुनि देवी, रंजू देवी व अनिता देवी सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

### शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा मनाई गई

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा मनाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक द्वारा महर्षि वेदव्यास की गाथा विस्तार पूर्वक विद्यालय के भैया बहन को बताया गया।

### श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना

**लातेहार।** श्रद्धालुओं का एक जत्था रविवार की शाम अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इससे पहले श्रद्धालुओं ने शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में माथा टेका। पवन गुप्ता के नेतृत्व में 11 सदस्यीय जत्थे में विजय कुमार गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, रंजीत कुमार साहु, रविंद्र प्रजापति, संजय कुमार गुड्डू, आशा देवी, निक्कू, रंजन कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार शौंडिक व संतोष कुमार साहु शामिल हैं।

### नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा का शिलान्यास

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बारीखाप कांडरका नदी के समीप पथलगढ़ी स्थल में सोमवार को खरवार भोक्ता समाज विकास संघ ने प्रथम स्वत्रता संग्राम के महानायक वीर शहीद नीलांबर पीतांबर शाही भोगता का प्रतिमा स्थापित को लेकर खरवार भोक्ता विकास समाज संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, उपाध्यक्ष रामनाथ गंझु ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात्त संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

# पुलिस लाइन में कर्मा तालाब व इको फ्रेंडली पार्क का किया गया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



लातेहार एसपी अंजनी अंजन की सकारात्मक पहल पर पुलिस लाइन में नवनिर्मित कर्मा तालाब और डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा इको फ्रेंडली पार्क का उद्घाटन सोमवार को किया गया। इसका शुभारंभ पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, डीएफओ रोशन कुमार तथा सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी ने संयुक्त रूप से किया। डीआईजी ने कहा कि लातेहार एसपी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों के द्वारा किया गया यह कार्य काफी सराहनीय है। इस पार्क के निर्माण के बाद आम लोगों तथा पुलिस के बीच का संबंध और मधुर होगा। वहीं विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार पुलिस लाइन में इस प्रकार का पार्क बनाए जाने से लातेहार के लोगों को काफी लाभ होगा। वहीं एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि पुलिस लाइन का यह जमीन बेकार और बंजर पड़ा हुआ था। पुलिस लाइन के मैदान के समतलीकरण के लिए मिट्टी की कटाई की जा रही थी। उसी दौरान उन्होंने योजना बनाई थी कि जहां मिट्टी कटाई हो रही है वहां तालाब और पार्क बनाया जाएगा। यह इको फ्रेंडली पार्क लातेहार की जनता को समर्पित है। मौके पर पुलिस लाइन के प्रांगण में औषधीय तथा सुगंधित गुणों वाले पौधों को भी लगाया गया। इस दौरान मुख्य रूप चंदन, पीपल, बरगद समेत अन्य प्रकार के पौधे लगाए गए।

## वृंदा-सिसई कोल परियोजना को लेकर बुद्धिजीवियों की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में प्रस्तावित वृंदा-सिसई कोल परियोजना क्षेत्र के प्रभावित प्रबुद्ध भू-रैयतों की बैठक टंडवा के होटल रूक्मिणी में हुई। इसकी अध्यक्षता कबरा मुखिया निलेश ज्ञासेन व संचालन अरविंद पाठक ने किया। इस दौरान आवंटन प्राप्त डालमिया कंपनी के कुछ कथित लोगों द्वारा गुपचुप तरीके से ग्रामीणों को बरगलाने के कारण आपसी टकराव होने की संभावना प्रकाश में आया। जिसपर लोगों ने चिंता प्रकट करते हुए घोर निंदा किया। कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें खनन कार्य के विस्तारीकरण से पूर्व वर्ष 2010-11 के आसपास आवंटित कंपनी अभिजित द्वारा मुआवजा व अधिगृहित भूमि संबंधित विवादों का निदान की प्राथमिकता दी गई।

# वज्रपात से दो लोगों की मौत, एक हुआ घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ सोमवार की संध्या हुई बरसात के साथ वज्रपात में दो लोगों की मौत हो गई है और 1 घायल है। थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव में बारिश के दौरान वज्रपात होने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक किसान बबूर यादव का पुत्र भोला यादव उर्फ निलचंद यादव (35) है। जानकारी के अनुसार मृतक भोला यादव ट्रैक्टर से जुताई करने के लिए खेत पर गया था कि इसी दौरान जोरदार बारिश होने लगी और बारिश से बचने के लिए वह एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी बीच वज्रपात की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गए हैं। वहीं हेमपुर गांव के लोहसिंगना टोला के महेश गंझू पिता स्व.पूरण गंझू तथा हृदय गंझू पिता चोक गंझू डैम में मछली मारने के दौरान वर्षा होने पर एक पेड़ के नीचे थे। इसी बीच वज्रपात होने से हृदय गंझू की घटना स्थल ही मौत हो गई जबकि महेश गंझू गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे एम्बुलेंस से मकैयाटाड़ पिकेट पुलिस के द्वारा सीएचसी लाया गया जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है।

**वज्रपात से दो मवेशियों की मौत**

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के हेहेगड़ा ग्राम में रविवार रात्रि वज्रपात में दो मवेशियों की मौत हो गई। कमलेश यादव की दो गाय अपने घर के सामने खलिहान में थी। इसी बीच हुई वज्रपात से खलिहान की दोनों गाय की मौत हो गई।

## पहल | निर्माण में विलंब को लेकर ग्रामीणों ने आयोजित किया अनोखा कार्यक्रम

# हवन से कटेगा आरओबी पर बुरे असर का प्रभाव

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



एनएच 99 (नया 22) रांची-चतरा मुख्य पथ पर टोरी - जंक्शन के पूर्वी छोर पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण में हो रहे विलंब को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को शिलान्यास स्थल पर लगाये गए शिलापट्ट के समीप अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया। पडित रविकांत दुबे के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से शिलापट्ट का सतैईसा पूजा और हवन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे कामता पंसस अयुब खान और पंडित रविकांत दुबे ने कहा कि पूजा हवन से ओवरब्रिज निर्माण के ऊपर पड़े बुरे प्रभाव का असर कट जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार समेत जिला प्रशासन की नजर रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या एवं फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की ओर आएगा। ज्ञात हो कि आरओबी निर्माण के लिए ऑनलाइन शिलान्यास 3 जुलाई 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम के हांथों संपन्न हुआ था। शिलान्यास के आज 27 माह हो गया लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ है, इससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।

मंत्री नीतिन गडकरी ने शिलान्यास के समय कहा था यह परियोजना दो वर्षों में पूरा हो जाएगी लेकिन इसके उलट दो वर्ष तीन माह हो गया परंतु अब तक यहां काम शुरू ही नहीं हुआ है। उक्त सड़क पर क्रॉसिंग से होकर प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोग आवागमन करते हैं। यहां से बड़ी संख्या में एक्सप्रेस और गुड्स ट्रेनें गुजरती हैं जिसके कारण बार - बार क्रॉसिंग को बंद करना पड़ता है। इसके चलते यहां घंटों जाम लगा रहता है। जाम की समस्या खत्म करने के लिए लंबे समय से यहां के लोग आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार हमारी मांगों को अनदेखा कर रही है। घंटों क्रॉसिंग बंद रहने से मरीज जाम में फंसकर असमय मौत के काल में समा जा रहे हैं। लोगों ने हवन पूजन कार्यक्रम में फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की कामना की।

पूजा कार्यक्रम में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह,अचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, कैश खान, संतोष जायसवाल, गोपी गंझु, बीरु साव, मुन्ना गंझु, राजु कुमार साव, रमजान साई चिस्ती, पारस गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, द्वारीका ठाकुर, राहुल कुमार, खीरु साव, जमुना जायसवाल, मिथिलेश साव, विजय जायसवाल, साजीद खान, शंकर साव, धनु साव, रसीद मियां, अनिल राम, जगरनाथ साव आदि मौजूद थे।

## एएनएम पर प्रसव कराने के एवज में पैसे लेने का आरोप

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र गोनिया के एएनएम प्रेमलता कुमारी द्वारा प्रसव कराने के एवज में 1600 लेने का मामला प्रकाश मे आया है। सिबला ग्राम स्थित पैसरा टोला निवासी मुकेश उरांव ने बताया की मेरे पत्नी सीमा कुजूर को प्रसव पीड़ा हुआ उसके पश्चात स्वास्थ्य उप केंद्र गोनिया लेकर पहुंचे। प्रसव होने के बाद एएनएम प्रेमलता कुमारी ने मुझसे प्रसव कराने के एवज में 1600 रुपये मांग करने लगी। बोली जब तक पैसे नहीं दोगे तब तक छुट्टी नहीं मिलेगी। विवश होकर पैसे कर्ज कर एएनएम को दिया गया तब छुट्टी दी गई। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी गोनिया उप केंद्र की एएनएम द्वारा पैसा लेने का मामला आया था, परंतु अब तक कार्रवाई नहीं होने से मनमानी करते आ रही हैं। सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने बताया कि जाच की जाएगी। जांच के बाद सही पाये जाने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।




## NEWS इन ब्रीफ

### दिल्ली हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि वह फिलहाल जमानत के हकदार नहीं हैं। अदालत ने सिसोदिया के अलावा उद्योगपति अभिषेक बोइनपल्ली, बिनॉय बाबू और विजय नायर की याचिकाएं भी खारिज कर दीं। ईडी द्वारा दर्ज धन शोधन के मामले में ये सभी सह-आरोपी हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से विज्ञापनों पर खर्च का ब्योरा मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना के निर्माण के लिए धन देने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद दिल्ली सरकार के विज्ञापनों पर खर्च पर नाराजगी जताई।न्यायमूर्ति एस.के. कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार को पिछले तीन वित्तीय वर्षों में विज्ञापनों पर खर्च किए गए धन का विवरण देने के लिए दो सप्ताह के भीतर एक हलफनामा पेश करने का आदेश दिया। दिल्ली सरकार के वकील के यह कहने के बाद कि धन की कमी है, शीर्ष अदालत ने सवाल उठाया, यदि आपके पास विज्ञापनों के लिए पैसा है, तो आपके पास उस परियोजना के लिए पैसा क्यों नहीं है जो सुचारू परिवहन सुनिश्चित करेगी?

# 'विकास के लिए अनुसंधान जरुरी'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कोई भी देश अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी को अपनाये बिना प्रगति नहीं कर सकता। मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू किये गए भारतीय जनता पार्टी के जनसम्पर्क अभियान के तहत एनआईटी दिल्ली के छात्रों से संवाद करते हुए जयशंकर ने विद्यार्थियों को स्थानीय एवं वैश्विक घटनाक्रम को समझने का सुझाव दिया। विदेश मंत्री ने कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध का पेट्रोलियम और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभावों का जिक्र करते हुए कहा, वैश्विकरण ने अंदर और बाहर की दीवारों को ध्वस्त कर दिया है और आपको समझना होगा कि आपके आसपास क्या घटित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी को अपनाये बिना प्रगति नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षो में कई बदलाव हुए हैं। पीएम की हाल की अमेरिका यात्रा का उल्लेख करते हुए जयशंकर ने कहा, उनकी एक अलग छवि है, खास तौर पर लोकतांत्रिक दुनिया में उनकी (मोदी) एक वरिष्ठ अनुभवी और विश्वसनीय नेता की छवि है।



### खालिस्तानी पोस्टरों का मुद्दा उठाएगी सरकार

**विदेश मंत्री** ने कहा कि कनाडा में खालिस्तानी तत्वों के पोस्टरों पर भारतीय राजनयिकों के नाम दिखने का मुद्दा कनाडा और अन्य देशों की सरकारों के साथ उठाया जाएगा क्योंकि इससे संबंधों पर असर पड़ सकता है। जयशंकर ने कहा, हमने कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे अपने साझेदार देशों से खालिस्तानियों को जगह नहीं देने का अनुरोध किया है। इससे हमारे संबंधों पर असर पड़ेगा। हम इस पोस्टर मुद्दे को इन देशों की सरकार के समक्ष उठाएंगे।

# ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी

## विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**एजेंसी। मुंबई**

रिलायंस एडीए समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन से जुड़ी जांच के सिलसिले में सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अंबानी (64) ने दक्षिण मुंबई स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया। सूत्रों



ने बताया कि 'फेमा' की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक नये मामले में अंबानी का बयान दर्ज किया गया है। अनिल अंबानी येस बैंक के प्रवर्तक राणा कपूर और अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले में 2020 में ईडी के समक्ष पेश हुए थे। पिछले साल अगस्त में, आयकर विभाग ने स्विस बैंक के दो खातों में रखे गये 814 करोड़ रुपये से अधिक अघोषित धन पर 420 करोड़ रुपये की कर चोरी करने को लेकर काला धन रोधी कानून के तहत अंबानी को एक नोटिस जारी किया था। बंबई उच्च न्यायालय ने मार्च में, आयकर विभाग के इस कारण बताओ नोटिस पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था।

# पीएम मोदी आज एससीओ बैठक की करेंगे मेजबानी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री आज डिजिटल माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक की मेजबानी करेंगे, जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हिस्सा लेंगे। इस बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा की स्थिति और कारोबार एवं सम्पर्क बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होने की उम्मीद है। पिछले सप्ताह निजी सेना वैग्नर ग्रुप के विद्रोह की घटना के बाद किसी बहुपक्षीय मंच पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहली भागीदारी होगी। वैग्नर ग्रुप का विद्रोह हालांकि अल्पाकालिक रहा था। भारत की अध्यक्षता में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की होने वाली इस शिखर बैठक में ईरान का इस समूह के नये स्थायी सदस्य में रूप में स्वागत किया जाएगा। बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि समझा जाता है कि एससीओ की शिखर बैठक में अफगानिस्तान की स्थिति, यूक्रेन संघर्ष और समूह के सदस्यों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि कारोबार एवं सम्पर्क बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की जा सकती है। यह शिखर बैठक पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में भारतीय एवं चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध जारी रहने के तीन वर्ष पूरे होने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में हुई अमेरिका की यात्रा की पृष्ठभूमि में हो रही है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

## मुख्तार अंसारी के मुद्दे पर गरमाई पंजाब की सियासत

# अमरिंदर सिंह-रंधावा को नोटिस

### रंधावा बोले 55 लाख नहीं 17 लाख था खर्च

### सरकार ने नोटिस नहीं फाइल की नोटिंग की जारी

**एजेंसी। चंडीगढ़**

उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के मुद्दे पर पंजाब की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। पंजाब सरकार ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा पूर्व जेल मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा से पैसे वसूल करने को लेकर नोटिस जारी कर दिया है। आज पूरा दिन चंडीगढ़ में इस मुद्दे को लेकर बैठकों का दौर चलता रहा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को यह ऐलान किया था कि मुख्तार अंसारी पर खर्च किए गए 55 लाख रुपये की धनराशि तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा पूर्व जेल मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा से वसूल की जाएगी। इसके बाद सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं तत्कालीन



गृहमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मामले में झूठ बोल रहें हैं कि गैंगस्टर अंसारी की पैरवी का खर्च 55 लाख रुपये बनता है। उन्होंने दस्तावेजी प्रमाण जारी करते हुए कहा कि अंसारी की पैरवी पर केवल 17 लाख 60 हजार रुपये खर्च हुआ है। रंधावा ने कहा कि वह जब पंजाब के जेल मंत्री थे तब उनके पास खर्च की फाइल आई थी तो उसे वापस भेज दिया था। रंधावा ने कहा कि किसी भी अपराधी को कैसे और कहां रखना है यह पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। रंधावा ने पंजाब के मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि वह उन्हें रिकवरी नोटिस भेजें वह इस नोटिस का इंतजार कर रहे हैं। रंधावा ने कहा कि वह नोटिस लिये बगैर दिल्ली नहीं जाएंगे। रंधावा की इस चुनौती के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कैप्टन अमरिंदर सिंह तथा सुखजिंदर सिंह रंधावा के नाम नोटिस को ट्वीट कर दिया। नोटिस मिलने के बाद रंधावा ने कहा कि यह नोटिस नहीं बल्कि फाइल की नोटिंग है। नोटिस और नोटिंग में फर्क होता है। रंधावा ने कहा कि वह इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में जाएंगे। दूसरी तरफ कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि उन्हें अभी नोटिस नहीं मिला है। नोटिस मिलने पर वह मुख्यमंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# सीजेआई ने न्यायालय में नि:शुल्क वाईफाई सुविधा की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय में पहले पांच अदालत कक्ष वाई-फाई से लैस हो गए हैं और सभी अदालत कक्षों में कानून की कोई किताब और कागजात नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय के डिजीटलीकरण की ओर इस बड़े कदम की घोषणा करते हुए सीजेआई ने कहा, अब किताबें चली गयी है, इसका यह मतलब नहीं है कि हमें किताबों की जरूरत नहीं पड़ेगी। सीजेआई ने कहा, हमने पहले से पांचवें अदालत कक्ष को वाईफाई से लैस कर दिया है। बार के कमरे वाईफाई से लैस हैं। अदालत के सभी कक्ष ऐसे ही होंगे, कोई किताब और कागजात नहीं होंगे - इसका यह मतलब नहीं है कि हमें कभी किताबों और कागजात की जरूरत नहीं पड़ेगी। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने सुनवाई शुरू होने पर कहा, कृपया मुझे फीडबैक दीजिए कि क्या सब कुछ अच्छी तरह काम



कर रहा है। शीर्ष अदालत ने छह सप्ताह के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार को फिर से काम शुरू किया। अदालत ने सभी वकीलों, वादियों और मीडियाकर्मियों के साथ परिसर में आने वाले अन्य लोगों के लिए निशुल्क वाईफाई की सुविधा उपलब्ध करायी है। यह कदम ई-पहल के तहत लिया गया है और एससीआई वाईफाई पर लॉगइन कर इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय के एक अधिकारी ने बताया कि उपयोगकर्ताओं को अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिस पर उन्हें वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आएगा और वे इसके सत्यापन के लिए इसका इस्तेमाल करेंगे।

# उप्र : मार्ग दुर्घटनाओं में नौ की मौत, कई घायल

**एजेंसी। लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में सोमवार को मार्ग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हुई है। मथुरा और मुजफ्फरनगर सड़क हादसे में तीन-तीन जबकि फिरोजाबाद, मेरठ और बुलंदशहर में एक-एक की मौत हुई है। दुर्घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मथुरा के एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश से करीब 50 से लोग ट्रैक्टर-टॉली में बैठकर मथुरा आए थे। गोवर्धन सप्तकोसीय परिक्रमा करने के बाद सोमवार की सुबह वापस लौट रहे थे। तभी फरह थाना के रैपुराजाट चौकी क्षेत्र अंतर्गत आगरा-दिल्ली राजमार्ग पर तेज रफ्तार एक कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों में से तीन की मौत हो गई है। पुलिस ने एक शव की शिनाख्त राजस्थान निवासी गोवर्धन (74) के रूप में की है। अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मुजफ्फरनगर जनपद में मंसूरपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित दिल्ली देहरादून हाईवे-58 पर सोमवार को एक बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में अजय और अनमोल की मौके पर मौत हो गई, जबकि रोहित ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का इलाज बेगराजपुर मेडिकल में चल रहा है।

# मणिपुर हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से ताजा स्थिति पर रिपोर्ट मांगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर में कुकी और मेइती समुदायों के बीच झड़प के बाद स्थिति में सुधार के राज्य सरकार के दावे के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्वोत्तर राज्य की ताजा स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ गैर सरकारी संगठन मणिपुर ट्रिब्यूनल फोरम द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई कर रही थी जिसमें संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए आदिवासी क्षेत्रों में सेना की तैनाती की मांग की गई थी। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार



मेहता ने अदालत को सूचित किया, स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन धीरे-धीरे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कंपनियां तैनात की गई हैं। कर्फ्यू को घटाकर पांच घंटे कर दिया गया है। स्थिति में सुधार हुआ है।" इसके विपरीत, वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस ने तर्क दिया कि कई उग्रवादी समूहों के नेता खुलेआम कुकियों को नष्ट करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रविवार की रात तीन कुकियों की हत्या कर दी गई, जिनमें एक का सिर काट दिया गया। मेहता ने गोंसाल्वेस के दावों का विरोध किया और कहा कि मामले को सांप्रदायिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि यहां वास्तविक इंसानों का मसला है। शीर्ष अदालत ने मामले को 10 जुलाई के लिए स्थगित करते हुए कहा, अब हम रिपोर्ट देखेंगे और इस पर सोमवार को सुनवाई करेंगे।"

## FILMY हलचल

### 'गदर 2' में नाना पाटेकर देंगे अपनी आवाज

**अनुभवी** अभिनेता नाना पाटेकर, जो 'वेलकम', 'नटसम्राट', 'परिंदा', 'टैक्सी नंबर 9 2 11' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अपकमिंग फिल्म 'गदर 2' का हिस्सा बनेंगे। इस फिल्म में सनी देओल और अमीषा पटेल लीड रोल में हैं। फिल्म की शुरूआत में ही वह दर्शकों को 'गदर 2' का परिचय देंगे। जैसे-जैसे रिलीज डेट करीब आ रही है, 'गदर 2' को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। यह फिल्म 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्वल है जो सिनेमाघरों में आमिर खान अभिनीत 'लगान' के साथ टकराई थी। दोनों फिल्मों का हिंदी सिनेमा पर गहरा प्रभाव पड़ा। 'लगान' ने अकादमी नामांकन में जगह बनाई, जहां यह बोस्नियाई फिल्म 'नो मैन्स लैंड' से हार गई। इससे पहले, 'गदर 2' के निमार्ताओं ने हिट ट्रैक 'उड़ जा काले कावा' का नया वर्जन जारी किया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। जी स्टूडियो द्वारा निर्मित और अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित 'गदर 2' में उत्कर्ष शर्मा भी हैं।



### डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ चौथी बार काम करेंगे अल्लू अर्जुन



**तेलुगु** सुपरस्टार अल्लू अर्जुन अपकमिंग फिल्म के लिए चौथी बार निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ काम करेंगे। वह 'पुष्पाः द राइज', 'अला वैकुंठपुरमुलु', 'सरेनोडु' और कई अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। त्रिविक्रम की नैरेटिव और अल्लू अर्जुन की स्क्रीन परफॉर्मेंस बड़े पैमाने पर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। कहा जा रहा है कि अल्लू अर्जुन और त्रिविक्रम श्रीनिवास के बीच अपकमिंग अनटाइटल प्रोजेक्ट सबसे बड़े बजट में से एक है। यह फिल्म पूरे भारत में कई भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के टाइटल, कास्ट और रिलीज डेट के बारे में अधिक जानकारी फिलहाल नहीं दी गई है।

### 'अधूरा' के सेट से वापस कमरे में आने में लगता था डर : रसिका

**एक्ट्रेस** रसिका दुग्गल अपनी अपकमिंग हॉरर सीरीज 'अधूरा' की तैयारी कर रही हैं। एक्ट्रेस ने शेयर किया कि शो के सेट पर भयानक माहौल को देखते हुए शूटिंग के बाद जब भी वह अपने कमरे में वापस जाती थी, तो वह डर जाती थीं। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रेणिक अरोड़ा और पूजन छाबड़ा भी हैं और यह एक गलत रियूनियन की कहानी प्रस्तुत करता है। अपने एक्सपीरियंस को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, सेट पर जो भयानक माहौल था, वह मेरे पहले अनुभव से अलग था और जब भी मैं शूटिंग के बाद कमरे में



वापस आती थी, तो मैं डर जाती था। सस्पेंस भरी स्टोरी और इमर्सिव प्रोडक्शन डिजाइन का मुझ पर गहरा असर पड़ा। एक एक्टर के रूप में, मुझे अपने किरदार के प्रति गर्व है, लेकिन 'अधूरा' इसे दूसरे लेवल पर ले गया।" उन्होंने आगे कहा, ऐसे मोमेंट्स थे जब फिक्शन और रियलिटी के बीच की लाइन ब्लर हो गई, जिससे कैमरे के बंद होने पर भी मुझे बेचैनी का एहसास होने लगा। यह कहानी कहने और पूरी टीम के समर्पण का नतीजा है। जब दर्शक 'अधूरा' देखेंगे, तब मैं रोमांच को महसूस करने का इंतजार नहीं कर सकती।" एम्मे एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और अनन्या बनर्जी और गौरव के. चावला द्वारा निर्देशित, सीरीज में रिजुल रे, जोआ मोरानी, साहिल सलाथिया, अरु कृष्ण वर्मा, रसिका दुग्गल, श्रेणिक अरोरा और राहुल देव महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

**राजनीति** एनसीपी नेताओं-पदाधिकारियों को एफिडेविट के साथ बुलाया

# एक्शन मोड में आए शरद पवार

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में फूट के बाद पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार एक्शन मोड में आ गए हैं। सोमवार को सातारा जिले के कराड में पूर्व मुख्यमंत्री यशवंत राव चव्हाण के समाधि स्थल पर पहुंचकर शरद पवार ने कहा कि उनकी पार्टी को तोड़ने वालों को सबक सिखा देंगे। इसके साथ ही शरद पवार ने मुंबई स्थित यशवंत राव चव्हाण प्रतिष्ठान में 5 जुलाई को राकांपा नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में शरद पवार ने सभी को एफिडेविट के साथ आने के लिए कहा है। कराड में शरद पवार के साथ कांग्रेस नेता



पृथ्वीराज चव्हाण, राकांपा सांसद श्रीनिवास पाटिल विधायक मकरंद पाटिल, अतुल बेनके, बालासाहेब पाटिल, शशिकांत शिंदे, रोहित पवार उपस्थित थे। इनमें से मकरंद पाटिल, अतुल बेनके और बालासाहेब पाटिल रविवार को राजभवन में अजीत पवार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भी उपस्थित थे। शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुछ सामाजिक विनाशकारी प्रवृत्तियां उथल-पुथल की भूमिका निभा रही हैं। शरद पवार ने इन प्रवृत्तियों को उनकी जगह दिखाए बिना नहीं छोड़ा जाएगा। देश और राज्य में लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, इसलिए अधिकारों को सुरक्षित रखने की जरूरत है। इसी प्रवृत्ति के चलते प्रदेश में सांप्रदायिक झगड़े और दंगे कराने की कोशिश की जा रही है। अब इस विनाशकारी सामाजिक प्रवृत्ति के खिलाफ लड़ने का समय आ गया है। शरद पवार ने उपस्थित लोगों से इस तरह की प्रवृत्तियों के विरुद्ध संघर्ष करने का आह्वान किया। इस बीच, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने भी 5 जुलाई को ही बांद्रा में अपने समर्थकों की बैठक बुलाई है। इसलिए 5 जुलाई को साफ हो जाएगा कि राकांपा में कौन किसके साथ है।

### शरद पवार मजबूत नेता, कोई फर्क नहीं पड़ने वाला : लालू

**पटना।** महाराष्ट्र में सियासी उठापटक के बीच भाजपा सहित कई अन्य विपक्षी पार्टियां भले ही बिहार में टूट का दावा कर रही हों, लेकिन राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने इन सबको नकारते हुए कहा कि भाजपा घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि हमलोग एकजुट हैं। पटना में सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए जब महाराष्ट्र प्रकरण को लेकर सवाल पूछा गया, तब लालू प्रसाद ने शरद पवार का समर्थन करते हुए कहा कि वो देश के मजबूत नेता हैं। इस प्रकरण से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। राजद अध्यक्ष ने कहा कि शरद पवार की अपनी शक्ति है, भाजपा उनके सामने फेल हो जाएगी।

### राज्य से फाइलेरिया समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता

# झारखंड के 9 जिलों में 10-25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार लिंफेटिक फाइलेरिया (हाथी पांव) के उन्मूलन की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक झारखंड के 9 फाइलेरिया प्रभावित जिले (हजारीबाग, चतरा, पलामू, लातेहार, दुमका, गोड्डा, सरायकेला, जामताड़ा और पश्चिमी सिंहभूम) में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इसके तहत वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 9 जिलों के भीबीडी पदाधिकारी, जिला भीबीडी



पदाधिकारी, सलाहकार, मलेरिया निरीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि एमडीए कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया रोग की दवा प्रशिक्षित कर्मियों के सामने ही लाभार्थियों को दें। फाइलेरिया का उन्मूलन करना राज्य की प्राथमिकता है। साथ ही समाज के लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा दिया जाना गया। डॉ. सिंह ने कहा कि अप्रैल 2023 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में लिम्फेडिमा (अंगों में सूजन) के लगभग 54172 मरीज हैं। वहीं हाइड्रोसील के 40561 मरीज हैं। जिनमें से 23443 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। कार्यक्रम में राज्य सरकार की एंटोमोलोजी की परामर्शदात्री सज्ञा सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य एनटीडी समन्वयक डॉ। अभिषेक पॉल ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधि अनुज घोष समेत अन्य मौजूद रहे।

### न्यूक्लियस मॉल की जमीन मामले में जांच हो रही है या नहीं : कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल को लेकर दाखिल पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि न्यूक्लियस मॉल की जमीन मामले में जांच हो रही है या नहीं, अगर जांच हो रही है तो क्या बात सामने आयी है। कोर्ट ने मामले में सीबीआई को भी प्रतिवादी बनाया है। हाई कोर्ट ईडी के अधिवक्ता को इंस्ट्रक्शन लेने का निर्देश दिया है कि क्या इस मामले का अनुसंधान ईडी कर रही है। कोर्ट को बताया गया कि एक मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से ईडी पूछताछ कर रही है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया है कि लालपुर में जो न्यूक्लियस मॉल बना है वह गलत ढंग से बना है।

### आचार्यकुलम विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व : प्राचार्या सुजाता कौरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य श्रद्धेय योग गुरु (स्वामी रामदेव जी महाराज) के आशीर्वचन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है। गुरु अंधकार रूपी नदी में प्रकाश हैं। अंधकार रूपी नदी को पार करने के लिए ज्ञान रूपी गुरु की आवश्यकता होती है। हर वह व्यक्ति गुरु है, जो किसी न किसी रूप में हमें ज्ञान देते हैं। अतः हमें अपने माता-पिता, गुरुजनों और बड़ों का सदैव सम्मान करना चाहिए। आप सभी को अपने



गुरुजनों की बताए हुए मार्ग चलना चाहिए। आप सभी ऐसा करते हैं तो आपको लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होगी। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने अपने गुरु के सम्मान में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी भाषाओं भाषण भी प्रस्तुत किए। सभी के मन में गुरु के प्रति श्रद्धा के भाव झलक रहे थे। गुरु पूर्णिमा, गुरु को महत्व देने के लिए महान गुरु वेदव्यास जी के जयंती पर मनाया जाता है। विद्यालय के प्रबंधक परम पूज्य स्वामी दिव्यदेव जी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### गुरुनानक स्कूल में पूर्व उप-प्राचार्या को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रांची की पूर्व उप-प्राचार्या जसबीर कौर आनंद के निधन पर सोमवार को विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जसबीर कौर ने अपने जीवनकाल के 30 वर्ष विद्यालय को दिए। उन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, लगन व मेहनत से विद्यालय को प्रगति के पथ पर ले जाने का प्रयास किया। प्राचार्या डॉ कैप्टन सुमित कौर, उप-प्राचार्या सोनिया कौर सहित सभी शिक्षक व विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह, उपाध्यक्ष कर्नल विजय सिंह, सचिव सरदार परमजीत सिंह टिंकू, सहसचिव सरदार रंजीत सिंह दोद व सरदार हरमीत सिंह ने भी जसबीर कौर आनंद के कार्यों व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# एचईसी के कर्मचारियों की इलाज की सुविधा भी हुई बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) और यहां के कर्मचारियों की हालत दिन ब दिन बिगड़ती ही जा रही है। कर्मचारियों की तंगी इतनी बढ़ गयी है कि उन्हें और उनके परिजनों को खाने-पीने के भी लाले पड़ गये हैं। इतना ही नहीं गंभीर बीमारी होने पर ईएसआई से इलाज कराने की सुविधा भी बंद हो गयी है। एचईसी ने अधिकारियों को 18 माह और कर्मियों को 14 माह का वेतन नहीं मिला है। उनका डीए भी बंद हो गया है। प्लांट में खाना, पानी और एंबुलेंस समेत सभी सुविधाएं रोकी जा चुकी है। हैवी मशीन टूल्स प्लांट (एचएमटीपी) के कर्मी कुंदन शर्मा के पिता




नारायण शर्मा बीते कई दिनों से बीमार चल रहे हैं। ईएसआई अस्पताल जाने पर इलाज के दौरान उन्हें कैंसर का पता चला। ईएसआई के सर्जिकल के डॉक्टर ने उन्हें टाटा ट्रस्ट के कैंसर हॉस्पिटल में रेफर किया। लेकिन ईएसआई रजिस्ट्रेशन करने वाले कर्मी ने बताया कि एचईसी द्वारा पैसा जमा नहीं किया जा रहा है, जिस कारण उन्हें रेफर नहीं किया जा सकता है। कर्मी कुंदन शर्मा ने बताया कि 14 माह का वेतन भी नहीं मिला है और जब ईएसआई की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब वह भी काम नहीं आई। अब वे अपने पिता का इलाज खुद के पैसे से टाटा ट्रस्ट के कैंसर हॉस्पिटल में करा रहे हैं। जबकि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। और कोई चारा भी नहीं है। एचएमटीपी के कर्मी मो असलम ने बताया कि 14 माह का वेतन नहीं मिलने से जिंदगी बेपटरी हो गई है। कर्ज लेकर गुजर- बसर हो रहा है। परिवार के लोगों को आधे पेट ही भोजन करवा पा रहे हैं। बच्चों का स्कूल फीस भर पाने में भी असमर्थ गया हूं। समझ नहीं आ रहा है कि परिवार वालों को बेहतर जिंदगी कैसे दें।

# एक्सआईएसएस की डॉ. राजश्री अध्ययन के लिए अमेरिका गईं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची के रूरल मैनेजमेंट कार्यक्रम से डॉ. राज श्री वर्मा को यूएस इंस्टीट्यूट (एसयूएसआई) के विषय पर अध्ययन के लिए एक एक्सचेंज प्रोग्राम में भाग लेने के लिए नामांकित और चुना गया है। यह प्रोग्राम अमेरिकी सरकार द्वारा प्रायोजित 'अर्थशास्त्र और सतत विकास' अमेरिकी राज्य विभाग के शैक्षिक और सांस्कृतिक मामलों के ब्यूरो (ईसीए) द्वारा आयोजित किया गया। मोंटाना विश्वविद्यालय (यूएम) इस कार्यक्रम का प्रबंधन करेगा और प्रशिक्षण और विकास संस्थान (आईटीडी),



सफोल्क विश्वविद्यालय के साथ मिलकर, 1 जुलाई से 9 अगस्त, 2023 तक एमहर्स्ट और बोस्टन, मैसाचुसेट्स में संस्थान की मेजबानी करेगा। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे ने इस चयन पर कहा, एक्सआईएसएस को बहुत खुशी और गर्व है कि डॉ. राज श्री ने अमेरिका में होने वले इस अध्ययन में अपनी जगह बनाई है। उनका अनुभव और आयोजकों और प्रतिभागियों के साथ बातचीत और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्कृति में उनकी इच्छा निश्चित ही संस्थान को लाभ पहुंचाएगी। यह अमेरिकी परिसर में एक अल्पकालिक अध्ययन होगा जहां दुनिया भर से 18 अनुभवी विदेशी विश्वविद्यालय फैकल्टी, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और नीति निमार्ताओं का एक बहुराष्ट्रीय समूह अमेरिकी संस्कृति और समाज के बारे में जानने और अनुभव करने के लिए एक साथ आएगा।

# विधायक सीपी सिंह ने किया नये योग संस्थान का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सोमवार को योगाचार्य आर्य प्रह्लाद भगत के नए योग संस्थान का उद्घाटन विधायक सीपी सिंह ने किया। मौके पर आर्य प्रह्लाद भगत ने बताया कि योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा को पूरे भारत में फैलाने वाले नटराज योग संस्थान की ओर से नियमित योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा हैं। इसी उद्देश्य से आज लालपुर में नए शाखा रोहिणी शिव योग आश्रम का उद्घाटन धूम धाम से किया गया। संस्थान में आयुर्वेद, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, योग से सभी बीमारियों को ठीक किया जाएगा।

### जानकारी | बीएयू ने किया लघु कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित

# शहीदों के गांवों में किया जा विकास का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह की पहल एवं मार्गदर्शन में झारखंड राज्य के स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद नायकों के गावों में तकनीकी हस्तांतरण के माध्यम से किसानोपयोगी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसकी 5 वीं कड़ी में स्वतंत्रता सेनानी 'पोटो हो' के चाईबासा जिले के टोंन्टो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया गांव में विगत रविवार को किसान गोष्ठी-सह-लघु कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएयू कुलसचिव एवं अध्यक्ष (पौधा रोग विभाग) डॉ नरेंद्र कुदादा ने सेरेंगसिया गांव के जनजातीय किसानों को चालु खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों की उन्नत खेती तकनीकी तथा फसलों के रोग एवं कीट प्रबंधन के तरीकों को बताया। किसानों को खरीफ फसलों की जैविक खेती तकनीक एवं इसके लाभों की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), जगरनाथपुर



(चाईबासा) के प्रभारी डॉ. सनत कुमार सवैंया ने किसानों को प्लास्टिक वर्मी बेड के माध्यम से कम मूल्य में केंचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट) उत्पादन तकनीक की जानकारी दी। बताया कि प्लास्टिक वर्मी बेड की आयु 10 वर्ष होती है। इस प्लास्टिक नुमा कंटेनर में रसोई के अवशिष्ट, हरे कचरे, गोबर एवं अन्य अवशिष्ट के साथ केंचुआ डालकर कम समय एवं सरल तरीके पोषक तत्वों से भरपूर जैविक खाद का उत्पादन किया जा सकता है। कार्यक्रम प्रभारी एवं बीएयू एटिक प्रबंधक डॉ बन्धनु उराँव ने किसानों को कृषि कार्य के उन्नयन एवं विकास में उपयोगी लघु कृषि उपकरण के उपयोग से श्रम शक्ति की बचत एवं 25-30 प्रतिशत कृषि लागत में कमी की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को नवीनतम लघु कृषि उपकरणों के उपयोग से किसानी कार्यों में अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। किसान गोष्ठी के दौरान सेरेंगसिया गांव के कुल 100 जनजातीय किसानों को दस प्रकार के विभिन्न लघु कृषि उपकरणों में मेज सेलर, गार्डन वेस्ट बेल्ट, सिंकल प्लास्टिक ग्रीप, गार्डन टूल्स, हैण्ड वीडिंग फोर्क, हैण्ड कल्टीवेटर, हैण्ड हो, हैण्ड वीडर, बैटरी चालित स्प्रे मशीन तथा वर्मी बेड का निःशुल्क वितरण किया गया। सहायक निदेशक प्रशासन ज्ञानसिंह दोराईबुरु एवं पंचायत मुखिया लखन लागुरी ने भी अपने विचारों को रखा। मौके पर ग्राम प्रधान मुंडा लागुरी, महेंद्र लागुरी सहित भारी संख्या में स्थानीय जनजातीय किसान भी मौजूद थे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ बन्धनु उरांव ने बताया कि कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर प्रसार शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से झारखंड के शहीद नायकों के गावों में किसानोपयोगी प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन सफल हो रहा है। पूर्व कार्यक्रमों के अधीन परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का के गुमला जिला स्थित जारी गांव, स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के गुमला जिला स्थित मुरगु गांव, ह्वबीएयू संस्थापक एवं पंख राज कार्तिक उरांव के गुमला जिला स्थित पैतृक गांव करौंदा लिटाटोली तथा शहीद ग्राम घाघरा बेड़ा, बुंडू, रांची के प्रगतिशील किसान संगठन से जुड़े जनजातीय किसानों के लिए किसान गोष्ठी - सह - लघु कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**सावन में शिवभक्तों के स्वागत को...**

के लिए कई नयी व्यवस्थाएं की हैं, इसमें पहली बार डिजिटल मिस्ट कूलिंग सिस्टम, शीघ्र-दर्शनम कतार व व्यवस्था में बदलाव शामिल हैं। पहली बार टू-वे ऑडियो कैमरा सिस्टम लगाया गया है। कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी, जब कोई कॉमन सूचना देना चाहेंगे, तो वह कंट्रोल रूम से संभव होगा। पूरे मेला क्षेत्र में कड़ी- सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। 726 पुलिस पदाधिकारी सहित मेला में 8700 पुलिस कर्मी तैनात किये गये हैं। कांवड़ियों को चिकित्सकीय सुविधा के लिए भी व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि देवघर के बैद्यनाथधाम में वर्षभर शिवभक्तों की भीड़ लगी रहती है। सावन महीने में पूरा क्षेत्र केसरिया पहने शिवभक्तों से पट जाता है। भगवान भोलेनाथ के भक्त 105 किलोमीटर दूर बिहार के भागलपुर के सुल्तानगंज में बह रही उत्तर वाहिनी गंगा से जल भरकर कांवड़ लिए पैदल यात्रा करते हुए यहां आते हैं और बाबा का जलाभिषेक करते हैं। इस लंबी दूरी में कांवड़ियों के लिए कई पड़ाव हैं। इन पड़ाव स्थलों पर कांवड़ियों के विश्राम के लिए विभिन्न सुविधाओं से युक्त सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं की ओर से धर्मशालाएं व पंडाल लगाए गए हैं। कई श्रद्धालु वाहनों द्वारा भी सीधे बाबा नगरिया आकर जलाभिषेक करते हैं।

**हाथियों ने डेढ़ एकड़ में..**

दिया। ग्रामीणों को खबर मिलते ही पूरे गांव के लोग एक जुट हो कर हाथियों को फसल खेत से बाहर निकालते हुए जंगल की ओर भगा दिया। ब्रह्म कुमार मेहता ने कहा कि हाथियों ने लगभग 20 हजार रुपये का फसल बर्बाद कर दिया यह फसल 20 , 25 दिनों में पूरी तरह तैयार हो जाता। पूछे जाने पर की क्या वन विभाग को इसकी सूचना दी है तो ,उन्होंने बताया कि अभी तक हम लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को नहीं दी है।

**निर्बाध व क्वालिटी बिजली...**

जिला में बिजली में जो कमी आ रही थी, अब वहां निर्बाध बिजली सप्लाई की जा सकेगी। अब 80 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलने से बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुण्डी, सोनारायथाड़ी आदि क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। इन क्षेत्रों के लाखों लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे एवं बिजली के वर्तमान लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज काफी शुभ दिन है। देवघर एवं दुमका जिले में बाबा बासुकीनाथ एवं श्रावणी मेला के शुभारंभ के साथ-साथ इस महत्वपूर्ण समय में यहां पावर ग्रिड सब-स्टेशन का भी शुभारंभ हो रहा है। यह ग्रिड सब-स्टेशन आज से यहां की जनता की सेवा के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में निर्बाध बिजली के आपूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर क्षेत्रवार बिजली ग्रिड सब-स्टेशन बनाने का कार्य राज्य सरकार कर रही है।

**उपभोक्ता परिवारों को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही सरकार :** मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार बेहतर बिजली आपूर्ति के साथ-साथ वैसे उपभोक्ता परिवार जिनकी मासिक खपत एक सौ यूनिट से कम है उन्हें मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने बकाए बिजली बिल पर भी राहत देने का कार्य किया है। बिजली बिल बकायेदार परिवारों को किस्तों में धीरे-धीरे बिजली बिल के पैसे चुकाने का भी प्रावधान राज्य सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह स्थल पर उपस्थित लोगों से अपील की कि बेहतर एवं गुणात्मक बिजली सेवा बहाल करने में जनभागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप ग्रामीण भी वैसे असामाजिक तत्वों पर ध्यान रखें जो बिजली व्यवस्थाओं पर चोट पहुंचाने का काम करते हैं।

**बिजली के क्षेत्र में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य :** इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि दुमका एवं देवघर जिला के लिए आज विशेष दिन है। जरमुंडी के तालझारी में 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन जरमुंडी एवं 132 केवी द्विपथ लिलो संचरण लाइन का उद्घाटन होना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक काम किया जा रहा है।

**पलामू के छत्तरपुर-पिपरा रोड से...**

उस इलाके में 10 लाख के इनामी टॉप माओवादी कमांडर संजय यादव उर्फ संजय गोदराम का घर है। आशंका जताई जा रही है उसी ने इस लैंडमाइन को लगाया है। इलाके में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिला बल, आईआरबी और जैप के जवानों को लगाया गया है।

**तीन दिनों से थी गायब...**

निकलवाया। शव को देखकर लगता है की उसकी हत्या किसी दूसरे जगह कर शव को तालाब में फेका गया है। मृतिका के भाई गुड्डू ने बताया कि दो-तीन दिनों से कंचन घर से गायब थी,जिसकी लिखित सूचना शहर थाने में भी दी गई थी। बहरहाल कंचन की हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है और मामले जांच में जुट गई है।

**बेबी देवी ने ली मंत्री...**

वो राजभवन पहुंचे थे, लेकिन नाराज होकर राजभवन गेट से ही वापस लौट गए। राजभवन की कार्यशैली से नाराज होकर वो लौटे। लौटने के दौरान उन्होंने जमकर भड़ास निकाली। बता दें कि बेबी देवी हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाली दूसरी महिला हैं। उनके अलावा जोबा मांझी हेमंत कैबिनेट में पहले से शामिल हैं। बेबी देवी को मंत्री बनाए जाने से उनके समर्थक के साथ-साथ उनके क्षेत्र की जनता काफी खुश है। सभी ने उन्हें बधाई दी है। वहीं मंत्री बेबी देवी ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता अपने पति के अधूरे कार्यों को पूरा करने में होगी। ओबीसी कोटे से झामुमो के सबसे कद्दावर नेता रहे जगरनाथ महतो के असमय निधन के 88वें दिन उनकी पत्नी बेबी देवी ने हेमंत कैबिनेट में उनकी जगह ले ली। राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलायी। लेकिन यह शपथ ग्रहण समारोह कई वजहों से सुर्खियों के साथ-साथ सवालों के घेरे में आ गया है। राजभवन के बाहर जमा बेबी देवी और झामुमो के समर्थक इस उम्मीद में आए थे कि उन्हें भी शपथ ग्रहण का गवाह बनने का मौका मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कार्यकर्ता तो दूर हेमंत कैबिनेट के मंत्री मिथिलेश ठाकुर तक नाराज होकर राजभवन के गेट से ही लौट गये। कार में गुलदस्ता लेकर पहुंचे थे।

**दूसरे गेट से राजभवन पहुंचे सीएम :** अहम बात यह भी है कि खुद मुख्यमंत्री भी मेन गेट के बजाए दूसरे गेट से राजभवन में प्रवेश किए। इस दौरान राजभवन के बाहर ऊहापोह वाली स्थिति बनी रही। किसी को समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हुआ। आम लोग चर्चा करते दिखे कि पूर्व में हाजी हुसैन अंसारी के निधन पर उनके पुत्र हफीजुल हसन को भी विधानसभा उपचुनाव से पहले ही मंत्री बनाया गया था। तब पूरा कार्यक्रम बिरसा मंडप में हुआ था। वहां तमाम मंत्री, नेता और झामुमो समर्थक पहुंचे थे। लेकिन बेबी देवी का शपथ ग्रहण समारोह दरबार हॉल में आयोजित हुआ। वहां जगह की कमी है। इसलिए सेलेक्टिव लोगों को ही आने की अनुमति थी।

**1979 में जगरनाथ महतो के साथ विवाह बंधन में बंधी :** बेबी देवी का नैहर धनबाद जिला के तोपचाची प्रखंड के गोमो के पास जीतपुर गांव में है। 1979 में कम उम्र में ही उनकी शादी जगरनाथ महतो के साथ हो गई। उस समय जगरनाथ महतो मिडिल स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे। शादी के 44 साल हो गए। बेबी देवी के पिता भवानी महतो और मां झुपरी देवी सहित दो भाई बोधराम महतो और मोहन महतो का भी निधन हो चुका है। बेबी देवी और स्व। जगरनाथ महतो के चार पुत्रियां व एक पुत्र है। सबसे बड़ी बेटी सुनीता कुमारी की शादी गिरिडीह के मदेडीह, दूसरी बेटी रीना कुमारी नावाडीह, तीसरी बेटी गीता कुमारी हजारीबाग व छोटी बेटी पूनम कुमारी की शादी रांची के तमाड़ में हुई है। इकलौता बेटा अखिलेश महतो ऊर्फ राजू है। बेबी देवी विवाह बंधन में बंधने के बाद घर गृहस्थी के कामों में लगी रहीं। उन्हें क्या पता था कि तकदीर एक दिन घर गृहस्थी के कामों से इतर राजनीति, सत्ता और मंत्रालय के गलियारे में ले आयेगी। वैसे तो जगरनाथ महतो ने भी हाई स्कूल तक की पढ़ाई की थी। इंटर में उन्होंने मंत्री रहते अपना नामांकन कराया था। बेबी देवी के कंधे पर घर गृहस्थी के साथ पति के राजनैतिक दायित्व को भी संभालने की जिम्मेवारी आ गई। जगरनाथ 2005 में झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़े और पहली बार विधायक बने।

**शपथ ग्रमण समारोह में...**

शिबू सोरेन सहित कई नेता और मंत्रियों ने हिस्सा लिया। हालांकि इस शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के कई मंत्रियों व नेताओं को इंट्री नहीं मिलने से वे नाराज हैं। झारखंड सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और पर्यटन, खेल-कूद, कला-संस्कृति व युवा कार्य विभाग मंत्री हफीजुल हसन नाराज होकर राजभवन के गेट से लौट गये। बताया गया कि वहां उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। मंत्री मिथिलेश ठाकुर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राजभवन पहुंचे थे, लेकिन उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गयी, जिससे नाराज होकर वे लौट गये। उन्होंने कहा कि वे इस समारोह में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र के इशारे पर राजभवन काम कर रहा है, यह लोकतंत्र पर कुठाराघात है। मंत्रियों को नहीं जाने देना, उसके कार्यकताओं को नहीं जाने देना और मीडियाकर्मियों को भी नहीं जाने देना, यह पूरी तरह से तानाशाही है।

**श्रद्धालुओं की सुविधा...**

श्रावणी मेला में बाबाधाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, ऐसी व्यवस्था करनी होगी। कार्यक्रम को पर्यटन मंत्री के प्रतिनिधि संजय शर्मा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने भी संबोधित किया।

# 90 मीटर का कोई दबाव नहीं, विश्व चैम्पियनशिप से पहले फिटनेस पर फोकस : नीरज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले सप्ताह लुसाने डायमंड लीग जीतने वाले ओलंपिक भालाफेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि अगस्त में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर फोकस रहेगा लेकिन 90 मीटर की बाधा पार करने का कोई दबाव नहीं है । मांसपेशियों में खिंचाव के कारण तीन शीर्ष स्पधाओं में भाग नहीं लेने वाले चोपड़ा ने डायमंड लीग के लुसाने चरण में वापसी करते हुए पिछले सप्ताह 87.66 मीटर की दूरी के साथ लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने पांच मई को दोहा में अपने करियर के चौथे सर्वश्रेष्ठ 88.67 मीटर के थ्रो के साथ सत्र की शुरूआती डायमंड लीग जीती थी। नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कराई गई वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, शारीरिक और मानसिक रूप से दोहा की तुलना में लुसाने में काफी कठिन था क्योंकि बीच में चोटिल होने के कारण पूरा फोकस उस पर रह गया था । सत्र के बीच में चोट लग जाने पर रिकवरी पर फोकस चला जाता है। उन्होंने कहा, बीच में मैने तीन कांटिनेंटल गोल्ड स्तर के टूनार्मेंट छोड़े जहां मौसम अच्छा था और




मैं 90 मीटर की बाधा पार कर सकता था लेकिन इसका कोई दबाव नहीं है। अभी एशियाई खेल और विश्व चैम्पियनशिप होनी है तो जिस दिन परिस्थितियां बनेंगी, 90 मीटर का थ्रो लग जायेगा। लुसाने के मौसम को देखते हुए प्रदर्शन अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि अब उनका फोकस 19 से 27 अगस्त तक हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में सौ प्रतिशत फिट रहकर उतरने पर होगा। चोपड़ा ने कहा, अभी तक मैने विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण नहीं जीता है और इस बार इस कमी को पूरी करने के लिये काफी मेहनत करनी है। फोकस शारीरिक फिटनेस और मानसिक दृढता पर रहेगा। उससे पहले टूनार्मेंटों का चयन भी काफी सोच समझकर करना है ताकि चोटमुक्त रहूं और फिटनेस भी बरकरार रहे। चोपड़ा ने 2022 में अमेरिका के यूजीन में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। अपने प्रदर्शन में निरंतरता का श्रेय आत्मविश्वास को देते हुए उन्होंने कहा, मुझे इतना तो यकीन रहता ही है कि छठे थ्रो तक मैं हार नहीं मानूंगा और कई बार आखिरी थ्रो में बाजी पलट जाती है। यह आत्मविश्वास फिटनेस और अभ्यास से आता है और इसी की वजह से दबाव महसूस नहीं होता।

## नीरज चोपड़ा विश्व के शीर्ष पांच एथलीटों में से एक : मुरली श्रीशंकर



**भारत** के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा हर तरह की परिस्थितियों से आसानी से सामंजस्य बिठाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया के शीर्ष पांच ट्रैक और फील्ड एथलीटों में शामिल हैं। भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद 25 वर्षीय नीरज ने विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीता। वह डायमंड लीग में मौजूदा चैंपियन हैं। इसके अलावा उन्होंने एशियाई खेल (2018) और राष्ट्रमंडल खेल (2018) में भी स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा और चक्का फेंक के एथलीट विकास गौड़ा के बाद श्रीशंकर पिछले महीने पेरिस में डायमंड लीग में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे। श्रीशंकर ने पीटीआई से कहा, वह (चोपड़ा) विश्व में हर तरह की परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठाता है और कैसी भी परिस्थिति हो उसमें अच्छा परिणाम देता है। वह न सिर्फ भाला फेंक का शीर्ष खिलाड़ी है, बल्कि इस समय दुनिया के शीर्ष पांच ट्रैक और फील्ड एथलीटों में से एक है।

## NEWS इन ब्रीफ

### एशेज सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हुए नाथन ल्योन

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन ल्योन एशेज सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय ल्योन की पिंडली में गंभीर चोट लग गई। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने 43 रन से जीतकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। ल्योन की जगह टॉड मर्फी को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। ल्योन ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक वेबसाइट से बातचीत में कहा, "मर्फी की स्टॉक बॉल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी अच्छी है। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के साथ यह एक अलग चुनौती होगी। यदि वे उसके पास आते हैं तो यह टॉड को एक अच्छी चुनौती प्रदान करता है लेकिन यहां इंग्लैंड में उन्हें खुद को साबित करने का मौका है। यह एक बड़ी एशेज श्रृंखला है, वह इस अवसर से उत्साहित हैं।" ल्योन ने कहा, "मैं दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरी सत्र में टॉड के साथ बैठा और स्पिन गेंदबाजी के बारे में बात की जैसा कि हम करते हैं। मुझे टॉड पर बहुत भरोसा है। वह एक अच्छा युवा खिलाड़ी है, वह सीखने को तैयार है।"

### कलाई की चोट के कारण विंबलडन से हटे निक किर्गियोस

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने कलाई की चोट के कारण ग्रासकोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विंबलडन से नाम वापस ले लिया है। वह पिछले साल टूर्नामेंट के उपविजेता रहे थे। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे इस साल विंबलडन से हटना पड़ रहा है। मैंने अपनी सर्जरी के बाद तैयार होने और फिर से विंबलडन कोर्ट पर कदम रखने में सक्षम होने के लिए अपनी पूरी कोशिश की। वापसी के दौरान मुझे अपनी कलाई में कुछ दर्द का अनुभव हुआ। एहतियात के तौर पर मैंने इसका स्कैन कराया और इसमें मेरी कलाई में फटा हुआ लिगामेंट दिखा। मैंने खेलने में सक्षम होने के लिए हर संभव कोशिश की और मुझे यह कहते हुए निराशा हो रही है कि मेरे पास विंबलडन से पहले इसे प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

# कनाडा ओपन 2023 में उतरेंगे सिंधु व सेन





**एजेंसी। कैलगरी**

स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कनाडा ओपन विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में लय हासिल करने और मौजूदा ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र में बहुमूल्य रैंकिंग अंक हासिल करने के इरादे से उतरेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु चोट के बाद वापसी करते हुए फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की पूर्व खिलाड़ी सिंधु की मौजूदा बीडब्ल्यूएफ महिला एकल रैंकिंग 12वीं है और उन्हें पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र (एक मई 2023 से 28 अप्रैल 2024) में उनक टूर्नामेंटों की भरपाई भी करनी है जिनमें वह चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाईं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ था और वह अब भी पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए जूझ रही हैं। वह फरवरी में दोहा में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी लेकिन इस साल कुछ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाईं। इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अप्रैल में मैड्रिड मास्टर्स सुपर 300 टूनार्मेंट में रजत पदक जीतना रहा। इसके बाद वे दो टूर्नामेंट के पहले दौर में बाहर हो गईं जबकि एक में उन्हें दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। सिंधु के लिए यहां ड्रॉ तुलनात्मक रूप से आसान है। उन्हें पहले दौर में स्थानीय दावेदार तालिया एनजी से भिड़ना है। सिंधु को क्वार्टर फाइनल में जापान की आठवीं वरीय नोजोमी ओकाहारा का सामना करना पड़ सकता है जिनके खिलाफ उन्होंने नौ जीत दर्ज की जबकि आठ में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को शीर्ष वरीय अकाने यामागुची के ड्रॉ में जगह मिली है।

जापान की यामागुची ने पिछले महीने सिंगापुर ओपन में सिंधु को हराया था लेकिन इसके बावजूद उनके खिलाफ भारतीय खिलाड़ी की जीत हार का रिकॉर्ड 14-10 है। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन भी इस साल कुछ टूर्नामेंट के पहले दौर में हार के बाद शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य चार टूनार्मेंट के पहले दौर से बाहर हो गए और इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना रहा। लक्ष्य की पिछले साल अगस्त में विश्व चैंपियनशिप के बाद नाक की सर्जरी हुई थी और इसके बाद से वह फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्जरी के बाद आठ महीने के दौरान उन्हें कई बार बीमारी और एलर्जी का सामना करना पड़ा। लक्ष्य ने बीडब्ल्यूएफ से कहा, उबरने की प्रक्रिया काफी अच्छी नहीं रही। जब भी मैं ट्रेनिंग करता था तो मैं चोटिल या बीमार हो जाता था। इसके बाद मुझे एक कदम पीछे हटना पड़ता क्योंकि पहले दो महीने में मुझे अंदाजा नहीं था कि यह इतना गंभीर होगा। मैंने अपने पैर की पोजीशन और ट्रेनिंग के भार को लेकर काफी बदलाव किए।

सिंधु के विपरीत लक्ष्य की राह आसान नहीं होगी। उन्हें पहले दौर में थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से भिड़ना होगा। थाईलैंड के इस खिलाड़ी ने पिछले साल तोक्यो में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता और तीन बार का जूनियर विश्व चैंपियन भी है। पुरुष युगल में भारतीय चुनौती की अगुआई कृष्ण प्रसाद गारगा और विष्णुवर्धन पंजाला करेंगे जो अपने अभियान की शुरूआत जूलियन माइयो और विलियम विलेगर की फ्रांस की जोड़ी के खिलाफ करेंगे। भारतीय जोड़ी पिछले महीने ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हो गई थी।

### मुकेश ने धोनी से मिली सलाह का खुलासा किया

# 'उन्होंने मुझे नई चीजें आजमाने के लिए कहा'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बंगाल और दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को 12 जुलाई से शुरू होने वाले वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपना पहला राष्ट्रीय कॉल-अप मिला। लगभग तीन सीजन तक बंगाल के लिए सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज रहे कुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपने पहले सीजन में अच्छा प्रदर्शन किया। कुमार ने 10 आईपीएल मैचों में 7 विकेट लिए और अंतिम ओवर में 12 रन का बचाव करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली को मैच जिताया। एक मीडिया हाउस से बातचीत में मुकेश ने आईपीएल 2023 में अपनी प्रगति का खुलासा किया और एमएस धोनी के साथ



एक बातचीत का खुलासा किया जो उनसे जुड़ी रही। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा धोनी भैया से मिलना चाहता था और उनसे कुछ बातें पूछना चाहता था। ऐसा आईपीएल के कारण हुआ। मैं उनसे मिला और सबसे पहली बात मैंने उनसे पूछी कि एक कप्तान और विकेटकीपर के रूप में आप अपने गेंदबाजों को वास्तव में क्या कहते हैं?' तेज गेंदबाज ने कहा कि धोनी ने उनसे नई चीजें आजमाने के लिए कहा था जो एक क्रिकेटर के रूप में विकसित होने के लिए यह जरूरी है। मुकेश ने कहा, 'उन्होंने मेरे कंधों पर हाथ रखा और कहा, 'मैं हर गेंदबाज से यही कहता हूं कि जब तक तुम कोशिश नहीं करोगे, तब तक तुम नहीं सीखोगे। उन्होंने कहा कि तुम्हें वही करना है जो तुम करना चाहते हो। अगर तुम जीत गए, तुम नहीं सीखोगे। उन्होंने कहा कि परिणाम को भूल जाओ, और बस जाकर प्रयास करो। उन्होंने मुझे यह बात बहुत अच्छी तरह से समझाई।'

खिलाड़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग में उन्हें दिए गए मौकों के लिए दिल्ली कैपिटल्स को धन्यवाद दिया और कहा कि अनुभवी ईशांत शर्मा ने उनकी काफी मदद की। मुकेश ने कहा, 'मुझे मौका देने के लिए मैं वास्तव में दिल्ली कैपिटल्स का आभारी हूं। आईपीएल एक अच्छा सीखने का अनुभव था। आईपीएल से पहले, मैंने रणदेब भैया (रानादेब बोस) से बात की। उन्होंने मुझे बताया कि दबाव को कैसे संभालना है। ईशांत (शर्मा) भैया इससे मुझे बहुत मदद मिली है। इस तरह गेंदबाजी करना, इस कोण से गेंद डालने का प्रयास करना, पिच पर इस स्थान पर हिट करने का प्रयास करना - ये सभी चीजें उन्होंने मुझे सिखाईं। उन्होंने मुझसे अपनी गेंदबाजी में यथासंभव कौशल विकसित करने के लिए कहा।'

## इंग्लैंड ने की तीसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड ने 6 जुलाई से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि रेहान अहमद और मैटी पॉट्स टीम से बाहर हो गए हैं। तीसरे एशेज टेस्ट से पहले प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप अपने कंधे का स्कैन कराएंगे और अनुभवी स्पिनर मोइन अली अभी भी अपनी उंगली की समस्या से जूझ रहे हैं। अहमद को मोईन की जगह लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उसे हेडिंग्ले टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया। इसका मतलब है कि मोईन की फिटनेस संतोषजनक हो सकती है। लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की ऑस्ट्रेलिया से 43 रनों की हार के दौरान पोप के दाहिने कंधे में चोट लग गई थी और चयनकर्ता उम्मीद कर रहे हैं कि 25 वर्षीय पोप तीसरे टेस्ट के लिए फिट हो जाएंगे। अगर पोप को बाहर कर दिया जाता है तो संभावना है कि डैन लॉरेंस को इंग्लैंड की टीम में जगह मिल सकती है।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ दुर्व्यवहार, तीन सदस्य निलंबित

**एजेंसी। लंदन**

मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने लॉर्ड्स टेस्ट के पांचवें दिन लंच ब्रेक के दौरान लॉर्ड्स के लॉन्ग रूम में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ दुर्व्यवहार के लिए अपने तीन सदस्यों को निलंबित कर दिया है। दरअसल, रविवार को दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने जॉनी बेयरस्टो को विवादास्पद तरीके से रन आउट किया था, जिससे दर्शकों में रोष था। जब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लॉन्ग रूम से होते हुए ड्रेसिंग रूम में वापस चले गए, तो कई एमसीसी सदस्यों को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मौखिक रूप से गाली देते हुए देखा गया। उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर एक सदस्य के साथ बहस में उलझ गए और सुरक्षाकर्मियों को उन्हें वहां से ले जाना पड़ा। बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया गया। इसके बाद एमसीसी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम से माफी मांगी है और एक बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने अपने तीन सदस्यों को निलंबित कर दिया है।

# मैकुलम ने एलेक्स कैरी की 'स्टंपिंग' पर ऑस्ट्रेलिया पर निशाना साधा

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने ऑस्ट्रेलिया पर आरोप लगाया है कि लॉर्ड्स टेस्ट में एलेक्स कैरी द्वारा जॉनी बेयरस्टो की विवादास्पद स्टंपिंग के दौरान ऑस्ट्रेलिया ने खेल भावना का पालन नहीं किया। रविवार को दूसरे एशेज टेस्ट के अंतिम दिन, मेजबान टीम के 317 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो विवादास्पद परिस्थितियों में रन-आउट हो गए, जिसके बाद काफी ड्रामा हुआ। बेयरस्टो 10 रन पर थे



और 52वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 193/5 था, जब वह कैमरून ग्रीन के बाउंसर पर झुके और अनजाने में अपनी क्रीज से बाहर निकल गए। यह देखकर ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गेंद पकड़ने के तुरंत बाद अंडरआर्म थ्रो से स्टंप पर मार दिया और खुशी से उछल पड़े। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। बेयरस्टो को लगा कि बॉल डेड हो गई है और ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत अपील की। ऑन-फील्ड अंपायर अहसान रजा और क्रिस गैफनी ने फैसले को टीवी अंपायर माराइस इरास्मस के पास भेजा जिसने बेयरस्टो के आउट होने की पुष्टि की। इस तरह से आउट होने पर इंग्लैंड के कोच मैकुलम ने संकेत दिया है कि ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज के बाद इंग्लैंड बियर पार्टी में नहीं शामिल होगा। उनकी टीम बेयरस्टो की स्टंपिंग से नाराज है। मैकुलम ने बीबीसी स्पोर्ट के टेस्ट मैच स्पेशल में कहा, मैं सोच नहीं सकता कि उनके साथ अब बीयर पीएंगे। मुझे लगता है कि यह खेल की भावना के बारे में है और जब आप अधिक परिपक्व हो जाते हैं तो आपको खेल का एहसास होता है और इसकी भावना की आपको रक्षा करने की आवश्यकता होती है। कानून के अनुसार, वह आउट है।

### टूर्नामेंट | हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 के लिए तैयारियां जोरों पर

# स्टेडियम को दिया जा रहा नया रूप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बहुप्रतीक्षित हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई-2023 के ठीक एक महीने पहले चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में भारतीय पुरुष टीम की तैयारियां चरम पर हैं। यह प्रतिष्ठित स्टेडियम टूर्नामेंट से पहले एक बड़े नवीकरण के दौर से गुजर रहा है। इसी स्टेडियम में 2007 में पुरुष एशिया कप की मेजबानी की थी, जिसे भारत ने जीता था। चेन्नई के एग्मोर में 8000 से अधिक की क्षमता वाला स्टेडियम 1995 में बनाया गया था। इसी बिल्कुल नया टर्फ मिल रहा है, जिसका इस महीने के अंत में अनावरण किया जाएगा। मुख्य पिच के अलावा अब इसमें एक नया हाफ-कोर्ट टर्फ है, जो भविष्य में तेज गति वाले फाइव-ए-साइड गेम की मेजबानी कर सकता है। तमिलनाडु सरकार




यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करे। खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम, ऑपरेशनल एरिया, मैच अधिकारियों के लिए कमरों के साथ-साथ फ्लडलाइट को एफआईएच मानकों को पूरा करने के लिए नया रूप दिया जा रहा है। लगभग 16 वर्षों के बाद चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, चेन्नई में हॉकी की वापसी से पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। संयोग से 2007 में मैंने एशिया कप 2007 में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था। फाइनल में दक्षिण कोरिया को 7-2 से हराना हमारे लिए एक यादगार सफर था। फाइनल के दौरान बारिश हो रही थी और फिर भी लोग हमारा हौसला बढ़ाने के लिए रुके थे।

उन्होंने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम की मेजबानी के लिए तमिलनाडु सरकार के उत्साह और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने तमिलनाडु सरकार के समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन बहुत सक्रिय हैं और उन्होंने इस टूर्नामेंट के लिए बुनियादी ढांचे को विकसित करने में गहरी दिलचस्पी ली है। हॉकी इंडिया भी विभिन्न राज्यों में अंतरराष्ट्रीय आयोजन के लिए सचेत रूप से घरेलू स्तर पर प्रयास कर रहा है। ताकि हॉकी के बुनियादी ढांचे को नया रूप मिले। हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन ने सरकार के समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा, मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम ने अतीत में कई हॉकी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की है, लेकिन यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण था कि सुविधाएं एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए उपयुक्त हों।

तमिलनाडु सरकार वास्तव में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम को एक नया रूप देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हॉकी इंडिया के अधिकारियों के पास अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करने का जबरदस्त अनुभव होने के कारण हमें स्टेडियम के उन्नयन कार्य में सही जानकारी मिली और हमें परिणाम देखकर खुशी हुई। हॉकी इंडिया के साथ तमिलनाडु सरकार भाग लेने वाली टीमों और प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए तत्पर है।

